दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com, E-mail chardikla.hr@gmail.com,Add: bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | संपादक - डा.के.के.संधू | प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 150 रविवार 1 जून, 2025 Sunday 1 June , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## गंगा में नहाने गए 4 युवक डूबे, 2 को बचा लिया, 2 हुए लापता

दानापुर 31 मई (निस): बिहार के मनेर थाना इलाके में शुक्रवार शाम एक दुखद घटना घटी जब गंगा नदी में नहाने के दौरान चार युवक डूब गए। यह घटना गौरैया स्थान के पास की है। बताया जा रहा है कि चारों युवक रोजाना की तरह दौड़-धूप करने के बाद गंगा नदी में स्नान के लिए पहुंचे थे। नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने ( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को केंद्रित कर कहा- नारी शक्ति को चुनौती देना आतंकियों के लिए बन गया काल

## *पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश को दी कई सौगातें, इंदौर मेट्रो हुई शुरु*



भोपाल 31 मई (निस): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश को इंदौर मेट्रो समेत कई विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम मोदी ने राजधानी भोपाल में आयोजित देवी अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में भागीदारी के दौरान इंदौर मेट्रो रेल सेवा का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सतना और दतिया हवाईअड्डे का भी लोकार्पण किया। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में डाक टिकट और 300 रुपए का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम से एक क्लिक के जरिए इंदौर मेट्रो और नवनिर्मित दतिया और सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने इस अवसर पर राज्य में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये सभी परियोजनाएं मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ाएंगी, विकास को गति देंगी और रोजगार के कई नए अवसर पैदा करेंगी। अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका नाम सुनते ही गहरी श्रद्धा का भाव जाग उठता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उन्होंने ( शेष पृष्ठ दो पर )

# आतंकवाद के आकाओं को चुकानी होगी बड़ी कीमत, जयशंकर की पाक को चेतावनी



वडोदरा 31 मई (निस): भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वडोदरा से पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंक के आकाओं को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा नीति जीरो टॉलरेंस पर आधारित है और राष्ट्रहित में कोई भी निर्णय दबाव में नहीं, बल्कि मजबूती से लिए जाते हैं। दरअसल विदेश मंत्री जयशंकर वडोदरा की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में छात्रों के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि हम कभी भी न्यूक्लियर के नाम पर ब्लैकमेलिंग के आगे नहीं झुकेंगे। भारत के राष्ट्रीय हितों से जुड़े जो भी निर्णय लेने ज़रूरी हैं, वे लिए गए हैं और लिए जाते रहेंगे। जयशंकर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब आतंकवाद के केंद्र अछूते नहीं रहेंगे। आतंकवाद को पालने-पोसने और उसे रणनीतिक साधन की तरह इस्तेमाल करने वालों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमले को लेकर देश में रोष व्याप्त है। इस आतंकी हमले को पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक नफरत फैलाने की साजिश करार देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयासों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, और दिया गया है। उन्होंने 26/11 मुंबई हमले का हवाला देते हुए कहा कि पहले भी भारत को आतंक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी पड़ी थी, लेकिन अब देश की सुरक्षा नीति कहीं अधिक मुखर और निर्णायक हो चुकी है। जयशंकर ने भारत की विदेश और सुरक्षा नीति की तीन प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा, निर्णय लेने में दबाव नहीं सहा जाएगा, राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होंगे और आतंकवाद पर पूर्ण प्रतिबंध और आक्रामक प्रतिरोध जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत की रणनीति अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय प्रतिरोध और रोकथाम पर आधारित है। यहां बताते चलें कि विदेश मंत्री ( शेष पृष्ठ दो पर )

## आर्थिक प्रगति के बगैर 'विकसित भारत' की बातें हवा-हवाई - प्रियंका गांधी



नई दिल्ली 31 मई (निस): कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 फीसदी की आर्थिक विकास दर रही, जो कोरोना काल के बाद सबसे सुस्त है। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि आर्थिक प्रगति के बगैर 'विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 फीसदी पर आ गई।कांग्रेस नेता ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है। उन्होंने दावा किया,( शेष पृष्ठ दो पर )

# अगर कोई हमारी तरफ आंख उठाएगा तो उसको घर में घुसकर दिया जाएगा जवाब- जेपी नड्डा



नई दिल्ली 31 मई (निस): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश गौरवान्वित व सुरक्षित महसूस करता है। जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आए जेपी नड्डा हवाई अड्डे पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश गौरवान्वित महसूस करता है। सुरक्षित महसूस करता है। नए आयाम व नयी परिभाषा के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, हम सब लोग जहां प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हैं वहीं भारतीय सेना के शौर्य को भी बधाई व शुभकामनाएं देते हैं। **अगर कोई हमारी तरफ आंख उठाएगा तो...** नड्डा ने कहा, ''याद रखना, ऑपरेशन सिंदूर रुका नहीं है। ये चलता रहेगा। जब तक पाकिस्तान की निगाहें गलत रहेंगी उसको जवाब दिया जाता रहेगा। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि अगर कोई हमारी तरफ आंख उठाएगा तो उसको सीधा जवाब घर में घुसकर दिया जाएगा। **22 मिनट में 9 आतंकवादी ठिकानें ध्वस्त** - उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए जो भारत की फौज की ताकत, उसका शौर्य, उसकी सोच( शेष पृष्ठ दो पर )

## उत्तर प्रदेश के हरदोई में दर्दनाक हादसाः कार खाई में गिरी,मासूम सहित पांच लोगों की मौत

हरदोई 31 मई (निस): उत्तर प्रदेश के हरदोई में शनिवार को शादी से लौट रही बारातियों की कार खाई में गिर गई। इस हादसे में मासूम सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। मामला हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा का है। बताया जा रहा है कि पाली थाना क्षेत्र के पटिया नीम निवासी नीरज पुत्र राम सेवक की बारात मझिला थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव गई थी। शादी के बाद बारात वापस लौट रही थी, तभी एक कार कुसुमा गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार एक मासूम बच्चे समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने छह लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सीओ शाहबाद (सर्किल ऑफिसर) ने कहा कि 30 और 31 मई की रात पाली थाना क्षेत्र के महुला पटियान से नीरज पुत्र राम सेवक की बारात मझिला थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव से लौट रही थी। ( शेष पृष्ठ दो पर )

# ट्रम्प का फिर दावा-हमने भारत-पाक मध्य परमाणु टकराव को टाल दिया, भारत ने सीजफायर के राग को फिर किया खारिज



नई दिल्ली, 31 मई (निस) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को पूर्ण संघर्षविराम, संभवत: परमाणु टकराव होने से रोका है। ट्रंप ने कहा कि हमने व्यापार पर बात की और हमने कहा कि हम उन लोगों के साथ व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं और संभावित रूप से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। उनके पास में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क बैठे थे, जो ट्रंप प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका से हट रहे हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि जिस ''सौदे'' पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है, वह भारत और पाकिस्तान के बीच ''संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार'' के जरिए से रोकने में सफल रहना है। ट्रंप ने पिछले कुछ हफ्तों में कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया। उन्होंने कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा। भारत ने गुरूवार को कहा था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच( शेष पृष्ठ दो पर )

## रेखा सरकार के सौ दिन के कामकाज में कोई वायदा पूरा नहीं हुआ-आप


नई दिल्ली, 31 मई (निस) दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इससे पहले कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड जारी करतीं प्रमुख विपक्षी दल आप ने कहा कि चुनाव में जो वादे किए गए थे उनमें से प्रमुख वादे तो पूरे ही नहीं हुए हैं। इनमें महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की सहायता और मुफ्त गैस सिलेंडर प्रमुख हैं। दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने भले ही 100 दिन पूरे कर दलिए हों, लेकिन कई वादों पर अब तक अमल नहीं हो पाया है और वे केवल बजट आवंटन या घोषणाओं तक सीमित नजर आ रहे हैं। दरअसल चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने महिलाओं को ?2500 मासिक सहायता, गरीब महिलाओं की पेंशन में वृद्धि, गर्भवती महिलाओं को ?21,000 आर्थिक मदद व 6 पोषण किट देने की घोषणा की थी। इन योजनाओं के( शेष पृष्ठ दो पर )

# दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे, सीएम बोलीं- सड़कों पर लोगों के बीच कर रहे काम



नई दिल्ली 31 मई (निस):भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने शनिवार, 31 मई को राष्ट्रीय राजधानी में अपने शासन के पहले 100 दिन पूरे कर लिए। इस अवसर पर, दिल्ली सरकार ने एक %कार्यपुस्तिका% जारी की, जिसमें रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्रित्व काल में अब तक शुरू की गई महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डाला गया है। रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी 2025 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 48 सीटें जीतकर भाजपा ने 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाई, जबकि 22 सीटों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) विपक्ष में आ गई। वहीं, इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे बहुत दुख होता है जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं जो (मुख्यमंत्री की) कुर्सी पर बैठकर भारतीय सशस्त्र बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। मैं इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद( शेष पृष्ठ दो पर )


# अहिल्याबाई के पदचिह्नों पर चलते हुए हम सभी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को करेंगे साकार : नायब सिंह सैनी





कुरुक्षेत्र,31 मई (सुदेश कुमार): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें लोकमाता अहिल्याबाई के पदचिन्हों पर चलना होगा और उनकी तरह न्याय देना होगा, विकास करना होगा और संस्कृति को सहेजना होगा। आज अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम समाज की सेवा करेंगे और बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पिपली स्थित अनाज मंडी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पाल गडरिया समाज की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर दो एकड़ भूमि पर एक म्यूजयिम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रेरित हो सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पाल गडरिया समाज की सहमति से किसी एक गांव या शहर में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने पाल गडरिया समाज धर्मशाला कुरुक्षेत्र को अपने स्वैच्छिक कोष से 31 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कैबिनेट कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, रणबीर गंगावा, श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल और( शेष पृष्ठ दो पर )

# तेजी से पैर पसार रहा कोरोना:देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 हुई




नई दिल्ली 31 मई (निस): देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र सक्रिय केस के मामले में दूसरे नंबर पर है। राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी सक्रिय केस इन्हीं दो राज्यों में हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की। गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मिले हैं।वहीं उत्तरपूर्व के राज्य मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, तब राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है।

**महाराष्ट्र में 9 हजार से ज्यादा कोविड टेस्ट** - महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 केस मिले हैं। जनवरी से अब( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

**आतंकवाद के आकाओं को चुकानी होगी बड़ी कीमत, जयशंकर ...** जयशंकर का यह बयान शांग्री-ला डायलॉग में सीडीएस जनरल अनिल चौहान के कड़े रुख के बाद आया है, जहां भारत ने पाकिस्तान और चीन को लेकर अपनी नवीन रणनीति और आत्मनिर्भर सुरक्षा दृष्टिकोण को दोहराया। अब भारत का आतंकवाद और उसके आकाओं के लिए कड़ा संदेश है, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब उत्तर देता है।

**पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को केंद्रित कर कहा- नारी शक्ति ...** देशवासियों को संबोधित करते हुए मातृशक्ति को नमन किया और देवी अहिल्याबाई के योगदान को युगों तक याद रखने वाला बताया।राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी और यही चुनौती उनके और उनके आकाओं के लिए काल बन गई। हमारी सेनाओं ने सैकड़ों किलोमीटर दूर जाकर दुश्मन के अड्डों को नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन बन गया है। यहां पर पीएम मोदी ने देवी अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत की सशक्त संरक्षक बताया। उन्होंने कहा, कि जब देश में संस्कृति और मंदिरों पर हमले हो रहे थे, तब अहिल्याबाई ने उन्हें संजोने का संकल्प लिया और सैकड़ों मंदिरों और तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कराया। पीएम मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने महेश्वरी साड़ी उद्योग की नींव रखकर हजारों बुनकर परिवारों को रोज़गार दिया और गुजरात से हुनरमंद कारीगरों को लाकर इस कला को नया जीवन दिया। उन्होंने कहा, कि बहुत कम लोगों को पता है कि देवी अहिल्या हुनर की बड़ी पारखी थीं।

**महिला सशक्तिकरण की प्रेरणास्त्रोत** – प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने उस युग में नारी सुरक्षा टोलियों का गठन किया था, जब समाज में स्त्री अधिकारों की चर्चा भी दुर्लभ थी। उन्होंने बेटियों की शादी की उम्र, शिक्षा और अधिकारों को लेकर ठोस पहल की, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा है।

**कृषि और जल प्रबंधन में अद्वितीय योगदान** – प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या ने कपास और मसालों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, कि आज हम क्रॉप डायवर्सिफिकेशन की बात करते हैं, लेकिन अहिल्याबाई ने यह सोच तीन सौ साल पहले अपनाई थी। उन्होंने नहरों और तालाबों का निर्माण कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

**शासन का लोककल्याणकारी मॉडल** – पीएम मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें गरीबों, वंचितों, आदिवासियों और श्रमिक वर्ग को प्राथमिकता दी गई। उनका गवर्नेंस मॉडल आज भी हमारे लिए आदर्श है। उन्होंने प्रभु सेवा और जन सेवा को कभी अलग नहीं माना।

**विकास परियोजनाओं का शुभारंभ** – इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में सुविधाओं को बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे।

इस पवित्र दिवस पर विकास के इन सभी कार्यों के लिए मैं प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। इससे पहले कार्यक्रम स्थल तक पीएम मोदी खुली जीप में पहुंचे और जनता का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और महिला बुनकर व 'ड्रोन दीदी' से चर्चा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने अंत में कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण काल में, जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था, लोकमाता अहिल्या ने जो कार्य किए, वह आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। आज का यह आयोजन उनकी सोच को आगे ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**
**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**

**उत्तर प्रदेश के हरदोई में दर्दनाक हादसाः कार खाई में गिरी,...** तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया है और बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हम एक शादी में गए थे, तभी कुसुमा से आते समय हादसा हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

**गंगा में नहाने गए 4 युवक डूबे, 2 को बचा लिया...** से चारों डूबने लगे। स्थानीय लोगों की सतर्कता और तत्परता से दो युवकों दीपू और प्रिंस को सुरक्षित निकाल लिया गया। लेकिन दो अन्य युवक विकास और रौशन नदी की तेज धार में बह गए और अब तक लापता हैं। विकास नीलकंठ टोला का निवासी है जबकि रौशन नागा टोला का रहने वाला है। दोनों युवक बिहार पुलिस की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटनास्थल की जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि हादसा शुक्रवार की शाम हुआ था, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो सका।शनिवार सुबह से एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी में लापता युवकों की तलाश शुरू कर दी है। रेस्क्यू टीम लगातार खोजबीन कर रही है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

**तेजी से पैर पसार रहा कोरोनाःदेशभर में कोरोना के ...** तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को कोविड-19 के दो मामले सामने आए थे। दोनों मरीज केरल के रहने वाले हैं और श्रीनगर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।

**अगर कोई हमारी तरफ आंख उठाएगा तो उसको ...** और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की क्षमता को बताता है। नड्डा ने कहा, ''उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इस बार कुछ बड़ा होगा और बड़ा ऐसा हुआ कि 22 मिनट में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

**दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे, सीएम बोलीं- सड़कों ...** देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। इसके बाद रेखा गुप्ता ने दावा किया कि जब रामलीला मैदान से आंदोलन शुरू हुआ तो हजारों-लाखों लोग इसमें शामिल हुए, मैं भी शामिल हुई, दूसरे लोग भी शामिल हुए। सभी ने इसका समर्थन किया, यह सोचकर कि दिल्ली और देश में कुछ बेहतर होगा। वो लोग जो कहते थे कि उन्हें सत्ता का लालच नहीं है, वो इतने लालची हो गए कि उन्हें सत्ता के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता। उन्होंने का कहा कि मेरा मंत्रिमंडल, हमारे विधायक, सभी जनप्रतिनिधि लगातार सड़कों पर लोगों के बीच काम करते हैं।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली का दुर्भाग्य रहा कि यमुना की सफाई पर कभी किसी ने गंभीरता से काम नहीं किया, न ही कूड़े के पहाड़ों और पर्यावरण को साफ करने के लिए किसी ने काम किया। उन्होंने कहा कि यमुना नदी को साफ करने के लिए किसी के पास न तो कोई नीयत थी और न ही नीति। केंद्र सरकार ने इस पर काम करने के लिए दिल्ली को करोड़ों रुपये का बजट दिया, लेकिन उनके पास कोई विजन नहीं था। हमारी सरकार यमुना नदी को साफ करने के लिए काम कर रही है।

**ट्रम्प का फिर दावा-हमने भारत-पाक मध्य परमाणु ...** बातचीत में व्यापार के मामले पर कोई चर्चा ही नहीं हुई है। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया है कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव के कारण संघर्ष रोकने पर सहमति बनी है। ट्रंप ने शुक्रवार को फिर वही दावा दोहराया। ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के जरिए से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के जरिए से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह बहुत बुरा होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया कि भारत और पाकिस्तान के बीच उन्होंने सीजफायर करवाया।ट्रंप ने कहा कि वह ''भारत और पाकिस्तान के नेताओं और अपने लोगों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के नेता ''महान'' हैं और ''उन्होंने समझदारी दिखाते हुए सहमति जताई जिसके बाद यह सब बंद हो गया। ट्रंप ने कहा कि हम दूसरों को भी लड़ने से रोक रहे हैं क्योंकि आखिरकार हम किसी से भी बेहतर लड़ सकते हैं। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है। हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन नेता हैं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि सैन्य हमले रोकने पर सहमति उसकी और पाकिस्तान डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

**रेखा सरकार के सौ दिन के कामकाज में कोई ...** लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है, लेकिन लाभार्थियों को अब तक कोई राशि नहीं मिली है। बताया गया है कि योजनाओं से जुड़ी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं अभी प्रगति में हैं।इसी तरह भाजपा ने वादा किया था कि होली और दिवाली पर महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। होली का त्योहार बीत चुका है, लेकिन न तो मुफ्त सिलेंडर दिए गए और न ही 500 में सस्ते सिलेंडर की योजना लागू हो पाई है।वैसे इस पर सरकार तो यही कह रही है कि सभी योजनाओं पर कार्य जारी है और जल्द ही इन्हें लागू किया जाएगा। इस पर विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार ने केवल घोषणाएं की हैं, जमीनी स्तर पर कोई काम शुरु ही नहीं किया गया है।

**आर्थिक प्रगति के बगैर 'विकसित भारत' ...** ''भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है और नयी नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है और आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

# मसखरे रंगमंच ने की अहिल्याबाई होल्कर की नाट्य प्रस्तुति

**अम्बाला 31 मई ( कवलजीत सिंह ):** पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर जी के त्रिशती जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कार भारती अंबाला एवं मसखरे रंगमंच के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल के सभागार में एक नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत की गई । जो अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर आधारित रही । नाट्य प्रस्तुति का लेखन एवं निर्देशन हरियाणा के जाने-माने रंगकर्मी नागेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। अहिल्याबाई होलकर के जीवन के कुछ मुख्य पहलुओं को इसमें दर्शाया गया कि कैसे उन्होंने निर्भीकता व दृढ़ता के साथ शासन चलाया।इस अवसर पर संस्कार भारती के त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय जी विशेष रूप से उपस्थित रहे । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी शक्ति को अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कि किस प्रकार उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपना हौसला नहीं गिराया और गृहस्थी के साथ-



साथ आदर्श शासन चलाया और उन्होंने विशेष रूप से बताया कि यदि इतिहास में देखा जाए तो भारतवर्ष में महिला सशक्तिकरण तो शुरू से ही है। महिलाएं शुरू से ही सशक्त रही है अहिल्या, चेन्नम्मा रूद्रमांबा , लक्ष्मीबाई, निवेदिता, माँ शारदा इत्यादि यह सब सशक्त महिलाओं के ही उदाहरण है। तो महिलाओं को अपने जीवन में इन विभूतियों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर विकास कोहली ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई होल्कर जी के शासनकाल में जो आर्थिक विकास हुआ उसे बारे में कहते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार बुनकरों की समस्या का समाधान किया गया और महेश्वरी नगर में सभी बुनकरों को इकट्ठा कर वहां काम करने की सलाह दी और आज वहां जो वस्त्र बनते हैं वह पूरे भारतवर्ष तो क्या पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं । महेश्वरी साड़ी के नाम से प्रसिद्ध है और उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर जी के सुशासन की भी चर्चा की। कि किस प्रकार उन्होंने सार्वजनिक स्थलों धर्मशालाओं,घाटों इत्यादि का निर्माण करवाया। इंदौर शहर को जो बसाया और वहां की सफाई व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की और हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल प्रशासिका थी । उन्होंने अपने जीवन काल में मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया । जिन्हें मुगलों के द्वारा नष्ट कर दिया गया था ऐसे लगभग 119 मंदिरों का पुनरुद्धार करवाया। उन्होंने ग्रामीण की समस्याओं का हल किया और अहिल्याबाई के न्याय व्यवस्था के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि किस प्रकार अपने पुत्र मालेराव को दोषी पाए जाने पर उन्होंने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई।हम सभी के लिए अहिल्याबाई एक आदर्श हैं। सभी ने नाट्य प्रस्तुति को सराहा। अहिल्याबाई होल्कर नाटक की प्रस्तुति में विशाल, शिवम, गर्व, सन्नी, देव, लव, शिवानी, सुकृति, आरती, भूमि व नागेंद्र शर्मा ने किरदार निभाए। कार्यक्रम में शहर के जाने माने कलाकार जसदीप बेदी , प्रमोद पब्बी, अरविंद सूरी , नरेश शर्मा,परविंदर गुप्ता, बलजीत सिंह,अनिल महंत बिट्टू , राहुल शर्मा, अंकुर राजपूत,अंजय कौशल, अंकुर मिश्रा,दीपक कपिल, डॉ. पुष्कृत, प्रिंस धीमान और डॉक्टर अंजली भारती, चंद्र मोहन अत्री, सुनील, तरुण इत्यादि उपस्थित रहे।

## सिसाय व थुराना गांव से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हांसी,31 मई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना सदर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले आरोपी अतुल पुत्र अनिल निवासी सिसाय बोलान व साहिल पुत्र प्रदीप उर्फ पोपल निवासी थूराना को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों ने गत दिनो पहले दशहत फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड कर दिया था। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में अभियोग अंकित किया गया था। थाना सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया

**अहिल्याबाई के पदचिह्नों पर चलते हुए हम सभी प्रधानमंत्री के विकसित ...** राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की ओर से भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की है। **संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है सरकार** – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत-महात्मा, गुरु और महापुरुष न केवल हमारी अमूल्य धरोहर हैं, बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस समारोह का आयोजन भी इस योजना के तहत किया गया है।

**अहिल्याबाई होलकर केवल एक शासक नहीं, बल्कि नारी शक्ति की जीती-जागती मिसाल थी** – उन्होंने कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई जी का जन्म 31 मई, 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ। उस युग में जब महिलाओं को शासन, शिक्षा और स्वतंत्रता से वंचित किया जाता था, तब अहिल्याबाई जी ने समाज की जंजीरों को तोड़ा और नारी शक्ति का एक दिव्य उदाहरण बनकर उभरी। अहिल्याबाई ने यह साबित कर दिखाया है कि जब एक नारी अपने कर्तव्य पथ पर अडिग हो जाती है तो वह युगों को बदल देती है। अहिल्याबाई होलकर जी केवल एक शासक नहीं थी, वे नारी शक्ति की जीती-जागती मिसाल थी। अहिल्याबाई ने किसानों को कर में राहत दी, व्यापार को बढ़ावा दिया और वर्ग के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए तेजी से अग्रसर हैं।

**अहिल्याबाई ने देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों का करवाया़ पुनर्निर्माण** – उन्होंने कहा कि आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान को गर्व से विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहा है, तो यह याद करना आवश्यक है कि उस पहचान को जीवित रखने का अद्वितीय कार्य लोकमाता अहिल्याबाई ने किया था। अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ मंदिर हो या सोमनाथ, मथुरा हो या अयोध्या, बद्रीनाथ हो या रामेश्वरम भारत के लगभग हर प्रमुख तीर्थ का पुनर्निर्माण करवाया। उन्होंने न केवल मंदिर बनवाए, बल्कि धर्म, संस्कृति और आस्था को फिर से जीवित किया। उनके इस महान योगदान को नमन करते हुए, वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से काशी विश्वनाथ में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को किया ध्वस्त, हमारी बेटियों की रही अहम भूमिका**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन बताता है कि नारी में केवल कोमलता ही नहीं, संकल्प और नेतृत्व का तेज भी होता है। वे प्रेम और पराक्रम, दोनों की प्रतिमा थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश प्रगति के पथ तेजी से बढ़ रहा है। हमारी बेटियां भी इसमें विशेष योगदान दे रही हैं। पहलगाम हमले की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा हमारी बहन-बेटियों के सामने उनके परिजनों पर योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया था। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठान लिया था कि आतंकवादियों की बची-खुची जमीन को मिटाने का समय आ गया है। इसी सोच के तहत भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया जिसमे हमारी बेटी व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी की अहम भूमिका रही।

**प्रदेश सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से सभी वर्गों और क्षेत्रों का कर रही है समान विकास**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अहिल्याबाई के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से सभी वर्गों और क्षेत्रों का समान रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है। कोई भी गरीब भूखा न रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 49 लाख बी.पी.एल. परिवारों को हर महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को लगभग 15 लाख रसोई गैस कनेक्शन मुफ्त दिए हैं। प्रदेश में 17 लाख से अधिक बी.पी.एल. और ए.ए.वाई. परिवारों को 500 रुपये की दर से गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इसी तरह से हर गरीब के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 65 हजार 356 मकान बनवाये गए तथा 41 हजार 529 मकान निर्माणाधीन हैं। मकान की मरम्मत के लिए भी डा. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 80 हजार रुपये की राशि दी जाती है।

**आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के तहत गरीब परिवारों को दी जा रही है सालाना 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज सुविधा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब परिवारों को इलाज के खर्च की चिंता न हो, इसके लिए आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के तहत गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज सुविधा दी जा रही है। अब तक प्रदेश में 20 लाख 66 हजार मरीजों का 2761 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज किया गया है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। इसी तरह से दयालु योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु होने या दिव्यांग होने पर 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अब तक लगभग 29 हजार परिवारों को करीब 1100 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है।

**पिछड़े वर्गों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का किया गया है गठन** – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा पिछड़े वर्गों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। अब पिछड़ा वर्ग के बच्चों को केंद्रीय स्कूलों, सैनिक स्कूलों, नवोदय विद्यालयों और एमबीबीएस की सीटों के अंदर और नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा को भी 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक कर दिया है।

**पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के कल्याण के लिए चलाई गई हैं कई योजनाएं** – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की 12वीं कक्षा तक की फीस माफ की गई है। इसके साथ ही, उन्हें मुफ्त पुस्तकें, वर्दी और लेखन सामग्री भी प्रदान की जाती है। ऐसे परिवारों की बेटियों की कॉलेज और विश्वविद्यालय की फीस भी माफ की गई है। डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 8 हजार रुपये तक वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। इसी तरह से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को 750 रुपए तक मासिक छात्रवृत्ति और सभी नॉन-रिफंडेबल फीस की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड तथा माटी कला बोर्ड का गठन भी किया है।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशे को जड़ से खत्म करने का ले संकल्प** – मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। तंबाकू धीमा जहर है जो कि शरीर को अंदर से खोखला करता है और धीरे-धीरे जीवन को निगल लेता है। इस दिन हम सभी मिलकर संकल्प लें कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए तंबाकू नहीं बल्कि स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार का चयन करेंगे और नशे को जड़ से खत्म करने में अपना योगदान देंगे।

**देश के पहले 3 मुख्यमंत्रियों में शुमार है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम- बडौली**

प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रत्येक समाज को सम्मान देते हुए महापुरुषों की जयंती को प्रदेश स्तर पर मनाने का काम किया है। इन समारोह में मुख्यमंत्री स्वयं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर समाज को दिए जाने वाले सम्मान को चार चांद लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा की जनता ने विधायक के रूप में नायब सिंह सैनी को चुना। अब देशभर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सुना जा रहा है। उनकी मुस्कुराहट और लाड-प्यार के चलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के टॉप-3 मुख्यमंत्रियों में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर विकास कार्य शुरू करवा रही है। ये गरीब, कमेरे वर्ग की सरकार है। जो व्यक्ति प्रदेश में सुख-शांति चाहता है वो आगे भी अपनी सरकार को बनाए रखें।

**मातेश्वरी आहिल्याबाई होल्कर ने देश में धार्मिक स्थलों का किया विकास : श्याम सिंह राणा**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीक, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत रही है। उन्होंने साहस, भक्ति और समर्पण दिखाते हुए काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थ स्थलों का पुनरोद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। उन्होंने कहा कि आदर्श शासिका बनकर अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में देश भर में धार्मिक स्थलों का विकास किया। इनता ही नहीं नदियों के घाटों, कुओं और बावडि़यों का निर्माण भी करवाया ताकि नागरिकों को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे।

**देश के उत्थान के लिए मातेश्वरी आहिल्याबाई के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा-कृष्ण लाल पंवार**

विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज के समय में हम सभी को अहिल्या बाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और देश के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। हमें महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत के प्राचीन गौरव और सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति को नमन करना केवल एक ऐतिहासिक दायित्व नहीं है, बल्कि सनातन धर्म, भारतीयता और राष्ट्र के पुनर्निर्माण की उस चेतना को पुनः जागृत करने का अवसर है, जिससे भारत विश्व गुरु बने।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शासनकाल में पिछड़ा वर्ग शामिल हुआ अधिकारी देने वालों में -रणबीर गंगवा**

लोक निर्माण निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कभी खुद आरक्षण तो कभी अधिकारी पाने के लिए आंदोलन करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत बड़ा कार्य किया है। अब इस वर्ग को अधिकारों को देने वालों में शामिल कर दिया है। जो पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत ही गर्व की बात है। प्रदेश में हर वर्ग और हर समाज के लोगों के उत्थान के लिए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी देवी अहिल्या बाई होल्कर ने भी अपने जीवन का विपरित परिस्थितियों के साथ जीया है। उन्होंने खुद को आगे लेकर परिवार, साम्राज्य और समाज के उत्थान के लिए कार्य किये।

# डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला को मिली बड़ी सफलता, चोरी का आतंक मचाने वाला गैंग पकड़ा

## 5 नाबालिग समेत 7 चोर काबू, भारी मात्रा में सोना चांदी के आभूषण व बर्तन, करीब 2 लाख कैश, 2 मोबाइल व वारदात में प्रयोग बाइक बरामद



**पंचकूला, 31 मई ( सतीश मंगला ) :** पंचकूला डीसीपी क्राइम अमित दहिया के नेतृत्व में डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर गिरोह के सात सदस्यों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है, जिनमें से पांच नाबालिग हैं। पुलिस ने आरोपियों से लाखों रुपये की ज्वैलरी, कैश और अन्य कीमती सामान बरामद किया है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, सेक्टर-12 निवासी अजीत पुत्र मोलू राम, जो कि सेक्टर-5 मनसा देवी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। अपने परिवार सहित गांव गए हुए थे। इसी दौरान 1 अप्रैल को उनके पड़ोसी से उन्हें सूचना मिली कि उनके घर में चोरी हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर से कैश, ज्वैलरी, मोबाइल फोन समेत लाखों रुपये का सामान चोरी हो चुका था। इस मामले में थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज कर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी थी। इसके अतिरिक्त 30 अप्रैल को भी सेक्टर-12 पंचकूला में एक अन्य चोरी की वारदात सामने आई, जहां नोएडा गए एक व्यक्ति के घर से भी अज्ञात युवकों ने लाखों का सामान चोरी कर लिया था। इसी तरह सेक्टर-21 पंचकूला में भी अप्रैल व मई माह में दो और चोरी की घटनाएं हुई थीं। अब तक की जांच में पुलिस ने चार चोरी के मामलों का खुलासा किया है, जिनमें से दो वारदातें सेक्टर 12 में और दो सेक्टर-21 में हुई थीं। मुख्य आरोपी राकेश के खिलाफ पहले भी पंचकूला में वर्ष 2022 में चोरी का एक मामला दर्ज है। इसके अलावा उसके खिलाफ जीरकपुर में हत्या का मामला भी दर्ज है और उत्तर प्रदेश में भी चोरी के दो मामले दर्ज पाए गए हैं। इन मामलों की जांच करते हुए एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के मार्गदर्शन और डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज एसआई युद्धवीर सिंह की टीम ने 24 मई को मुख्य आरोपी राकेश उर्फ लम्बू पुत्र दयाराम निवासी जिला संभल, उत्तर प्रदेश (हाल निवासी सैनी विहार फेस-1 बलटाना, पंजाब, उम्र 19 वर्ष) और सुनील उर्फ बटेर पुत्र प्रेम पाल निवासी जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश (हाल निवासी त्रिवेणी कैंप, मुबारकपुर डेराबस्सी, पंजाब, उम्र 20 वर्ष) को पंचकूला सेक्टर 20 स्थित शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों को 25 मई को अदालत में पेश कर 7 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया था। इसके बाद पुलिस ने 29 मई को दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया। जिन्हें उसी दिन जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर ऑब्जर्वेशन होम अंबाला भेज दिया गया। वहीं 31 मई को भी तीन अन्य नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। इन तीनों को ऑब्जर्वेशन होम अंबाला भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी राकेश और सुनील को भी आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें लक्ष्मी जी व गणेश जी की चांदी की मूर्तियां, सोना-चांदी के आभूषण व बर्तन, 2 मोबाइल फोन (वन प्लस व एप्पल 15 प्रो), एक एलईडी , कुछ घरेलु सामान व करीब दो लाख रुपये की नकदी शामिल है। साथ ही पुलिस ने चोरी की वारदात मे प्रयोग की गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि ये आरोपी पहले दिन में रैकी करते थे और फिर मौका देखकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता था और एक संगठित रूप में विभिन्न इलाकों में चोरी करता था। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है और संभावना है कि इनसे अन्य चोरी के मामलों की भी कड़ियां जुड़ सकती हैं और आगे और बरामदगी हो सकती है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने कहा कि पंचकूला में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। हमारा लक्ष्य सिर्फ अपराध का खुलासा करना नहीं, बल्कि ऐसे आपराधिक नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने इस गिरोह की गिरफ्तारी पुलिस की मुस्तैदी का उत्कृष्ट उदाहरण है। डीसीपी दहिया के अनुसार पंचकूला को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाए रखने के लिए हमारी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इसके अलावा जल्द से कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बरामद सामान परिवार को दे दिया जाएगा।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्रों ने लिया नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प

**रायपुररानी, 31 मई ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू



और नशे के घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल, लिटरेसी सेल और जिला वैधानिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य और आध्यात्मिक सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को श्रद्धा और उमंग से भर दिया। जबकि प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा एवं उपप्राचार्या इंद्रजोत की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान मुख्य वक्ता एडवोकेट आकांक्षा यादव ने गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन व्याख्यान दिया। उन्होंने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर और जानलेवा प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार द्वारा लागू कड़े नियमों एवं कानूनों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने नशा न करने की सामूहिक शपथ ली। इस प्रेरक अवसर पर सभी ने दृढ़ संकल्प व्यक्त किया कि वे न केवल स्वयं नशामुक्त रहेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर डॉ. मनदीप चहल, सुनील दत्त शर्मा, डॉ. रोहित भुल्लर, राकेश गहलोत, डॉ. रितु और पूजा सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ढाबों में प्लास्टिक, गंदा पानी और लापरवाही–सब पर चलेगा प्रशासन का कानूनी डंडा : अनिल कुमार



**रायपुररानी, 31 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत नामक थीम के तहत रायपुररानी क्षेत्र में एक विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अभियान की अगुवाई स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खंड समन्वयक अनिल कुमार ने की। उन्होंने अपनी टीम के साथ नेशनल और स्टेट हाईवे पर स्थित करीब 25 ढाबों, रेस्टोरेंट्स, मैरिज पैलेसों और होटल प्लाज़ाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे प्लास्टिक, थर्मोकोल और सिंगल यूज़ डिस्पोज़ेबल सामग्री जैसे चम्मच, प्लेटें और गिलास का प्रयोग तत्काल बंद करें। जानकारी देते हुए अनिल कुमार ने बताया कि यदि कोई प्रतिष्ठान राष्ट्रीय हरित अधिकरण के 2016 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उस पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण टीम द्वारा केवल प्लास्टिक उपयोग ही नहीं, बल्कि गंदे पानी के खुले बहाव को लेकर भी सख्ती बरती गई। इस दौरान सभी प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए गए कि वे अपने परिसर में सोकपिट का निर्माण करें, ताकि गंदा पानी खुले में न बहे। यदि ऐसा पाया गया, तो न्यायालय के आदेशों के तहत संबंधित प्रतिष्ठान पर भी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान सोसाइटी फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट की प्रतिनिधि अर्शिया शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भविष्य में पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाएं, ताकि हमारा पर्यावरण साफ-सुथरा और जनस्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन

**राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक पुस्तक प्रकाशित**



**पंचकूला, 31 मई ( सतीश मंगला ) :** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशति जन्मजयंती आयोजन समिति, संस्कार भारती और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में आत्म ऑडिटोरियम जैनेंद्र गुरुकुल स्कूल, सेक्टर 1 पंचकूला में दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शुक्रवार को जयपुर से आमंत्रित नाट्य दल वीणापणी कला मन्दिर, जयपुर, जयपुर द्वारा राजस्थान की वीर नारियों को समर्पित नाटक राजपुतान का मंचन किया गया। इसमें मीराबाई, हाड़ी रानी, पन्ना धाय आदि की गाथा को जीवंत किया गया। इसमें अतिथियों के रूप में विजय कुमार, संगठन मंत्री, संस्कार भारती, रेणू भाटिया, अध्यक्ष महिला आयोग, हरियाणा, ममता यादव, सदस्य, हरियाणा लोक सेवा आयोग आदि उपस्थित थे। इस सुअवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित एक पुस्तक आपदा प्रबंधन का विमोचन किया गया। इसमें समस्त समाज के लिए किये जाने वाले कार्यों जैसे भोजन-दवाई की व्यवस्था, धर्मशालाएं बनवाना, वंचित वर्ग को शिक्षित व देशभक्त बनाना निर्बल को सबल बनाना आदि हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार चौहान जी ने शौर्य और बलिदानों से भरपूर राजपूती इतिहास की विवेचन की। मुख्य वक्ता विजय कुमार ने अपने सम्बोधन में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन की कुछ महत्वपूर्ण बातें बताईं। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई के जीवन में इतने कष्ट आए फिर भी वे समाज हित में कार्य करती रहीं और लोकमाता के रूप में प्रसिद्ध हुईं। अनेक मन्दिरों का पुनर्निर्माण किया, धर्मशालाएं, कूप, बावड़ियां और सड़कें आदि बनवाईं। सति प्रथा, बाल विवाह, ऊंच नीच आदि कुप्रथाओं के विरुद्ध आवाज भी उठाई और खुद आगे होकर इन कुप्रथाओं को रोका। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में भारत की वीरांगनाओं की गाथा को दर्शा कर समाज में महिलाओं को जागरूक करना और अपने गौरवपूर्ण इतिहास को आगे लाना ही इस नाट्य उत्सव के मुख्य उद्देश्य हैं। 31 मई शनिवार को अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक का दिल्ली से आमंत्रित नाट्य दल द्वारा मंचन किया जाएगा।

## हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से बीपीएल परिवारों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण - एडीसी

**पानीपत, 31 मई (हरप्रीत छत्तवाल):** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।एडीसी डॉक्टर पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक व्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इच्छुक आवेदनकर्ता निगम की वेब साईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटए चएसएफ डीसीडॉटओ आरजीडॉटइन पर ऋण आवेदन फार्म भरकर संबंधित जिला कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं।एडीसी ने बताया कि इसके अतिरिक्त, एक अन्य योजना के तहत हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना व सूक्ष्म ऋण योजना के तहत महिला व पुरूष दोनों को स्वरोजगार के लिए एक लाख रुपए का ऋण दिया जाता है। ऋण लेने के लिए आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदनकर्ता बेरोजगार होना चाहिए।उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों को 10 हजार रुपए की सब्सिडी भी दी जाएगी। महिला समृद्धि योजना के तहत महिला सिलाई कार्य, किसी भी प्रकार की दुकान व डेयरी फार्मिंग के लिए ऋण ले सकती है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार निगम की तरफ से सूक्ष्म ऋण योजना के तहत भी दुकान व डेयरी पालन के लिए एक लाख रुपए का ऋण दिया जाता है

## जिले में द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल ऑपरेशन शील्ड अभ्यास आयोजित

**हिसार, 31 मई ( ब्यूरो ):** जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को ऑपरेशन शील्ड नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत हिसार जिले में द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल सायं 5 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में शुरू हुई। जिला का कंट्रोल रूप लघु सचिवालय के भू-तल पर स्थापित किया गया था, जिसका दूरभाष नंबर 01662-231137 रखा गया। जिला मुख्यालय का स्टेजिंग जिला सचिवालय के पीछे वन स्टॉप सेंटर के साथ लगती पार्किंग में स्थापित किया गया है। मॉक ड्रिल के लिए एसडीएम कार्यालय हिसार को चयनित किया गया। हॉट लाइन पर सूचना मिलते ही सायरन बजाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सभी एमरजेंसी सेवाएं सर्च एंड रेस्क्यू के लिए एसडीएम कार्यालय हिसार पर पहुंची तथा सभी नोडल अधिकारियों ने स्टेजिंग एरिया में पहुंचकर स्टेजिंग एरिया मैनेजर को रिपोर्ट किया। सायरन उपरांत दुर्घटना स्थल से 25 घायल नागरिकों का रेस्क्यू किया गया। इनमें से 7 को प्राथमिक उपचार देकर भेज दिया गया। अन्य घायलों को महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल और सपरा अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से इलाज के दौरान 2 नागरिकों की मृत्यु हो गई। घायल नागरिकों के लिये 30 युनिट रक्त की आवश्यकता पड़ी।दुर्घटना के दौरान दमकल विभाग द्वारा 2 फायर बिग्रेड गाडियों से आगजनी व ऊँचे स्थान पर फसें लोगों को निकालने का कार्य किया गया।

## हित चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा तीसरे प्रोत्साहन समारोह का किया आयोजन



**कालका, 31 मई ( अख्तर फ़ारूक़ी, अजीत सिंह ):** हित चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा तृतीय प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम गीता भवन कालका में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सृष्टि शर्मा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी तरसेम गुप्ता ,हित चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक हितेश पाहवा तथा रोहताश आर्य, मुकेश पशरीचा,परमजीत शर्मा, आचार्य सुनील दत्त गौतम और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। संस्था द्वारा क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के चयनित 195 छात्रों को मेडल , प्रमाण पत्र और शैक्षिक सामग्री भेंट की गई। हित चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक हितेश पाहवा ने बताया, हमारा उद्देश्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे आगे चलकर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। सम्मानित छात्र व उनके अभिभावकों ने इस पहल के लिए हित चैरिटेबल ट्रस्ट का आभार प्रकट किया और इसे उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जय घोष के साथ हुआ।

## विद्यालय में पीटीएम एवं छबील सेवा का आयोजन



**लाडवा, 31 मई ( रामगोपाल ) :** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लाडवा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं गुरु अर्जुन देव जी की शहादत दिवस की स्मृति में छबील सेवा। अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक किया गया, जिसमें सभी कक्षाओं के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी साझा की। अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए अपने सुझाव और अनुभव भी साझा किए। इसी दिन गुरु अर्जुन देव जी की पावन स्मृति में छबील (मीठे जल की सेवा) का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत सरदार जितेंद्र सिंह गिल, प्रबंधन कोषाध्यक्ष द्वारा की गई। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर राहगीरों को मीठा जल वितरित किया, जो सेवा, करुणा और समर्पण की भावना को दर्शाता है। इस सेवा कार्य से विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने दोनों आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के नैतिक एवं शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## नौसरबाज का कारनामा, दुकान में दिया इस वारदात को अंजाम

शेरपुर 31 मई (निस) नौसरबाज ठगों द्वारा आए दिन नई-नई ठगी के तरीके अपनाए जाते हैं, ऐसा ही एक मामला कस्बा शेरपुर में सामने आया है, जहां एक ठग युवक करियाणा की दुकान से दिन-दहाड़े 5 किलो बदाम लेकर फरार हो गया। इससे संबंधित जानकारी देते हुए दुकान मालिक अश्वनी कुमार काला ने बताया कि एक युवक ने 5 किलो बदाम लिए थे और बदाम की पेमेंट ऑनलाइन करने लगा, परंतु पेमेंट किए बिना बदाम लेकर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि ठगी करने वाले व्यक्ति की तस्वीर गलियों में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों में कैद हो गई है और इस संबंध में उन्होंने थाने शेरपुर में सूचना दी है।


**COURT NOTICE**

**In the Court of Sh. Ramawatar Pareek Additional District and Sessions Judge, Karnal**

CNR No.HRKR01-012792-2018

Next Date: 05.07.2025

Mann Singh
Versus
Mukhtiar Singh

Appeal U/S 96 C.P.C Against The Judgment And Decree Dated 06-10-2018 Passed By Ms. Shikha, Ld. Acj(Sd) Karnal, Whereby The Suit Of The Plaintiffs Has Been Dismissed With Cost.

Notice to: 1.Mukhtiar Sigh (Deceased) Son Of Prem Singh Son Of Harsa Singii (Died) Through Irs I) Surjeet Kaur (Wife-Widow) Ii) Satnam Singh(Son) Iii) Veer Kaur(Daughter) Iv) Kinder Kaur @ Lakwinder (Daughter) All R/O Village Sonkra, Tehsil Nilokheri, Karnal 14. Kulwant Kaur W/O Trilok Singh D/O Frem Singh Son Of Harsha Singh 15. Harbans Kaur W/O Baldev Singh D/O Prem Singh S/O Harsa Singh Both R/O Dera Gumman Singh Village Sarai Bajara, Tehsil. Dajpura, Patiala.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.**07.2025 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal

Dated, this day of 30-05-2025

**Sd/- Additional District and Sessions Judge, Karnal**

**In the Court of Sh. Sudhir Kumar Civil Judge (Senior Division), Karnal**

**CNR No. HRKR02-001944-2025**

**Next Date:- 17-07-2025**

**CS/1544/2025**

Pushpa Rani
Versus
General Public etc.

Notice to: General Public

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.**07.2025 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=karnal

Dated, this day of 29-05-2025

**Sd/- Sh. Sudhir Kumar Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**

**बेदखली सूचना**

मैं सोमी पत्नी स्व. श्री राम दास निवासी गांव टपराना तहसील व जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरा लड़का अंकुश व इसकी पत्नी पूजा जोकि ये दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-शपथकर्ता**

**नाम परिवर्तन**

मैं राजेश कुमारी (Rajesh Kumari) @ राजेश चौधरी @ (Rajesh Choudhary)राजेश चौधरी @ (Rajesh Chaudhary) पत्नी श्री गांव शेखपुरा बांगर पोस्ट ऑफिस सीकरी, तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल ने अपना नाम राजेश कुमारी (Rajesh Kumari) @ राजेश चौधरी @ (Rajesh Choudhary)राजेश चौधरी @ (Rajesh Chaudhary) से बदलकर राजेश गूनछला Rajesh Goonchhla रख लिया है। **-सभी संबंधित नोट करें।**

**नाम परिवर्तन**

मैं तरूण कुमार सुपुत्र श्री हरीश कुमार निवासी मकान नं. 384, सेक्टर-8/9, पार्ट-2 अटल पार्क करनाल हरियाणा ने अपना नाम तरूण भुगड़ा से बदलकर तरूण कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे तरूण कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाएं।

**-सभी संबंधित नोट करे।**

**नाम परिवर्तन**

मैं बल सिंह (Bal Singh) सुपुत्र श्री हिरदा राम (Hirda Ram )निवासी गांव शेखपुरा बांगर पोस्ट ऑफिस सीकरी, तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल ने अपना नाम बल सिंह (Bal Singh) से बदलकर बल सिंह गूनछला (Bal Singh Goonchhla) रख लिया है।

**-सभी संबंधित नोट करें।**

# सम्पादकीय

## संसद के दोनों सदनों मे महासचिव पद पर असंवैधानिक नियुक्ति?

संसद की प्रशासनिक रीढ़ उसका सचिवालय और निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 98 मे स्पष्ट रूप से लोकसभा और राज्यसभा के लिए स्वतंत्र सचिवालय सेवा की स्थापना, कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रक्रिया और प्रशासनिक स्वायत्तता सुनिश्चित करता है। यह प्रावधान संसद को कार्यपालिका से स्वतंत्र बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया था। पिछले दो दशकों से, इस संवैधानिक भावना एवं नियमों की खुली अवहेलना हो रही है। जिसके कारण संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव नहीं हो पा रही है। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव जैसे सर्वोच्च प्रशासनिक पदों पर संविधान का उल्लंघन करते हुए अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) या भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारियों की नियुक्तियां इस बात का प्रमाण हैं। यह पद संसदीय सचिवालय सेवा के वरिष्ठतम अधिकारियों के लिए सुरक्षित माने जाते थे। सचिवालय के सारे अधिकार लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा में सभापति के अधीन होते हैं। अब यहपरंपरा और अधिकार एक तरह से समाप्त होता जा रहा है। यह केवल एक प्रशासनिक मुद्दा नहीं है। बल्कि लोकतंत्र के स्तंभों की स्वतंत्रता के सिद्धांत को समाप्त करते हुए, सीधे-सीधे संविधान का उल्लंघन है। पूर्व में संसद सचिवालय सेवा से जुड़े विद्वान अधिकारी जैसे सुभाष कश्यप या योगेंद्र नारायण जैसे अधिकारियों ने इन पदों की गरिमा को स्थापित किया। संविधान और सांसदों के अधिकारों की रक्षा करते हुए नियम और कानूनों को बनाने में बेहतर योगदान दिया। जिसके कारण भारत की संसदीय परंपरा सारी दुनिया में स्थापित हुई। सारी दुनिया में संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं को लेकर भारत का एक विशेष स्थान बना। वर्तमान में राजनीतिक कृपा प्राप्त अधिकारियों के कारण क्षीण होती जा रही है। आईएएस या अन्य सेवाओं के अधिकारी कार्यपालिका से सीधे जुड़े होते हैं। संसद के सचिवालय में उनकी नियुक्ति सत्ता के नियंत्रण का द्वार खोल देती है। वह सत्ता में बैठे हुए लोगों के इशारे में काम करते हैं। जिसके कारण संसदीय परंपराएं एवं संविधान की मूल भावना धीरे-धीरे खत्म होती जा रही हैं। सांसदों के अधिकार सीमित होते जा रहे हैं। जिस तरह से नियम और कानून संसद में बनाए जा रहे हैं। हो-हल्ले के बीच कानूनों को पास किया जा रहा है। संसद के अधिकार सरकार के जिम्मे किये जा रहे हैं। संसदीय नियमों की अवहेलना हो रही है। बार-बार नियमों मे संशोधन हो रहे हैं। जिसके कारण संसद, सांसदों, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की गरिमा भी तेजी के साथ कम होती जा रही है। यह स्थिति न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि संसदीय समितियों की निष्पक्षता और उनकी स्वतंत्रता पर भी कुठाराघात है। महासचिव जैसे पद पर बैठा अधिकारी सरकार से प्रभावित है। सरकार के कहने पर वह निर्णय कर रहा है। संसद की रिपोर्टों को सरकार को लीक करता है, या रोकता है। सांसदों की टिप्पणियों को दबा रहा है। संसदीय प्रक्रियाओं को पक्षपातपूर्ण सरकार के दबाव में उनमें बदलाव कर रहा है। इससे संसद की स्वतंत्रता, संविधान के प्रति जवाबदेही, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की शक्ति को कमजोर किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है, संसद के भीतर की नियुक्तियों में पारदर्शिता एवं संवैधानिक अनुशासन की पुनर्स्थापना हो। सुप्रीम कोर्ट और संसद की आंतरिक समितियों को इस गंभीर उल्लंघन पर संज्ञान लेना चाहिए। लोकतंत्र तभी जीवित रह सकता है, जब उसके स्तंभ स्वतंत्र और संवैधानिक मर्यादा के अधीन हों। पिछले एक दशक में सरकार द्वारा बहुमत के आधार पर जिस तरह से संसद की कार्यवाही संचालित की जा रही है लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति आंख मूंदकर सरकार की बात को मानकर संसद की कार्यवाही को बहुमत के आधार पर चला रहे हैं। उसके परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय में सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती हो गई है। लोकसभा और राज्यसभा के सचिवालय में कार्यपालिका के अधिकारियों कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। लोकसभा और राज्यसभा में तैनात सुरक्षा बल गृह मंत्रालय के अधीन आते हैं लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव जैसे पद प्रशासनिक अधिकारियों के पास पहुंच गए हैं। जिनकी चाबी सरकार के पास होती है। लोकसभा और राज्यसभा के सत्र कम से कम होते चले जा रहे हैं। सरकार उन्हीं मामलों में चर्चा करती है, जिसमें वह कराना चाहती है। विपक्ष की आवाज पूरी तरह खत्म हो गई है। सांसदों को संसद के अंदर बोलने का मौका नहीं मिलता है। सांसदों को सदन के अन्दर जो बोलने की स्वतंत्रता थी, वह भी खत्म हो चली है। इसके लिए लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति जिम्मेदार हैं। जो सरकार की मंशा के अनुसार संसद की कार्यवाही को चला रहे हैं। संसद में सरकार के बिल हो हल्ले के बीच बिना चर्चा के पास हो रहे हैं। जिसके कारण अब संसद का वह महत्व नहीं रहा, जो संविधान ने उसे दिया था। लोकसभा का अध्यक्ष या राज्यसभा का सभापति सभी दलों के सांसदों के हितों की रक्षा करने वाला होता है। वह किसी राजनीतिक विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। पिछले कुछ सालों में लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति विपक्ष के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। उससे ऐसा प्रतीत होता है, लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति का पद भी सरकार के अधीन हो गया है। अन्यथा, क्या कारण है कि जब सांसदों द्वारा सरकार से प्रश्न पूछे जाते हैं। किसी विषय में चर्चा कराना चाहते हैं। आसंदी उनके प्रश्न और उनकी मांग को ठुकराकर वही निर्णय करती है, जो सरकार चाहती है। संसद के सत्र इतने छोटे क्यों किये जा रहे हैं। अब सांसद स्वतंत्रता के साथ अपनी बात भी सदन के अंदर नहीं रख पाते हैं। सांसदों से संसद में अपनी बात रख पाने के पहले, उनसे प्रमाण मांगा जाता है। अध्यक्ष और सभापति को सांसदों के अधिकारों और संविधान के अनुसार कार्य करने की स्वतंत्रता संविधान द्वारा दी गई थी।

# नरेन्द्र मोदीः दुर्लभ संकल्प शक्ति के अतुल्य नायक

– विष्णुदत्त शर्मा



सन् 2014 के पहले भारतीय जनमानस ने धीरे-धीरे यह मान लिया था कि आतंकवादी हमले हमारी नियति हैं और इसके बदले में कुछ किया नहीं जा सकता। यह धारणा तब और प्रबल हो गई जब मुंबई में 26/11 का हमला हुआ। पाकिस्तान से आये आतंकियों ने हमारे देश की आर्थिक राजधानी का सरेआम सीना छलनी कर दिया था। सारा देश आक्रोश से भर गया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री की लाचार चुप्पी ने देश की जनता और सेना दोनों का मनोबल धराशायी कर दिया था। उसके बाद भी आतंकी घटनाएँ होती रहीं, लेकिन केंद्र सरकार ने प्रतिकार नहीं किया और न ही उन निर्मम कुकृत्यों के प्रति भारतीय नेतृत्व में कभी बेचैनी देखी गई। उलटे पाकिस्तान से शांति की गुहार लगाते हुए कश्मीर के अलगाववादी संगठनों और आतंकियों के आकाओं की खुशामद होती रही। फलतः भारतीय जनमानस में यह हीनता पैठ कर गई थी कि आतंक के खिलाफ अब ठोस कार्रवाई एक दिवास्वप्न है। यह धारणा और बलवती होती गई कि आतंकवाद से हमारे निर्दोष नागरिक मारे जाते रहेंगे और दोषियों का कुछ नहीं किया जा सकता। 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी जी के भारत के प्रधानमंत्री बनते ही यह धारणा टूट गई। साल 2016 में उरी में हमारे सैन्य टुकड़ी पर हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब देकर अपने जवानों की मौत का बदला लिया। वहीं, 2019 में पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक करके भारतीय सैन्य बलों ने डंके की चोट पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया। इन दोनों कार्रवाई ने पाकिस्तान सहित दुनिया की सभी आतंकी ताकतों को यह संदेश दे दिया था कि यह नया भारत है, जो सिर्फ बयानबाजी नहीं करता, बल्कि छेड़ने पर बमबारी करने में भी नहीं हिचकता है। पिछले एक दशक से पूरे विश्व। को ज्ञात है कि भारत अब पीड़ितों की तरह मुंह मोड़कर नहीं बैठता, अपितु वह घर में घुसकर जवाब भी देता है। यह अपने हिसाब से आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिलाता है। इसकी सेनाएँ कोई सजावटी सामान नहीं हैं, यह साहस, शौर्य, सामर्थ्य की वैश्विक मिसाल हैं। दुर्भाग्य से 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने एक बार फिर हमारी छाती को छलनी किया, लेकिन वे भूल गए थे कि नया भारत अभी भी नरेंद्र मोदी के हाथों में ही है और दस साल में हमारी सेना का सामर्थ्य भी कई गुना बेहतर हो चुका है। इस कल्पना से ही रूह काँप जाती है कि 22 अप्रैल की नृशंस व बर्बर आतंकी घटना (जिसमें धर्म पूछकर लोगों को मारा गया) के समय यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता? निंदा, विलाप और बयानबाजी के वही पुराने राग गाये जाते जो पिछले कई दशकों तक सुनाए जाते रहे, लेकिन देश की माटी का यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेंद्र मोदी जी जैसा निर्णायक, निर्भीक एवं निडर नेतृत्व है, जिसने देश को न झुकने देने की सौगन्ध खायी हुई है, जिसने भारत की बेटियों की लाज बचाने का संकल्प लिया है, जिसने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सारा जीवन मां भारती को सौंप दिया है। जिसकी आतंकी देशों से निरर्थक बातचीत में कोई रुचि नहीं है। जिसने पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में लाने का सपना पाला हुआ है। जिसका मत एकदम स्पष्ट है, आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती, आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते और पानी व खून भी एक साथ नहीं बह सकता। जिसने देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने का बीड़ा उठाया है। सौभाग्य से आज देश के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जिसने समूचे विश्वज के समक्ष भारत का 'न्यू नार्मल' रख दिया है, जिसमें आतंकवाद पर घड़ियाली आँसू नहीं बहेगा, बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं का खून बहेगा एवं उनके फन उनकी माँद में घुसकर कुचले जाएँगे। पहलगाम की बर्बरता से सारा देश आहत हुआ, उसका बदला लेने के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारतीय सेनाओं को पूरी छूट दी। अपने संकल्प को सिद्ध करते हुए मोदी सरकार ने भारत की ओर आँख उठाने का अंजाम आज हर आतंकी और उनके संगठनों को बता दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तान के उन अड्डों का नामो-निशान मिटा दिया, जहां से भारत की बेटियों का सिंदूर उजाड़ने की ट्रेनिंग दी जाती थी। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। वैश्विक ताकतों को भी यह भरोसा नहीं था कि भारत पड़ोसी पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को चंद मिनटों में धूल में मिला सकता है, जो पाकिस्तान पहले किसी आतंकी घटना के बाद सीना तानकर चलता था, उसी पाकिस्तान ने इस बार भारत का रुख देखकर, भारतीय सेना और सरकार की संकल्प शक्ति के आगे तुरंत घुटने टेक दिए और ऑपरेशन सिंदूर रोकने की गुहार लगाने लगा। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के एक विशेषज्ञ अधिकारी माइकल रुबिन ने इसका वर्णन करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर भाग रहा था।निःसंदेह कुछ दशकों से आतंकवाद का घाव हमारे माथे पर कलंक की तरह चिपक गया था और हम सारी दुनिया में घूम-घूमकर केवल पीड़ित की तरह उस घाव पर मरहम लगाने की गुहार लगाते फिरते थे। कांग्रेस की सरकारों ने सात दशक यही किया, उसके नेता अपने देश की सेना के हाथ बाँधकर विश्वभर में आतंकवाद से पीड़ित होने का राग अलापते थे और दुनिया हमारी निर्दोष मौतों का तमाशा देखती थी। हीनता और निरीहता से ग्रसित पिछली सरकारों ने आतंकवाद की कमर तोड़ने की बजाय उन्हें ही मजबूत किया। अब से 11 वर्ष पहले तक पाकिस्तानी आतंक की त्रासदी झेल रहा भारत, तुष्टिकरण की राजनीति के कारण सारे विश्व के समक्ष बौना दिखने लगा था। यह देश आत्मरक्षा का सदियों पुराना पाठ भी भुला चुका था। जबकि भारत की परंपरा में आत्म-रक्षा, धर्म-रक्षा, देश-रक्षा और स्त्री-रक्षा के लिए हथियार उठाने को भी धर्म बताया गया है। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए हिंसा भी धर्म के समान ही महत्वपूर्ण है। श्रीमद्भगवत गीता के इस मूल संदेश को हमारी सेनाएं तो अच्छी तरह से जानती रही हैं लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने उनके हाथ बांध रखे थे। जब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें खुली छूट मिली तो सेना ने न केवल आतंकियों को सबक सिखाया बल्कि, भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक, साहस, शौर्य, संकल्प, एकजुटता का नया मानक गढ़ दिया।उसने विश्वन को बता दिया है कि यही भारत है आज एक तरफ सारा देश तो भारतीय सेना की शौर्यगाथा गा रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सैन्य क्षमता की सराहना सारी दुनिया भी कर रही है। यह ऐसा समय है जब पहली बार पीएम मोदी के नेतृत्व में चले ऑपरेशन सिंदूरने कई दशकों से भारतीयों के माथे चिपके घाव को भर दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनमानस पीड़ित भाव से बाहर आकर देश के अतुल्य पराक्रम और गौरव को प्रोत्साहन कर रहा है।

# व्यवसायिकता ने निगल ली हमारे देश की निष्पक्ष पत्रकारिता

– डा श्रीगोपाल नारसन




अब मिशनरी पत्रकारिता का दौर खत्म हो चुका है और मिशनरी की जगह व्यवसायिकता का कब्ज़ा हो गया है,तभी तो पत्रकारिता पतन के कगार पर पहुंच गई है ।लेकिन ब्रह्माकुमारीज जैसी संस्थाएं अभी भी पत्रकारिता को सकारात्मक मार्ग पर लाने के लिए भरसक प्रयत्न में जुटी हुई है ।जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर से लेकर लोकल स्तर पर भी पत्रकारों को बुलाकर उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान देंकर उन्हें नकारात्मक पत्रकारिता के दल दल से निकालने का सार्थक प्रयास कर रही है। क्षेत्रीय ,प्रादेशिक व राष्ट्रीय अखबारो व मीडिया चैनलों ने अधिकांशतः सत्ता की ताकत के साथ समझौता कर अपने एथिक्स को कही पीछे धकेल दिया है ।जिस कारण इतिहास बनती मिशनरी पत्रकारिता को बचाने के लिए अब हमें नए सिरे से विचार करना होगा कि सुबह का अखबार कैसा हो? समाचार चैनलों पर क्या परोसा जाए? क्या नकारात्मक समाचारों से परहेज कर सकारात्मक समाचारों की पत्रकारिता संभव है ?क्या धार्मिक समाचारों को समाचार पत्रों में स्थान देकर पाठको को धर्मावलम्बी बनाया जा सकता है ? हाल ही में देश के लगभग 500 पत्रकारों ने ब्रहमाकुमारीज के ज्ञान सरोवर माउण्ट आबू में हुए मीडिया सम्मेलन में एक स्वर में निर्णय लिया कि व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय उन्नति के लिए उज्जवल चरित्र व सांस्कृतिक निर्माण के सहारे सकारात्मक समाचारों को प्राथमिकता देकर मीडिया सामग्री में व्यापक बदलाव किया जाए। सम्मेलन में विकास से सम्बन्धित समाचारों,साक्षता, संस्कृति,नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्य जैसे मुददों का समावेश कर स्वस्थ पत्रकारिता का लक्ष्य निर्धारित करने की मांग की गई थी। आज देशभर में 800 से अधिक चैनल चल रहे है। जिनमें से कई चैनल ऐसे है जो समाज के सुदृडीकरण के लिए खतरनाक है। इन चैनलों पर इतनी अश्लीलता दिखाई जाती है कि उसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर नही देख सकता। ऐसे चैनलों पर कोई रोक भी नही है। इसलिए ऐसे चैनलों को ऐसी आपत्तिजनक सामग्री परोसने के बजाए समग्र परिवार हित की सामग्री परोसने पर इन चैनलों को विचार करना चाहिए ।सम्मेलन में ऐसे समाचारों को परोसने से परहेज करने की सलाह दी गई थी जिसको चैनल पर देखकर या फिर अखबार में पढकर मन खराब होता हो या फिर दिमाग में तनाव उत्पन्न होता हो ।बदलते दौर में हिन्दी पत्रकारिता के भी मायने बदल गए है। अपनी ताकत से दुनिया को मुठठी में करने के बजाए पत्रकारिता गली मोहल्लो तक सिकुडती जा रही है। अपने आप को राष्ट्रीय स्तर का बताने वाले समाचार पत्र क्षेत्रीयता के दायरे में और क्षेत्रीय स्तर का बताने वाले समाचार पत्र स्थानीयता के दायरे में सिमटते जा रहे है। जो पत्रकारिता के लिए शुभ संकेत नही है। सही मायने में पत्रकारिता का अर्थ अपनी और दुसरों की बात को दूर तक पंहुचाना है ।साथ ही यह भी जरूरी है कि किस धटना को खबर बनाया जाए और किसे नही? आज की पत्रकारिता बाजारवाद से ग्रसित होने के साथ साथ मूल्यों की दृष्टि से रसातल की तरफ जा रही है। बगैर कार्यक्रम हुए ही कपोल कल्पित कार्यक्रम की खबरे आज अखबारो की सुर्खिया बनने लगी है,सिर्फ नाम छपवाने के लिए जारी झूठी सच्ची विज्ञप्तियों के आधार पर एक एक खबर के साथ बीस बीस नाम प्रकाशित किये जाने लगे है जो पत्रकारिता की विश्वसनीयता को न सिर्फ प्रभावित कर रहे है बल्कि ऐसी पत्रकारिता पर सवाल उठने भी स्वाभाविक है। इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जितने ज्यादा नाम प्रकाशित होगे, उतना ही ज्यादा अखबार बिकेगा, लेकिन यह पत्रकारिता के स्वास्थ्य के लिए ठीक नही है । ठीक यह भी नही है कि प्रसार संख्या बढाने की गरज से समाचार पत्र को इतना अधिक स्थानीय कर दिया जाए कि वह गली मोहल्ले का अखबार बन कर रह जाए। आज हालत यह है कि ज्यादातर अखबार जिले और तहसील तक सिमट कर रह गए है। यानि एक शहर की खबरे दूसरे शहर तक नही पंहुच पाती ।देश के राज्यो व जनपदों की सीमा बदलने के साथ ही पत्रकारिता भी सीमाओं की परिधि में सिकुड़ गई है। जिस कारण जिला और प्रदेश बदल जाने के कारण एक नगर की खबरे दूसरे तक नही पंहुच पाती है ।इससे पाठक स्वयं को ठगा सा महसूस करता है। ऐसा नही है कि स्थानीय खबरो की जरूरत न हो, लेकिन यदि एक अखबार में लॉक डाउन से पहले 4से 6 पेज स्थानीय खबरो के होते थे जो अब दो पृष्ठों में सिमट कर रह गए है ।इससे पाठक को क्षेत्रीय,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खबरे कम पढने को मिल रही है, जो उनके साथ अन्याय है। वैसे भी खबर वही है, जो दूर तक जाए यानि दूरदराज के क्षेत्रो तक पढी जाए। दो दशक पहले तक स्थानीय खबरो पर आधारित अखबार बहुत कम थे। पाठक राष्ट्रीय स्तर के अखबारो पर निर्भर रहता था। वही लोगो की अखबार पढने में रूची भी कम थी। स्थानीय अखबारो ने पाठक संख्या तो बढाई है लेकिन पत्रकारिता के स्तर को कम भी किया है। आज पीत पत्रकारिता और खरीदी गई खबरो से मिशनरी पत्रकारिता को भारी क्षति हुई है। जिसे देखकर लगता है जैसे पत्रकारिता एक मिशन न होकर बाजार का हिस्सा बनकर गई हो। पत्रकारिता में परिपक्व लोगो की कमी,पत्रकारिता पर हावी होते विज्ञापन,पत्रकारो के बजाए मैनेजरो के हाथ में खेलती पत्रकारिता ने स्वयं को बहुत नुकसान पहुंचाया है ।ऐसी खबर जो सच होते हुए भी राष्ट्र और समाज के लिए हानिकारक हो, तो ऐसी खबरो से परहेज करना बेहतर होता है। पिछले दिनों देश में गोला बारूद की कमी को लेकर जो खबरे आई थी वह राष्ट्र हित में नही थी इसलिए ऐसी खबरो से बचा जाना चाहिए था। पत्रकारिता को एक आचार संहिता की आवश्कयता है,अपने आप में सही है ,बस जरूरत इस बात कि है कि यह आचार संहिता स्वयं पत्रकार तय करे कि उसे मिशनरी पत्रकारिता को बचाने के लिए क्या रास्ता अपनाना चाहिए।

# नशे की अंधी गलियों में भटकी देश की युवा पीढ़ी-जिम्मेवार कौन

– नरेन्द्र भारती

बेशक 31 मई 2025 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता भर ही रह गए है ।औपचारिकता मत निभाईए ।धरातल की सच्चाईयां बेहद खौफनाक होती जा रही हैं ।प्रतिवर्ष लाखों लोग व युवा बच्चे नशें के कारण अकाल मौत मर रहे है ।युवा देश की धरोहर है। युवा अनमोल पूंजी है। प्रतिवर्ष ऐसे दिवसों पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। समूचे विश्व में केवल मात्र एक दिन सैमिनार व गोष्ठीयां की जाती हैं,रैलियां निकाली जाती हैं ।विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक संकल्प लेना होगा ।युवा पीढी नशें की गुलाम हो चुकी है। नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है ।देश में हर साल लाखों युवा नशे के कारण असमय ही मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नशे की सब कुछ मान बैठी है ।आज छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो चुके है ।अभी उनके दूध के दांत भी नही। टूटे है कि मगर ऐसे नशे करते है कि रुह कापती है ।हर साल लाखों लोग नशें के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे है। आजकज चिटटे का नशा किया जा रहा है ।देश के हर राज्य मे यह नशा किया जा रहा है ।हर रोज चिटटे व हैरोइन के अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ा जा रहा है। नशा आज एक फैशन बन चुका है ।नशें के कारण आज कई घरों के चिराग बूझ गए तो कुछ जेलों में चक्की पीस रहें है ।जेलों में सड़ रहे है ।अक्सर देखा गया है कि उच्च घरानों के युवा मंहगें नशें कर रहे है ।नशें के बिना रह नहीं सकते ।जिंदगियां दाव पर लगा चुके है ।जिंदा लाशें बनते जा रहे है ।लाईलाज बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है ।आज लाखों युवा नशें के कारण मर चुके है ।नशें की दलदल में धसतें जा रहे है ।इस दलदल से निकला बहुत ही मुशिकल है ।आज मां-बाप दुखी है कि उनके चिराग नशें की गिरफत में आते जा रहे है ।आज नशे के सौदागर युवाओं के भविष्य खराब करते जा रहे है ।अगर युवा ही नशें का प्रयोग करेगा तो आने वाला कल अंधकारमय ही होगा ।युवा के कंधों पर देश टिका है मगर यह कंधें थक चुके है ।नसों में नशा भर चुका है ।जवान काया शिथिल होती जा रही है ।नशे के कारण सड़क हादसों में हर साल लाखों युवस बेमौत मारे जा रहे है ।सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है ।सरकारों को देश के कर्णधारों की कोई फिक्र नहीं हैं ।राजस्व से ही खजाना भरा जा रहा है ।युवा मर रहे है ।चंद मिन्टों के मजे के लिए अनमोल जीवन बरबाद कर रहे है ।युवतियां भी नशे की दलदल में फंस चुकी है ।समाचार पत्रों में डरावने समाचरों से पता चलता है कि आज लड़कियां भी चार कदम आगे जा चुकी है ।सिगरेट व अन्य चरस जैसे नशे शरीर के अंगों को प्रभवित करती है ।कैंसर व तपेदिक व गले के कैसर से मौतों का आंकड़ा हर साल बढ़ता ही जा रहा है ।अगर इन नशे को नहीं रोका तो आने वाले साालों में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। नशा समाज के लिए नासूर बन गया है ।नशे को मिटाने की कसम लेनी होगी। आज नशें के कारण इकलौते बच्चे मारें जा रहे है। नशें के लिए पैसा न मिलने के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सामने मर रहे है ।अगर सरकारों ने अभी भी कुभंकरणी नींद न तोड़ी तो फिर सब कुछ लुट जाएगा ।नशे के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है ।समाज को इस बुराई पर मंथन करना होगा ताकि चिरागों को बचाया जा सके ।तम्बाकू उत्पादों पर रोक लगानी होगी ।अगर सरकारें चाहे तो क्या नहीं कर सकती ।राजस्व के लिए और भी साधन है ।ऐसा राजस्व किस काम जो युवाओं की मौत से प्राप्त हो रहा है ।युवाओं की बलि ली जा रही है ।नशें का कारोबार करने वालों पर दंडात्मक कारवाई करनी होगी ।स्कूलों व कोलेजों के सौ मीटर के दायरे में धूम्रपान बेचने वालों को सजा दी जाए जो चंद चांदी के सिक्कों की कमाई के लिए युवाओं का जीवन लील रहे है ।लावारिस लाशें मिल रहीं है ।युवाओं को बचाना हमारी जिम्मेवारी है। नशें के कारण दंगें व फसाद होतें जा रहे है ।नशें में अंधा होकर दुष्कर्म किए जा रहे है ।समाज में एक कमेटी गठित करनी होगी तभी यह नशा बंद हो सकता है ।नशा करने वालों को समाज से बहिष्कृत किया जाए उनका हुक्का पानी बंद किया जाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और युवाओं का जीवन बचाया जा सके ।सामाजिक संस्थाओं को नशे के खिलाफ अभियान चलाने होगें ।युवा ही देश को आगे ले जा सकते है ।समय अभी संभलने का है ।समाज को नशें के विरुद्ध आवाज उठानी होगी ।ताकि युवाओं का भविष्य संवर सके। अगर समाज अब भी नहीं जागा तो युवा नशें की दलदल में धंसता जाएगा ।समाज से इस बुराई को जड़ से मिटाना होगा ।केन्द्र सरकार को नशे को बंद करने के लिए कानून बनाना चाहिएं ।हर राज्यों की सहभगिता हो तो नशे पर लगाम लग सकती है ।देश में नशा मुक्ती केन्द्र खोलने चाहिए ताकि युवाओं की काउंसलिग की जा सके ।सरकार को बिना समय गंवाए इस पर रोक लगानी होगी ताकि युवाओं को बचाई जा सके। देश की आने वाली पीढ़ीओं को नशे को त्यागना होगा ।जीवन को मत गंवाओ जीवन एक बार ही मिलता है।

# हांसी में फिर फूटे नारियल, बाड़ा सुलेमान गांव में 45 लाख रुपए की लागत से कौर की ढाणी तक 4400 फीट लंबा कच्चा रास्ता होगा पक्का




**हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि नागरिकों की आकांक्षाओं के अनुरूप हांसी हल्के में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हल्के ने जो विकास की रफ्तार पकड़ी है उसे कभी भी धीमा नहीं पड़ने दिया जाएगा। इन 5 वर्षों में इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे कि लोग बरसों तक याद रखेंगे। भयाना शनिवार को बाड़ा सुलेमान गांव में 45 लाख रुपए की लागत से बन कर तैयार होने वाली विकास परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज शमशान घाट से कौर की ढाणी तक के कच्चे रास्ते को पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। दस फुट चौड़े तथा 4400 फीट लंबे इस कच्चे रास्ते को पक्का करने के इस विकास कार्य पर लगभग 45 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस कार्य को पूर्ण होने में लगभग 2 माह का समय लगेगा। यह विकास कार्य मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के तहत विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की जितना हो सके उतने कम समय में इस विकास कार्यो को पूरा करवाया जाएं ताकि लोगों को बरसाती मौसम में सुगम आवाजाही की सुविधा जल्द मिल सके। ग्रामीणों की मांग को मौके पर ही किया पूरा,

***9 एकड़ लंबाई के रास्ते को पक्का करवाने कि घोषणा की :-*** ग्रामीणों की मांग को स्वीकार करते हुए विधायक विनोद भयाना ने मौके पर ही घोषणा करते हुए कहा कि शमशान घाट से बाड़ा सुलेमान गांव तक 9 एकड़ लंबाई के रास्ते को भी जल्द पक्का करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत इस विकास कार्य का एस्टीमेट तैयार कर भिजवाना सुनिश्चित करें। ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर खेतों में विकास कार्यों का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक विकास परियोजना का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए विधायक विनोद भयाना बाड़ा सुलेमान गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका फूल मालाएं पहना कर शानदार स्वागत किया। विकास कार्यों का शिलान्यास पत्थर गांव से लगभग पांच एकड़ दूरी पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया था। इस दौरान विधायक ने अपनी गाड़ी को गांव में ही छोड़ दिया और लोगों से बातचीत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे गए और विकास परियोजना का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। लोगों ने कहा कि यहां तक गाड़ी आ सकती थी तो विधायक ने इसके जवाब में कहा कि बातों बातों में पता ही नहीं चला की कब कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। विधायक कि इस कार्य शैली की लोग प्रशंसा करते सुनाई दिए। इस अवसर पर धर्मपुरा गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कंबोज, जग्गा बाड़ा गांव के सरपंच सुरजीत गुर्जर, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष, गोलू चावला, वेद कंबोज बसावा राम, शेर सिंह, अनुपम चावला विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा, ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश खीचड़, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी मोहित सोलंकी, पूर्व सरपंच लालचंद, भजनलाल, लबू सिंह, जम्मू सिंह, जे ई स्वीन बामल तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जी.डी. गोयंका स्कूल में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की द्वितीय अभिभावक-अध्यापक बैठक आयोजित



**रतिया, 31 मई ( अमन सेठी ) :** जी. डी. गोयंका स्कूल रतिया के प्रांगण में आज शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की द्वितीय अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के लगभग सभी अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों कि जानकारी लेने विद्यालय प्रांगण पहुंचे।

सभी अभिभावकों ने अध्यापकों से अपने बच्चों के शैक्षणिक मार्ग पर आने वाली बाधाओं तथा उपलब्धियों के बारे में गहन विचार विमर्श किया। विद्यालय चेयरपर्सन कनुप्रिया खुराना ने अपने संबोधन में बताया कि 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन अति अनिवार्य है, क्योंकि आज शिक्षा और शिक्षण के बदलते परिवेश में छात्रों के क्षेत्र के शैक्षणिक विकास का अवलोकन बहु आयामी होता जा रहा है जिसके तहत अध्यापक, अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंधन तीनों आयामों को एक संयुक्त मंच अभिभावक-अध्यापक बैठक ही उपलब्ध कराती है। विद्यालय शैक्षणिक प्रबंधक लोकेश खुराना, विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने भी अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया। विद्यालय प्राचार्य अनुज मेहता ने सभी अभिभावकों से मुलाकात करके बच्चों के अभिभावकों की हर प्रकार की समस्याओं का निदान किया। इस अवसर पर सभी अध्यापक गण भी मौजूद रहे।

# ग्रेनेडियर रेजिमेंट के शहीद जवान गुरमीत सिंह को आदित्य सुरजेवाला ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कैथल, 31 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** देश की सरहदों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए 20वीं बटालियन ग्रेनेडियर रेजिमेंट के शहीद जवान गुरमीत सिंह को आज कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुरजेवाला शहीद के पैतृक गांव करोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने शहीद के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना प्रकट की। शहीद के परिवार से मिलकर भावुक हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा पूरे देश को शहीद गुरमीत की शहादत पर गर्व है। उनका बलिदान सदैव याद रखा जाएगा।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि शहीद परिवार को सम्मानजनक आर्थिक और सामाजिक सहायता दी जाए, ताकि उनकी स्मृति को न केवल संरक्षित किया जा सके बल्कि उनके परिवार को भविष्य में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। आदित्य सुरजेवाला ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह युवाओं के आत्मसम्मान पर आघात है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को शहीद का दर्जा नहीं मिलता, जो हमारे जवानों के बलिदान का अपमान है। सेना की जो पारंपरिक नीति रही है, उसे ही लागू रखा जाना चाहिए, ताकि सैनिकों का मनोबल ऊँचा बना रहे। विधायक ने कहा हम आज आज़ादी से सांस ले पा रहे हैं, अपने घरों में चैन से रह पा रहे हैं, तो यह हमारे वीर जवानों की ही देन है। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम और पैदल जागरूकता यात्रा निकाल लोगों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** नशा मुक्त होगा हरियाणा अर मिलकर सारे जोर लगाना। इस नारे के साथ आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रयास फाउंडेशन के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध 450 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 5 देवीदासपुरा में हुआ। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता की अध्यक्षता में 524 विद्यार्थियों, 40 शिक्षकों और 5 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। साइकिल पर हरियाणा के गाँव गाँव में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत सन्देश दे रहे ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल से विद्यालय पहुंचे। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी, सचिव कुलदीप सिंह और कार्यकारिणी सदस्य कर्म चंद ने विशेष रूप से कार्यक्रम में सहभागिता की। सर्वप्रथम प्रयास के प्रधान नरेश सैनी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और कहा कि नशे से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे को समूल नष्ट करने का कार्य युद्ध स्तर पर है।




उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प लेकर स्वस्थ और सुखी जीवन यापन करना है। नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तार पूर्वक समझाया और कहा कि कोई भी व्यक्ति नशेड़ी नहीं बनना चाहता लेकिन नशे का शौंक उसे नशेड़ी बना देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा MANAS पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करवाई गयी। तत्पश्चात विद्यार्थियों के साथ प्रयास फाउंडेशन और एनसीबी ने नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाल कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के ठीक सामने एक दुकानदार तम्बाकू उत्पाद बेच रहा था उसको चेतावनी देकर छोड़ा कि भविष्य में तम्बाकू उत्पाद और नशीला पदार्थ न रखे और न बेचे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुनीता ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार ने विशेष सहयोग किया।

# भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों को संस्कारी बनाने का अभियान

**यमुनानगर, 31 मई ( संजीव कुमार ) :** भारत विकास परिषद शाखा जगाधरी की तरफ से जगाधरी के बुढ़िया चौक स्थित आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भारतीय साहित्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों में संस्कार महत्वपूर्ण है। युवा पीढ़ी में अगर संस्कार होंगे तो वह भारत की संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर इस्कॉन से विशेष रूप से आए हुए वक्ता ने बच्चों में धार्मिक ज्ञान की शिक्षा दी। आयोजकों का कहना है कि वह 40 वर्ष से इस दिशा में काम कर रहे हैं। बच्चों में नैतिक और संस्कारी शिक्षा बहुत जरूरी है। अगर यह दोनों एक साथ होगी तो बच्चों को अपने जीवन में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें विद्यार्थियों को देश की संस्कृति से रूबरू कराया गया।

# सामाजिक कार्य प्रेरणादायक होते हैं : महीपाल दूहन




**असन्ध, 31 मई ( दलसिह मान ) :** रंगरुटीखेड़ा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय रंगरूटीखेड़ा में समाजसेवी संदीप कुमार ने कक्षा बालवाटिका से कक्षा आठवीं तक पढ़ने वाले लगभग 120 बच्चों को अच्छी क्वालिटी की शैक्षणिक सामग्री जैसे प्रत्येक बच्चे 4 कॉपी, पेंसिल, पेन, इरेजर, पेंसिल शॉर्पनर, रंग व स्केच पेन इत्यादि स्टेशनरी वितरित की। प्राइमरी स्कूल इंचार्ज महीपाल दूहन ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य पब्लिसिटी की बजाय प्रेरणादायक होते हैं। हैड मास्टर सतपाल बिसला ने कहा कि स्कूली बच्चों को स्टेशनरी वितरित करके एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य किया है। समाजसेवी संदीप कुमार ने कहा कि कल से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो रहे हैं और स्टेशनरी के अभाव में बच्चों को गृहकार्य करने में दिक्कत न हो इसलिए आज मई मास के अंतिम दिन शैक्षणिक सामग्री वितरित की है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री सहित अन्य स्कूली उपयोगी वस्तुएं भेंट करते रहेंगे। इस अवसर पर स्टॉफ सदस्य सुनील दत्त, नरेंद्र शास्त्री, अंकित ढांडा, सुमन रानी, सुमन लता, गीता देवी के अलावा संदीप कुमार के पिता राममेहर भी मौजूद थे।

# चौ. रणबीर सिंह राजकीय बहुतकनीकी, हथनीकुण्ड में ऑनलाइन दाखिला हुआ शुरू

**जगाधरी, 31 मई ( रोहतास कुमार ) :** चौ. रणबीर सिहं राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हथिनीकुंड 2025, 26 पाठ्यक्रम के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन भरी जाएगी। सभी शाखाओं में 60,60 सीट उपलब्ध है। बहु तकनीकी संस्थान हथिनी कुंड प्राधानाचार्या सरला जी ने बताया कि हथनीकुण्ड में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठयकर्मों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रकिया प्रारंभ हो गई है। उन्होने कहा कि विद्यार्थी समय पर आवेदन कर दाखिला प्रकिया का लाभ उठा सकते है। दाखिला ऑनलाइन काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा।




उन्होने बताया कि चौ0 रणबीर सिहं राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, एम. एल. टी., मैकेनिकल इंजीनियरिंग, में 3 वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स तथा 2 वर्षीय डिप्लोमा लेटरल एंट्री कोर्स में विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। सभी शाखाओं में 60-60 सीट उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त संस्थान में 2 वर्षीय डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में भी 60 सीट उपलब्ध है। उन्होने कहा कि दाखिले के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है।

# डा. अंजू रानी शर्मा को मिला एक्सीलेंट प्राध्यापिका सम्मान

**सफीदों, 31 मई ( एस.के.मित्तल ) :** नगर के राजकीय पीजी कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित करके संगीत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. अंजू रानी शर्मा को उनके शैक्षिक योगदान के लिए एक्सीलेंट प्राध्यापिका के सम्मान से नवाजा गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने डा. अंजू रानी शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया। डा. तनाशा हुड्डा ने उनके शिक्षण क्षेत्र में किए गए बेहतरीन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डा. अंजू रानी शर्मा न केवल विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि जागृत की, बल्कि वे एक आदर्श शिक्षिका के रूप में पूरे महाविद्यालय के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस मौके पर प्रो. बलविंद्र, डा. जयविंद्र, प्रदीप मान, डा. शील आर्या, डा. शंकर, डा. रुचि भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद थीं।



# रेडक्रॉस महासचिव महेश जोशी का हिसार दौरा सेवा और जन जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की

**हिसार, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव महेश जोशी ने जिला शाखा हिसार का शनिवार को दौरा किया। उनके आगमन पर रेडक्रॉस भवन में सेवा और न्याय की प्रतीक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में रक्तदान शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नशा मुक्ति, पर्यावरण स्वच्छता तथा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश जोशी के करकमलों द्वारा किया गया तथा रेडक्रॉस



संस्थापक हेनरी डयूनेन्ट को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में रेडक्रॉस हिसार के सचिव रविन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात महेश जोशी ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस शिविर में 36 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसका प्रबंधन सामान्य अस्पताल हिसार की रक्तकोष टीम द्वारा किया गया।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान 7 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व व्हीलचेयर वितरित की गई। मुख्य अतिथि महेश जोशी को रेडक्रॉस सचिव रविन्द्र कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पश्चात महेश जोशी ने रेडक्रॉस द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी प्रकल्पों जैसे आंचल मानसिक विकास केंद्र, शीघ्र हस्तक्षेप कार्यक्रम, दृष्टिबाधितार्थ संस्थान, ऑर्थो एवं फिजियोथेरेपी सेंटर, प्रोटेक्शन हाउस, कम्प्यूटर सेंटर एवं टीआई प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महेश जोशी ने आर.आई.सी.टी. कंप्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों को उनके प्रमाण पत्र वितरित किए और रेडक्रॉस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने जिला शाखा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कर्मचारियों के साथ बैठक की, उनकी समस्याएं सुनीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव रविन्द्र कुमार, लेखाकार राहुल शर्मा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विनोद कुमारी, फिजियोथैरेपिस्ट मांगेराम, राकेश शर्मा, विनेश नागपाल, श्री रामनिवास शर्मा (मंच संचालन) सहित टीआई प्रोजेक्ट व रेडक्रॉस स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम को लेकर जागरुकता रैली आयोजित

**बाबैन, 31 मई ( राजेश कुमार ) :** कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाबैन, डीग व टाटका के अंतर्गत पड़ने वाले गांवों में एक जागरूकता रैली व कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, स्कूली बच्चों, महिलाओं और ने भाग लिया। रैली की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबैन के परिसर से हुई जो मुख्य बाजार और आसपास के गांवों से होकर गुजरी। प्रतिभागियों ने बेटी है अनमोल रतन, बेटी पढ़ाओ, समाज बढ़ाओ जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली के पश्चात आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता एसएमओ डॉ. रमन जैन, डॉ. ऋषि सैनी व डॉ. अर्चिता ने कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम और पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत बने कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के अंतर्गत भ्रूण लिंग परीक्षण करना या करवाना एक दंडनीय अपराध



है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी भ्रूण हत्या करने या करवाने वाले के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे इसकी सूचना डायल 104 पर करके दे। उन्होंने कहा कि अवैध रुप से गर्भपात करने वाले की सूचना देने वाले को सरकार की और से 10 हजार रुपये और अल्ट्रासाउड़ करके लडका या लडकी बताने वाले कि सूचना देने वाले को 1 लाख तक का ईनाम दिया जाएगा और सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दंडनीय अपराध है इसमें चिकित्सकों के अलावा, परिवार के सदस्य और भ्रूण परीक्षण में शामिल कोई भी व्यक्ति दोषी माना जा सकता है। इस अवसर पर कन्या भ्रूण हत्या के सामाजिक और नैतिक दुष्परिणामों को विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य केंद्र की आशा और आंगनबाड़ी सुपरवाईजरों ने भी ग्रामीणों को बेटियों को समान अधिकार देने की अपील की। इस मौके पर सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई कि वे न केवल स्वयं इस कुप्रथा के विरुद्ध खड़े होंगे, बल्कि समाज को भी जागरूक करने में अपना योगदान देंगे। आयोजन समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल अभ्यास

**रतिया, 31 मई ( अमन सेठी ) :** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के सयुंक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार जिला योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार व जिला योग विशेषज्ञा डॉ.अम्बिका पांटा के आदेशानुसार पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया गया। आयुष योग सहायक सुरेंद्र शर्मा,पूजा कटारिया व एलिश द्वारा योग साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया जिसमें शिथिलीकरण के अभ्यास, स्कंध खिंचाव,कटि चालन,घुटना संचालन,खड़े होकर करने वाले अभ्यास, बैठकर करने वाले अभ्यास, पेट के बल लेट कर करने वाले अभ्यास,पीठ के बल लेट कर करने वाले अभ्यास आदि करवाये गए। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण,डीपीई राजेश कुमार सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद थे। सभी ने योग के महत्व को समझा और योग साधकों को प्रोत्साहित किया। योग से होता है शारीरिक व बौद्धिक विकास,यह बात इस योग प्रोटोकॉल अभ्यास से स्पष्ट हुई। योग एक ऐसी विधा है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है।



## धर्म की रक्षा हेतु गुरु अर्जुन देव जी की शहादत से युवा पीढ़ी ले प्रेरणा : महंत दीपक प्रकाश



पिहोवा, 31 मई ( विवेक ) : गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर दीवान कॉलोनी में छबील लंगर लगाया गया। इसमें वार्ड नंबर 13 से नगर पालिका पार्षद महंत दीपक प्रकाश ने मुख्य सेवक के तौर पर संगत का सहयोग किया। महंत दीपक प्रकाश ने कहा कि सिख गुरुओं ने सबसे ज्यादा यातनाओं को अपने ऊपर झेला, लेकिन अपने धर्म और मानवता पर आंच नहीं आने दी। गर्म तवे पर बिठाए जाने के बावजूद गुरु अर्जुन देव जी अपने धर्म से एक कदम भी पीछे नहीं हटे। उनकी शहादत को हम सभी नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं। जो दीवान कॉलोनी की संगत के बीच में सेवा का मौका मिला है। पार्षद दीपक महंत ने कहा कि ये धार्मिक भूमि गुरुओं की कर्मस्थली है। गुरु नानक देव जी ने इस पवित्र भूमि से समाज को एक नया रास्ता दिखाया। जो देश के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, प्रभजोत सिंह विर्क, लखविंदर सिंह, राजवीर सिंह, विक्रम सिंह, सतनाम सिंह, मनप्रीत सिंह, निशांत सिंह, प्रीतम सिंह, अमरिंदर सिंह सन्नी, सुखविंदर सिंह, दलविंदर सिंह, श्रवण कुमार व जसमेर सिंह सहित संगत मौजूद रही।

## विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) : राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाय में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य उमेद सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय ने होनहार विद्यार्थियों को पुष्प-मालाएं पहनाकर और नकद पुरस्कार से भी नवाजा। इस अवसर पर मुख्याध्यापक डॉ. लोकेश शर्मा ने विद्यालय के उत्तम परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है और पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत प्रवक्ता राजीव कौशिक ने अत्यंत सुचारू व प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान जगराम, सभी स्टाफ सदस्यगण, विद्यार्थियों के अभिभावक तथा अन्य अनेकानेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यालय में एक उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण किया और अन्य विद्यार्थियों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## बलदेव शर्मा बने इनेलो के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष



शाहाबाद मारकंडा, 31 मई ( रूबी ) : इनेलो जिला कार्यकारिणी के विस्तार में शनिवार को बलदेव राज शर्मा डींग को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष जयपाल चढ़ूनी ने बताया कि इनेलो पार्टी के साथ दिन-प्रतिदिन आम जनता जुड़ रही है, क्योंकि जनता ने पहले कांग्रेस और अब भाजपा का शासन काल देख लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान से विचार विमर्श के बाद बलदेव शर्मा को जिला उपाध्यक्ष व गुरजंट खरींडवा को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष बलदेव शर्मा ने पार्टी सुप्रीमों अभय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य चौटाला, अर्जुन चौटाला सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह इस जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। बलदेव शर्मा की नियुक्ति पर हल्का प्रधान सुबे सिंह ल्योड़ी, जसविंदर ठोल, इनेलो एससी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप अजराना, मदन गोपाल, रामचंद्र ढोला माजरा ने बधाई दी।

### निर्जला एकादशी पर होगा श्री खाटू श्याम संकीर्तन

सफीदों, 31 मई ( एस.के.मित्तल ) : नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर में आगामी 6 जून शुक्रवार को ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रधान राजेंद्र मित्तल ने बताया कि यह संकीर्तन सांय सवा 7 बजे से प्रारंभ होगा और बाबा श्याम की इच्छा तक चलेगा। इस संकीर्तन में भजन गायक पहुंचकर बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा इस संकीर्तन में शिरकत करके धर्म लाभ कमाएं।

## 4 घंटे रहेगी बिजली सप्लाई बंद


सफीदों, 31 मई ( एस.के.मित्तल ) : दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सफीदों के एसडीओ अंकुश गर्ग ने बताया कि 33 केवीए गांव सिंघाना, 33 केवीए सेक्टर-9 सफीदों में 1 जून रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक मुरम्मत का कार्य किया जाएगा।

जिसके चलते गांव सिंघाना, मुआना, छाप्पर, जयपुर, रामपुरा, सिल्लाखेड़ी, बहादुरगढ़ के अलावा सफीदों के रामपुरा रोड़, एमजी रोड़, नया बस स्टैंड क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, राजीव कॉलोनी, मेन बाजार, जींद रोड, आदर्श कॉलोनी, जींद रोड इंडस्ट्री की सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने नगर निवासियों से अपील की कि वे इस शैड्यूल के मुताबिक अपने कार्यों की व्यवस्था बना लें ताकि उनको परेशानी ना हो।

# न्याय, प्रशासनिक दक्षता, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की एक विलक्षण प्रतीक पुण्य श्लोका लोक माता अहिल्या बाई होल्कर : धर्मवीर रेतरिया

हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) : अहिल्या बाई होल्कर का नाम भारतीय इतिहास में न्याय, प्रशासनिक दक्षता, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की एक विलक्षण प्रतीक के रूप में लिया जाता है। वे न केवल मालवा की रानी थीं, बल्कि एक ऐसी शासक थीं जिन्होंने स्त्री नेतृत्व की परंपरा को एक नई दिशा दी। अहिल्या बाई का जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक महिला, जब सत्ता और सेवा दोनों को संतुलित करती है, तो वह युग निर्माण कर सकती है। उन्हें अक्सर न्याय की देवी के रूप में सम्मानित किया जाता है, और यह सम्मान केवल एक उपाधि नहीं बल्कि उनके चरित्र और कार्यों की सच्ची अभिव्यक्ति है। अहिल्या बाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के चौड़ी गाँव में हुआ था। वे एक सामान्य किसान परिवार से थीं। उनके पिता माणकोजी शिंदे एक धर्मपरायण व्यक्ति थे और उन्होंने अपनी पुत्री को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा दी। जब मल्हार राव होल्कर ने उन्हें पहली बार देखा, तो वे उनकी प्रतिभा और सरलता से प्रभावित हुए और अपने पुत्र खांडेराव होल्कर से उनका विवाह करवा दिया। इस प्रकार अहिल्या बाई होल्कर इंदौर के होल्कर वंश में आईं।

खांडेराव होल्कर की असामयिक मृत्यु के बाद, अहिल्या बाई ने पति वियोग की पीड़ा को अपने जीवन का अंत नहीं बनने दिया। बाद में जब उनके ससुर मल्हार राव होल्कर का भी निधन हो गया, तब उन्होंने 1767ई. में इंदौर की बागडोर संभाली। उस समय का भारत राजनीतिक अस्थिरता और आंतरिक कलह से जूझ रहा था। पर अहिल्या बाई ने जिस आत्मबल, समझदारी और न्यायप्रियता से राज्य का संचालन किया, वह न केवल मालवा बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए एक उदाहरण बन गया।





अहिल्या बाई का न्याय प्रशासन अत्यंत प्रभावशाली और प्रगतिशील था। उन्होंने कभी भी जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया। उनके दरबार में जब कोई व्यक्ति न्याय की गुहार लेकर आता, तो उसे बिना देर किए निष्पक्ष निर्णय मिलता। वे अपने न्याय के लिए इस हद तक प्रसिद्ध थीं कि दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग अपने विवादों के समाधान के लिए इंदौर आते थे। उनके न्यायिक आदेशों में संवेदनशीलता और नैतिकता की झलक मिलती थी। वे अपराधी को दंडित करती थीं, पर साथ ही उसे सुधारने का भी अवसर देती थीं। उनका न्याय दृष्टिकोण मात्र दंड तक सीमित नहीं था, बल्कि वे समस्याओं की जड़ तक जाती थीं। एक बार एक व्यापारी ने शिकायत की कि उसका माल चोरी हो गया है। जब चोर पकड़ा गया और उससे माल बरामद हुआ, तो अहिल्या बाई ने न केवल उस व्यापारी को न्याय दिलाया, बल्कि उस चोर के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच करवाई और उन्हें जीविका चलाने के लिए सहायता भी दी। यह दिखाता है कि उनका न्याय केवल नियमों के कठोर पालन तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें करुणा और समझ भी समाहित थी।

अहिल्या बाई एक कुशल प्रशासक भी थीं। उन्होंने अपने राज्य में सड़कों, कुओं, धर्मशालाओं, पाठशालाओं और मंदिरों का निर्माण करवाया। उन्होंने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, गया, अयोध्या, द्वारका, मथुरा और हरिद्वार जैसे धार्मिक स्थलों पर पुनर्निर्माण कार्य करवाए। उनका मानना था कि धर्म और संस्कृति समाज को जोड़ते हैं, और इन स्थलों के विकास से लोगों की आस्था मजबूत होती है। परंतु, यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने कभी भी एक धर्म विशेष का पक्ष नहीं लिया। वे सभी धर्मों का समान सम्मान करती थीं।

उनके शासनकाल में किसानों की स्थिति भी बेहतर हुई। उन्होंने जलसंचयन की नई तकनीकों को अपनाया और सिंचाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया। कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया गया, जिससे किसानों का शोषण रोका जा सके। व्यापारियों को सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान की गईं जिससे व्यापार में वृद्धि हुई और राज्य समृद्ध हुआ। अहिल्या बाई होल्कर का जीवन एक संत की तरह था। वे स्वयं को सेविका मानती थीं, रानी नहीं। उनके शाही वस्त्र अत्यंत सादे होते थे और वे सरल जीवन जीती थीं। वे प्रातःकाल धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करतीं, फिर जनता की समस्याओं को सुनतीं और राज्य के कार्यों में व्यस्त हो जातीं। उनकी दिनचर्या संयम, अनुशासन और सेवा से परिपूर्ण थी। वे कहती थीं, राजा का पहला कर्तव्य प्रजा की सेवा है, न कि अपने वैभव का प्रदर्शन। उनके दरबार में महिलाओं को भी उच्च स्थान प्राप्त था। उन्होंने कई विधवाओं को पुनर्विवाह का अवसर दिया, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। उनके शासनकाल में महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। वे बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के पक्ष में थीं, और उनका यह दृष्टिकोण उस युग के लिए अप्रत्याशित था। अहिल्या बाई का शासन काल लगभग 30 वर्षों तक चला और यह कालखंड मालवा के इतिहास में स्वर्ण युग के रूप में जाना जाता है। 13 अगस्त 1795 को जब उनका देहावसान हुआ, तो पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन के बाद भी उनकी स्मृति जीवित रही और आज भी वे एक प्रेरणा स्रोत हैं। इंदौर और महेश्वर में उनकी मूर्तियाँ केवल एक रानी की नहीं, बल्कि न्याय, धर्म, सेवा और शक्ति की प्रतीक के रूप में पूजी जाती हैं। आज जब हम नेतृत्व, न्याय और प्रशासन की बात करते हैं, तो अहिल्या बाई होल्कर का उदाहरण अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। उनका जीवन दिखाता है कि नैतिक मूल्यों पर आधारित नेतृत्व कैसे एक समृद्ध, सशक्त और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना कर सकता है। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया, और यही कारण है कि वे केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक आदर्श हैं। अहिल्या बाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति की मूर्तिमान मिसाल हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि करुणा, न्याय और संकल्प शक्ति के साथ कोई भी व्यक्ति - चाहे वह महिला हो या पुरुष - समाज की दिशा और दशा बदल सकता है। उनके न्यायपूर्ण शासन और जीवन मूल्यों को देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वे वास्तव में न्याय की देवी थीं, जिन्होंने अपने कर्तव्यों से इतिहास को नया स्वरूप दिया। आज उनकी 300वीं जन्मजयंती पर उन्हें सादर नमन।

# अब ड्रोन से होगी नालों की सफाई की निगरानी, गंदगी व ब्लॉकेज का भी चलेगा पता

*ड्रोन से बनाई जाएगी नालों के सफाई कार्य, गंदगी व ब्लॉकेज की वीडियो, नालों की सफाई की निगरानी के लिए नगर निगम ने ड्रोन से वीडियो बनाने की शुरू की प्रक्रिया*

यमुनानगर, 31 मई ( दिनेश कुमार ) : नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। बड़े नालों की सफाई का कार्य एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। नालों की रोजाना अधिक से अधिक एरिया में अच्छे ढंग से सफाई हो, इसको लेकर मेयर सुमन बहमनी, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, निगम आयुक्त अखिल पिलानी, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह नालों की सफाई का निरीक्षण कर रहे है। वहीं, मुख्य सफाई निरीक्षक व सफाई निरीक्षक निगरानी कर रहे है। लेकिन अब नगर निगम द्वारा ड्रोन से नालों की सफाई के कार्य की निगरानी की जाएगी। ड्रोन से नालों की सफाई की वीडियो बनाई जाएगी। रोजाना की नालों की सफाई की रिपोर्ट नगर निगम आयुक्त व अन्य उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने अधिकारियों व एजेंसी के ठेकेदारों को मानसून से पहले सभी नालों की पूरी तरह सफाई करने के निर्देश दिए है। ताकि मानसून में शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

**नालों की ब्लॉकेज का भी चलेगा पता**



मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बड़े नालों के साथ अब छोटे नालों की भी सफाई की जा रही है। मानसून से पहले नालों की सफाई का कार्य निपटाया जाएगा। नालों की सफाई कार्य की निगरानी अब ड्रोन द्वारा रखी जाएगी। ड्रोन से जहां नालों की सफाई की वीडियो बनाई जाएगी। ड्रोन से नालों की कहां सफाई नहीं हुई इसकी भी जानकारी पता लगेगी। इसके अलावा नालों में कहां गंदगी है, कहां से नाला ब्लॉक है, कहां नाले पर अतिक्रमण है इसका भी पता लगेगा। ताकि इसका पता लगाकर नालों की समय पर सफाई कराई जा सके।

**नालों में गंदगी फेंकने वालों पर भी होगी कार्रवाई**

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नालों की सफाई में नगर निगम का सहयोग करें। अक्सर देखने में आता है कि लोग नालों में टूटा हुआ फर्नीचर, खराब बिस्तर, प्लास्टिक, पॉलिथीन, बैग, कपड़े आदि कचरा डाल देते हैं। जिससे नाले जाम हो जाते हैं। यह आदत खुद जनता के लिए मुसीबत का कारण बनती है। आमजन से अपील है कि वे नालों में कचरा न फेंके। कचरा केवल डोर टू डोर आने वाले निगम के वाहन में ही डाले। ड्रोन से अब नालों में कचरा फेंकने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। जो व्यक्ति नाले में कचरा डालता पाया गया, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## लखमड़ी डेरा में नगर खेड़ा का भव्य जीर्णोद्धार, शोभायात्रा के साथ कलश स्थापना व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

बाबैन, 31 मई ( राजेश कुमार ) : लखमड़ी डेरा में आज ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से नगर खेड़े का जीर्णोद्धार सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद गांव में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पारंपरिक गीतों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और गांव की परिक्रमा की। युवाओं और बच्चों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धा और उमंग के साथ प्रदर्शन किया। यात्रा में देवी-देवताओं की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं,





जिन्हें फूलों और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया गया था। नगर खेड़ा स्थल पर पं. कालू राम शर्मा, कुलदीप शर्मा, संदीप शर्मा, संजीव शर्मा व शंटी शर्मा ने पूजा-पाठ, हवन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नगर खेड़ा पर कलश स्थापना करवाई। इस अवसर पर विभिन्न देवी-देवताओं की नई मूर्तियों को विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा के साथ स्थापित किया गया। इन मूर्तियों में माता दुर्गा, भगवान शिव, श्री राम, हनुमान जी और अन्य लोक देवताओं की सुंदर प्रतिमाएं शामिल हैं।

गांव के बुजुर्गों व प्रधान संजीव कुमार, रणधीर सिंह, नरेश सिंह व बलबीर नम्बरदार ने गांव नगर खेड़े के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्षों बाद गांव में इस तरह का आयोजन हुआ है, जिससे पूरे गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह गांव की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन लखमड़ी डेरा के इतिहास में एक नई प्रेरणा बनकर सामने आया है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और आस्था से जोड़ने का कार्य करेगा। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। युवाओं ने आयोजन की व्यवस्था और सेवा कार्यों में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समूचा गांव एक धार्मिक मेले की तरह सजा हुआ दिखाई दिया और श्रद्धालुओं की भीड़ से जगह-जगह रौनक बनी रही। इस अवसर पर मान सिंह, रमेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, जगदीश चंद्र, रघुबीर सिंह, सप्पटर सिंह पिरथी राज के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जल सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नही : रामपाल लाठर





तरावड़ी, 31 मई ( छाया शर्मा ) : भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला की ओर से गांव सौंकड़ा के राजकीय सीनियर सकैंडरी स्कूल में वाटर कूलर लगवाया गया। जिसका शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष रामपाल लाठर ने स्कूल की बेटियों से करवाया। बेटियों ने रिबन काटकर वाटर कूलर स्कूल को समर्पित किया। इससे पहले आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसीपल डा. अशोक कुमार के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने परिषद अध्यक्ष रामपाल लाठर एवं सरपंच प्रतिनिधि दिलावर सिंह का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

स्कूल की छात्राओं शिवानी, हरप्रीत, नेहा, तमन्ना ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का सम्मान किया। परिषद के अध्यक्ष रामपाल लाठर ने स्कूल में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसमें सीता ने 90 प्रतिशत अंक, लाजो ने 88 प्रतिशत व सुहाना ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि जल सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नही है। जल पिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि स्कूल की तरफ से वाटर कूलर न होने की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। जिसके बाद शहर के ही एक उद्योगपति परिवार ने भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला को वाटर कूलर भेंट किया। जिसके बाद यह वाटर कूलर गांव सौंकड़ा के सरकारी स्कूल में लगवाया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले परिषद की ओर से एक दर्जन से अधिक वाटर कूलर लगवाए जा चुके हैं। लाठर ने स्कूल प्रशासन को समय रहते और अधिक बच्चों के लिए मदद करने का भी आश्वासन दिया। सचिव रणजीत भारद्वाज ने कहा कि परिषद को शहर के उद्योगपतियों व समाजसेवियों का सहयोग हमेशा मिलता रहता है। यह वाटर कूलर भी गुप्त दान के रूप में दिए जाने पर उन्होंने उद्योगपत्ति का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डा. अशोक कुमार, अध्यक्ष रामपाल लाठर, सचिव रणजीत भारद्वाज, कोषाध्यक्ष बलजिंदर कम्बोज, बलवन्त सिंह, सन्दीप सिंह, बलकार सिंह, दीपू सगवाल, दलीप सिंह, सरपंच सोकड़ा सुपुत्र दिलावर सिंह, अध्यापक जितेन्द्र त्यागी, विदुर भाटिया, निर्मल सिंह, जंग बहादुर, कृष्ण लाल, जगदीप सिंह, राजीव कश्यप, कुलदीप कुमार, उर्मिला, विनोद कुमार, मोहित कुमार व सोनिया समेत स्टाफ सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तम्बाकू जानलेवा है, इसे आज ही छोड़ें : चिकित्सा अधिकारी

कलायत, 31 मई ( सूबे सिंह मोर ) : हर वर्ष 31 मई मनाए जाने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर उपमंडल नागरिक हस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव मित्तल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत बनाने एवं नशे के दुष्प्रभावों पर सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्तर पर सेमिनारों, गोष्ठियों एवं वक्तव्यों जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में संस्था के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दौरा कर छात्रों और अध्यापकों को सम्बोधित किया गया। डॉ. हिमांशु ने अपने प्रेरक सम्बोधन में मानव जीवन में तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से हमारा शरीर दमा, टीबी, कैंसर जैसी अनेक तरह की खतरनाक बीमारियों की चपेट में आ जाता है। इसलिए तम्बाकू जानलेवा है, इसे आज ही छोड़ दें अन्यथा पछताने के सिवा कुछ नहीं बचेगा। तंबाकू के सेवन से दिल की धड़कनें और ब्लड प्रेशर तेज



हो जाता है, जिससे घबराहट होने लगती है। खून के संचार में रुकावट पैदा होने लगती है और फेफड़े ठीक ढंग से काम नहीं कर पाते। खांसी, थकान और सांस टूटने/फूलने की समस्या पैदा हो जाती है। हार्ट अटैक यानि दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। मुंह, गले, भोजन नली और ब्लैडर आदि में कैंसर होने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए तंबाकू या तम्बाकू उत्पादों का सेवन न तो खुद करें और न ही दूसरों को करने दे। स्वास्थ्य कर्मी रणदीप सिंह व श्यामसुन्दर ने सभी उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को किसी भी तरह के तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलवाई। साथ आह्वान किया कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिंदगी चुने, तम्बाकू नहीं। फार्मासिस्ट राहुल शर्मा और स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीरानी ने बताया कि तम्बाकू के सेवन से न केवल रूपए-पैसे की हानि होती है बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और चरित्र का भी विनाश होता है। इसलिए, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, युवाओं और पूरे समाज को नशे से दूर रहते हुए एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना है। इस मौके पर प्रधानाचार्य द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया गया और साथ ही तंबाकू एवं उससे संबंधित किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करने बारे प्रेरित किया।

# श्री अरूट महाराज की जयंती मौके शहर के इंपीरियल गार्डन में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन

**रतिया, 31 मई ( अमन सेठी ) :** श्री अरूट महाराज की जयंती मौके शहर के इंपीरियल गार्डन में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल, विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोडा, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना, भाजपा मंडलाध्यक्ष अंकित सिंगला, डीएसपी नर सिंह शामिल हुए, अरोड़वंश महासभा फतेहाबाद के अध्यक्ष आजाद सचदेवा सदस्यों सहित, समाजसेवी अशोक मदान, शहरी एसएचओ रणजीत सिंह सहित शहर की भिन्न भिन्न समाजिक संस्थाओं ने कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर ने की। इस मौके कार्यक्रम में पहुंची मुख्यातिथि एवं अतिथि का फूल मालाओं एवं बुक्के देकर स्वागत किया गया। वहीं रक्तदान कैंप से पूर्व धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। इस मौके श्री सुखमणी सेवा सोसायटी की सदस्यों द्वारा जपुजी साहिब के पाठ से की गई। इस मौके पर सरबत के भले की अरदास रणजीत सिंह बिट्टू ने की। इसके पश्चात मुख्यातिथि व विशेष अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा श्री अरूट महाराज की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्वलित करते हुए पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मंच का कुशल संचालन एडवोकेट सतपाल सेठी ने किया। वहीं कार्यक्रम मौके प्रधान सचिव देविन्द्र ग्रोवर आए हुए सदस्यों का स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत में भारती निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने बखूबी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



इस मौके युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी सदस्यों ने अध्यक्ष डा पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में बढ़ चढ़ कर सेवाएं दी। इस मौके पर मुख्यातिथि सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक उत्तम सेवा है जिसके द्वारा किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इस रक्तदान कैंप में ब्लड बैंक अग्रोहा से डा सर्वेश बजाज के नेतृत्व में टीम व दूसरी गुप्ता ब्लड बैंक बठिंडा से टीम पहुंची जिन्होंने 251 यूनिट रक्त एकत्रित किया। वहीं इस मौके सर्वेश अस्पताल से डा प्राजकता परचाके टीम सदस्यों के साथ पहुंची जिन्होने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। अरोड़वंश महासभा के समाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने रक्तदान कर रहे डोनरों का हौसला भी बढ़ाया। वहीं इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भी अपने संबोधन में कहा है जिले में अरोड़वंश महासभा समाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत रक्तदान एक महत्वपूर्ण सेवा प्रमुख रूप से है। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन मौके प्रोजेक्ट चेयरमैन भीष्म भटेजा एवं सहयोगी महावीर ग्रोवर, नरेश कक्कड़, रामदास मोंगा, नरेश ठकराल सहित सदस्यों का स्मृति चिह्न एवं शाल भेट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर फतेहाबाद अरोड़वंश सभा के पूर्व प्रधान एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन मोहरी राम ग्रोवर, नरेश सचदेवा, केके अरोड़ा, गुरमीत मोंगा, सुखवंत मोंगा, गुरबखश मोंगा, बृजलाल ग्रोवर, मदन डोडा, महावीर ग्रोवर, सतपाल सेठी, सुखचरण अरोड़ा, देविन्द्र ग्रोवर, खेमचंद मोंगा, राजेन्द्र मोंगा, रामप्रकाश मोंगा, सुरेश झांब, मोहन ग्रोवर, सुभाष सचदेवा, बीएल बत्तरा, अवतार धींगडा, सतीश सेठी, प्रेम सेठी, रामकुमार सचदेवा, गुलाब ग्रोवर, राजकुमार सचदेवा, हैप्पी सिंह सेठी, गुलशन मोंगा, मोहन चिलाना, कुमार सचदेवा, हरप्रीत ग्रोवर गोहित धींगडा, रम्मी ग्रोवर अनमोल सचदेवा, आरूश ग्रोवर, सतीश अरोड़ा पवन सचदेवा सहित बड़ी संख्या में महासभा सदस्य एवं युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे।


# शहीदी दिवस पर गुरु घर गुमटसर पहुंचकर शहीद गुरु अर्जन देव जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित

**रतिया, 31 मई ( अमन सेठी ) :** मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया के कनिष्ठ वर्ग तथा कक्षा प्रथम से तीसरी तक के बच्चों ने आज सिख धर्मगुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर गुरु घर गुमटसर पहुंचकर शहीद गुरु अर्जन देव जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की तथा गुरु घर में पहुंचकर गुरु वाणी को सुना।



मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया के प्राचार्य लोकेश खुराना ने सुबह प्रार्थना सभा के दौरान सर्वप्रथम गुरु अर्जन देव जी को श्रद्धांजलि देने के पश्चात बच्चों को गुरु अर्जन देव जी की शहादत से रूबरू करवाते हुए बताया कि हर साल 30 मई तथा जेठ मास के चौथे दिन गुरु जी की शहीदी को याद किया जाता है। उन्होंने बताया गुरु अर्जन देव जी सिख धर्म के पांचवे गुरु 18 साल की उम्र में बने तथा उन्होंने स्वर्ण मंदिर की स्थापना की शुरुआत की वहीं दूसरी तरफ गुरु ग्रंथ साहब जी का संकलन किया तथा सन 1606 में मुगल शासक जहांगीर के खिलाफ आजादी की जंग लड़ते हुए शहीद हो गए। प्राचार्य महोदय ने बताया हमारे गुरुओं की शहादत और उनके मार्गदर्शन तथा उनकी वाणियो की बदौलत आज हम स्वतंत्रत तथा खुली हवा में सांस ले रहे हैं ,इसलिए हमें हमारे गुरुओं के प्रति सच्ची श्रद्धा तथा निष्ठा रखना अति आवश्यक है ताकि हम अपने गुरुओं के इतिहास से दुनिया को रूबरू करवा सकें। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक वसंतलाल बत्रा, चेयरपर्सन कनुप्रिया खुराना, उप प्राचार्य साक्षी बत्रा ने भी गुरु महाराज के चरणों में श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किए।

# इनेलो पार्टी ने कैथल जिला की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का किया गठन



**कैथल, 31 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** इनेलो पार्टी के संगठन का विस्तार करते हुए शुक्रवार को इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर पहलवान और कैथल जिला के एससी सैल के प्रभारी रामनिवास मेहरा की मौजूदगी में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कैथल की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इनेलो पार्टी को मज़बूत करने का संकल्प लिया। कैथल जिला की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की नई जिला कार्यकारिणी में रामनिवास मेहरा कोलेखां को जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। सुभाष को पुंडरी, तरसेम को गुहला, फूल सिंह को कलायत और चैन सिंह को कैथल का हलका प्रधान बनाया गया है। रोहताश बेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश कुमार, गुरनाम सिंह, पवन, रामपाल, संजय कुमार, राहुल, ऋषिपाल, दर्शन, सुशील, संदीप, विक्की, राजीव, राजेश, बिंदर, करतार पहलवान, वेद प्रकाश, परमा और रोहताश को उपध्यक्ष, रामपाल सिरोही को प्रधान महासचिव, पालाराम कैलरम, कर्मवीर, बलराज, पालाराम सेरदा, रघुबीर सिंह, सुनील कुमार, रोहतास, बीरा राम, कपिल, सलिन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र, गुरमीत और अशोक कुमार को महासचिव, मोहनलाल को संगठन सचिव, अजय, बलवान सिंह, चुन्नी लाल, कृष्ण, महताब, दयानंद, नरेश, राहुल, रामदिया और सतनाम को सचिव सतपाल को कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार, बलराज सिंह, जगमाल और मुकेश को प्रचार सचिव बनाया गया है।

# आप्रेशन शील्ड ड्रिल में एयर स्ट्राइक व आग लगने से दर्जनों लोगों को बचाया

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि आप्रेशन शील्ड ( मॉक ड्रिल ) में एयर स्ट्राइक व आग लगने से दर्जनों लोगों को बचाया गया। इन सभी लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। शहर के ब्रह्मसरोवर, पिहोवा के सैंसन पेपर मिल और शाहाबाद के शुगर मिल पर ऑपरेशन शील्ड का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वो जिला में शांति बनाए रखें और ऐसे प्रयोग के समय प्रशासन का सहयोग करें। ऑपरेशन शील्ड के पहले चरण में ब्रह्मसरोवर पर राहत टीमें मौके पर पहुंच गई। इस कार्य करवाने के लिए आए लोगों को तुरंत बाहर जाने के निर्देश दिए। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में तीन जगहों पर आप्रेशन शिल्ड के तहत मॉक ड्रिल की गई। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर, पिहोवा के सैंसन पेपर मिल और शाहाबाद के शुगर मिल पर आप्रेशन शील्ड का सफल आयोजन किया गया। इस ऑपरेशन शील्ड में एयर स्ट्राइक और आगजनी से घायल लोगों को तुरंत राहत टीमों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया और अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां और अन्य सेवाएं उपलब्ध रही। इन जगहों को समय रहते खाली करवा लिया गया और जितने भी घायल लोग थे उनका तुरंत उपचार किया गया। इस ऑपरेशन शील्ड के दौरान फायर बिग्रेड की टीमों द्वारा आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शील्ड के बाद प्रशासन द्वारा आंकलन किया जाएगा कि कहां-कहां पर कमियां रही ताकि उन कमियों को दूर किया जा सके। इस प्रकार के ऑपरेशन शील्ड भविष्य में भी समय-समय पर किए जाएंगे। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार, केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




# राजदूत डॉ. दीपक वोहरा ने माउंटेन व्यू स्कूल में बच्चों को भारत निर्माण की महत्ता समझाई



**रायपुररानी, 31 मई ( देवेन्द्र सिंह ) :** माउंटेन व्यू स्कूल भूरेवाला में शनिवार को भारत सरकार के पूर्व राजदूत एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ डॉ. दीपक वोहरा ने इंडिया बना भारत विषय पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण की अहमियत और हर नागरिक की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है, जो संविधान, संस्कृति और राष्ट्रीय संकल्पों से सशक्त होता है। इस अवसर पर डॉ. वोहरा ने कहा कि देश की प्रगति में केवल सरकार का योगदान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी भी अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के प्रति गर्व, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी की भावना से ओतप्रोत रहने की प्रेरणा दी। साथ ही, भारत की वैश्विक स्थिति, आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में हो रहे महत्वपूर्ण प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वोहरा ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके सवालों के जवाब भी दिए और युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप चौधरी, शिक्षकगण और अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने डॉ. वोहरा के विचारों की सराहना की और इसे छात्रों के लिए प्रेरक बताया। साथ ही, विद्यालय प्रबंधन ने डॉ. दीपक वोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह व्याख्यान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय चेतना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मनुष्य संसार में अकेला आता है और अकेला ही चला जाता है : उपेन्द्र मुनि

**सफीदों, 31 मई ( एस. के. मित्तल ) :** नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री एसएस जैन स्थानक में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चमत्कारी बाबा प्रेमसुख महाराज के सुशिष्य पंडित रत्न उपेंद्र मुनि महाराज ठाणे-4 ने कहा कि सांसारिक लोग कहते हैं कि यह मकान मेरा है, यह बगीचा मेरा है, ये मेरे आने जाने के साधन व नौकर चाकर हैं। परंतु मनुष्य यह नहीं सोचता कि मृत्यु के महामार्ग पर उसे अकेला ही चलना है। यहां कोई किसी का साथी नहीं और ना ही यहां पर कोई वस्तु स्थाई है। इस नश्वर संसार से मनुष्य को जिस प्रकार से वह अकेला आया था, उसी प्रकार उसे अकेले ही विदाई देनी है। उपेंद्र मुनि ने कहा कि सुनो! जब तुम्हारे जाने की बारी आएगी तब तुम जिस प्राण प्यारी पत्नी पर गर्व करते हो, वह मृत्यु के समय विलाप करती हुई एक कोने में बैठी रहेगी। तेरे ऊपर अत्यंत स्नेह रखने वाली माता भी घर के बाहर केवल दरवाजे तक पहुंचाने आएगी तथा स्वजन, परिजन, मित्रजन केवल श्मशान तक ही साथ आएंगे। जिस



शरीर से मनुष्य का निकट का संबंध है, वह भी श्मशान में जलकर राख हो जाएगा। मनुष्य को श्मशान से आगे का रास्ता स्वयं अकेले ही तय करना है। उपेंद्र मुनि ने कहा कि जिस द्रव्य को अनेक मनुष्यों की सेवा करके, जान को जोखिम में डालकर इकट्ठा किया है, ऊंची-ऊंची खूबसूरत अट्टालिकायें बनवाई है, क्या यह सब तुम्हारे सहायक बनकर साथ चल सकेंगे, कदापि नहीं। जब अंत समय की वेदना का उपभोग करते हुए बेहोशी में जाओगे तथा दूसरी गति में मौन भाव से प्रस्थान करोगे, तब धन, संपत्ति, और हवेली एक क्षण भी मनुष्य का साथ नहीं देंगी। मृत्यु के महामार्ग पर कदम बढ़ाते समय तुम अकेले ही होगे और तुम्हारे चारों तरफ शमशान होगा। मनुष्य जन्म लेकर खाली हाथ बंद मुट्ठी में पैदा होता है, परंतु मृत्यु के समय तो हाथ खुले रहते हैं। वे खाली हाथ पूरे संसार को सूचित करते हैं यहां का मिला, यहीं पड़ा रहा और खाली हाथ जाना पड़ता है। मेहनत की बहुत कुछ मिला परंतु हाथ में कुछ न रहा। आंकड़े बोलते हैं कि इस पृथ्वी पर हर मिनट में 33 आदमियों की मृत्यु होती है। गरीब भी मरते हैं और अमीर भी। परंतु किसी के साथ कुछ नहीं जाता। जीव अकेला आया है और अकेला ही जाएगा।

# सट्टा खाईवाल करते आरोपी गिरफ्तार 30,000/- रुपए बरामद

**हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए 30,000/- रुपए अंशुल पुत्र मुनीष निवासी मुल्तान कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मुल्तान कॉलोनी में सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौका पर जाकर अंशुल पुत्र मुनीष निवासी मुल्तान कॉलोनी को 30,000/- रुपए सहित गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत अभियोग अकिंत किया।

# मंडी बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों की मेहनत लाई रंग, कई धड़ों में बंटी मंडी को छह सालों बाद किया एकजुट, राजीव आर्य चुने गए नए प्रधान

**लाडवा, 31 मई ( रामगोपाल ) :** अनाज मंडी लाडवा में मंडी बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों की मेहनत रंग लाई और कई धड़ों में बंटी अनाज मंडी के 198 आढ़तियों को छह सालों के अथक प्रयास के बाद एक मंच पर लाया गया। 198 आढ़तियों में से सर्वसम्मति से 22 सदस्यों की संघर्ष समिति का गठन किया गया लेकिन इसके बाद भी मंडी में प्रधान पद को लेकर संशय बना हुआ था। कई दिनों से प्रधान पद को लेकर चल रही उठा पटक पर शनिवार को उस समय विराम लग गया जब राजीव आर्य उर्फ विक्की को गुप्त मतदान द्वारा प्रधान चुन लिया गया। राजीव आर्य ने आमने-सामने की टक्कर में अपने प्रतिद्वंदी संजय गर्ग को 14-8 के अंतर से हराया। मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार व कार्यकारी प्रधान स्वीटी भुल्लर ने नव नियुक्त प्रधान राजीव आर्य को नियुक्ति पत्र सौंपा और फूलमाला पहनाकर जीत की बधाई दी। सचिव संत कुमार ने कहा अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण सपन्न हो गया है। उन्होंने कार्यकारी प्रधान व मंडी आढ़तियों का शांतिपूर्ण मतदान करवाने पर आभार व्यक्त किया। इससे पहले तय समय अनुसार सुबह 11 बजे मंडी बचाओ संघर्ष समिति के 22 सदस्यों की एक बैठक अनाज मंडी धर्मशाला में हुई। बैठक में सर्व सम्मति से प्रधान बनाने पर विचार विमर्श किया गया लेकिन लगभग डेढ़ घंटा चली बैठक में सहमति न बन पाने के कारण गुप्त मतदान का निर्णय लिया गया। लगभग एक बजे मतदान शुरू हुआ और मार्किट कमेटी सचिव संत कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद सबसे पहले संघर्ष समिति के सदस्य रणवीर सिंह ने अपने मत का प्रयोग किया और सबसे बाद में समिति के सदस्य सतपाल सिंह ने अंतिम वोट डाला। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद कार्यकारी प्रधान स्वीटी भुल्लर, नोडल अधिकारी संत कुमार व अन्य सदस्यों के सामने वोटो की गिनती का कार्य शुरू किया गया जिसमें राजीव आर्य उर्फ विक्की को 14 व संजय गर्ग को 8 वोट मिले और राजीव आर्य को विजयी घोषित कर दिया गया।



**व्यापारियों का एक छत के नीचे होना मंडी के हित में रहेगा : अशोक गुप्ता :**-अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि मंडी में शुरू से ही एकल प्रधान की प्रथा थी लेकिन कुछ सालों से किसी कारणवश दो से तीन प्रधान बन गए। अलग अलग प्रधान बनने व गुटबाजी के चलते मंडी के व्यापारियों का भारी नुकसान हो रहा था। इसी गुटबाजी के चलते गेहूं के सीजन में आढ़तियों को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

**सभी आढ़तियों को साथ लेकर मंडी हित में करेंगे काम : राजीव आर्य:**- नवनियुक्त प्रधान राजीव आर्य ने कहा कि यह उनकी निजी जीत न होकर सभी आढ़ती भाइयों की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी आढ़तियों को साथ लेकर मंडी के हित में काम करेंगे। नई कार्यकारिणी गठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द ही संघर्ष समिति के सदस्यों की एक बैठक बुलाई जाएगी और सभी से विचार विमर्श कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर जगदीप सिंह, दीपक कुमार ब्रिज भूषण आनंद कुमार सुनील कुमार प्रमोद धवन ईश्वर चंद राकेश खुराना राजू खुराना रघुनाथ सैनी विश्वदीप बेदी सुभाष चंद, बबला बपदी, ऋषि पाल प्रदीप कुमार अंग्रेज सिंह आशु बंसल अरविंद सिंघल सहित भारी संख्या में आढ़ती उपस्थित रहे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप का आयोजन

**करनाल, 31 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में संजीव बंसल सिग्नस हॉस्पिटल की तरफ से नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसका सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा की देखरेख में हुआद्य इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के लगभग 70 से 80 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया तथा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों की सुविधा का लाभ उठायाद्य शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, ईसीजी और जनरल हेल्थ चेकअप जैसी सेवाएं प्रदान की गई।



अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर आबिद अमीन भट्ट तथा उनकी मेडिकल टीम सुमित सैनी, सुशील शर्मा तथा सुनील कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए द्यइस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित करना थाद्य विद्यालय की ओर से सभी ने इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की कामना की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा जी ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखी जीवन की नींव होता है। हमारे स्टाफ सदस्यों की कार्य क्षमता और मनोबल बनाए रखने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर न केवल रोगों की समय रहते पहचान में सहायक होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

# राज्य स्तरीय मेंटर प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे चरण का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में 24 से 31 मई राज्य स्तरीय मेंटर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए मेंटर्स का कक्षा अवलोकन और प्रतिक्रिया देने की क्षमता का विकास किया गया।

इस कार्यशाला में मूलभूत साक्षरता और अंकगणित रटन आधारित शिक्षा से बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए मेंटर्स को प्रशिक्षण दिया गया जो कि आगे चलकर अपने विभिन्न जिलों में अध्यापकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला कुरुक्षेत्र के एफएलएन के संयोजक गौतम दत्त ने बताया कि हमारे यहां कुरुक्षेत्र में हरियाणा के विभिन्न जिलों जैसे भिवानी ,फतेहबाद, जींद, कैथल अंबाला, चरखी दादरी, हिसार व कुरुक्षेत्र के प्रथम चरण में 164 व दूसरे चरण में 172 बीआरपी व एबीआरसी को आठ दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी मेंटर की कक्षा अवलोकन व प्रतिक्रिया देने की क्षमता को मजबूत करना है व डेटा का उपयोग कर शिक्षण प्रणाली में सुधार लाना है। इस प्रशिक्षण से उनकी एफएलएन शैक्षणिक ढांचे की समझ विकसित होगी।

इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि सभी बीआरपी व एबीआरसी को तीन दिवसीय कक्षा अवलोकन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई है जिससे उनकी कार्य क्षमता का विकास होगा जो हमारे विद्यालयों में अध्यापकों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेंगे। इसके पश्चात पांच दिवसीय कार्यक्रम में उन्हें 2025- 26 के शैक्षणिक वर्ष में कक्षा कक्ष में प्रदान की जाने वाली पुस्तकों में आए बदलाव व कार्य रणनीति बारे प्रदान किया गया जिसके कारण आगे जाकर अध्यापकों की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी व उन्हें निपुण लक्ष्यों, संघर्षरत दक्षताओं व संशोधित शैक्षणिक सामग्री और शिक्षण रणनीतियों (हिंदी ,गणित, अंग्रेजी कक्षा 1 से 3 व बाल वाटिका) की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षक समूह के रूप में सतीश रंगा,कोमल रानी, सतीश जांगरा, गुलदीप सिंह, प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार बाल्यान, बलराज, सत्यवान, वीरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अमनदीप ने मुख्य भूमिका अदा की व सभी को प्रशिक्षित किया।

जिला कुरुक्षेत्र की आयोजक कमेटी में प्यारे लाल, अनिल कपूर, मिंटी रोहिला, निशा रानी, प्रमोद कुमार, नीलम, श्री भगवान, नीतू, संजीव रोहिला उपस्थित रहे।

## चर्च को लेकर तनाव, अनहोनी घटना से बचाव के लिए पुलिस बल तैनात

**नीलोखेड़ी, 31 मई ( सुरेश मिड्डा ) :** एक पक्ष द्वारा गोल मार्किट में चर्च की जमीन की दिवार गिराने से दो पक्षों में विवाद हो गया। प्रशासन ने दोनों पक्षों में तनाव को देखते हुए चर्च में पुलिस तैनात कर दी है। एक पक्ष ने चर्च की 290 पर भूमि पर अपना दावा जताते हुए अपने हिस्से में खड़ी दीवार को गिराना शुरू कर दिया। चर्च के लोगों ने इसका विरोध किया और दूसरे पक्ष के लोगों को दीवार गिराने से रोक दिया। इस पक्ष का कहना है कि कोर्ट के आदेश के अनुसार वह अपने 290 गज के हिस्से की दिवार को गिरा कर कंस्ट्रक्शन करना चाहते हैं। लेकिन दूसरा पक्ष धर्म की आड़ लेकर उन्हें अपने हिस्से की दिवार गिराने से रोक रहा है। दूसरा पक्ष कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। दूसरी तरफ चर्च पक्ष का कहना है कि दूसरे पक्ष ने 290 गज के गलत कागजात तैयार करवा कर अपने नाम रजिस्टरी करवा ली है। पहले पक्ष ने इस आरोप पर दलील दी है कि जगह को लेकर चर्च पक्ष के साथ अनेक पंचायतें हो चुकी है। प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष भी मीटिंग हो चुकी है, लेकिन चर्च पक्ष रजिस्ट्री पेश नहीं कर रहा हैं। जबकि उनके पास इस जगह की रजिस्ट्री है। फिलहाल दोनों पक्षों मे तनाव बना हुआ है और किसी अनहोनी घटना से बचाव को लेकर पुलिस ने चर्च तैनात है।

### विनोद रायपुर बने जे.जे.पी के हल्का अध्यक्ष नियुक्त



**नीलोखेड़ी, 31 मई ( सुरेश मिड्डा ) :** रायपुर गांव के विनोद रायपुर को लगातार दूसरी बार जे. जे. पी का हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विनोद रायपुर इससे पहले दुष्यंत चौटाला के डिप्टी सीएम के कार्यकाल में भी जे.जे.पी के हलका अध्यक्ष थे। विनोद रायपुर ने अपनी नियुक्ति के लिए जे जे पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला व पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

### डीएलएसए द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूलों में किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को कहा कि तंबाकू का कभी भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शपथ भी दिलवाई गई कि वो जीवन में कभी भी तंबाकू का प्रयोग नहीं करेंगे और समाज को भी इसके बारे में जागरूक करेंगे।

## एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा हुई समीक्षा मीटिंग





**नीलोखेड़ी, 31 मई ( दर्शन शर्मा ) :** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस के अंतर्गत कार्यरत एम डी डी ऑफ इंडिया करनाल के तहत एम डी डी बाल भवन में पूरे वर्ष के कार्य को लेकर 15 जिलों की एक समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डी एल एस ए चीफ जस्टिस मजिस्ट्रेट एवं सचिव डॉ इरम हसन पहुंची। मुख्य वक्ता के रूप में निशिकांत और सुरभि शिवपुरी पहुंचे एम डी डी ऑफ इंडिया के संस्थापक पी आर नाथ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र मान, अध्यक्ष परमिंदर पाल सिंह एवं मानव संसाधन समन्वयक प्रीति बंसल ने सभी का स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में डॉ इरम हसन ने सभी को अपने विचारों से परियोजना को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में निशिकांत व सुरभि शिवपुरी ने भविष्य में परियोजना में कैसे कार्य करना है इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष में सभी ने बड़ी मेहनत व शिद्दत से बाल हित सर्वोपरि को लेकर जी जान से परियोजना में कार्य किया उसके परिणाम से ही आप सब को अवॉर्ड मिला है। उसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है जिला समन्वयक सुषमा नाथ ने सभी को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे ही हमारी टीम पूरी लगन से कार्य करेगी। भविष्य में भी ऐसे ही आप कार्य करते रहेंगे इस अवसर पर सभी जिला से आई टीमों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी जिला समन्वयक, वी एस सी, सी एस डब्ल्यू के साथ सभी मुख्य कार्यालय के अधिकारी शामिल रहे।

### राजीव आर्य बने लाडवा अनाज मंडी के प्रधान

**लाडवा, 31 मई ( रामगोपाल ) :** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन लाडवा के आज हुए चुनाव में राजीव आर्य लाडवा मंडी के प्रधान चुने गए। काफी समय से अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन को एक करने का प्रयास चल रहा था। जिसके फलस्वरूप लाडवा अनाज मंडी को एक नया प्रधान मिल गया। नवनिर्वाचित प्रधान राजीव आर्य ने सभी आढ़ती



भाइयों का साथ और सहयोग लेकर मंडी की समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, अवतार सिंह सेखों, रमनदीप सिंह दिलालो, विकास सिंहल और मंडी के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# करनाल से श्री खाटू श्याम और सालासर बालाजी धाम के लिए बस यात्रा रवाना

*धार्मिक स्थलों की यात्रा अच्छे संस्कार और विचारों में परिवर्तन लाने में मदद करती : प्रमोद मंगला*

*श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर लिया भाग, जय श्री श्याम के जयघोष के साथ बस यात्रा हुई रवाना*




**करनाल, 31 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से हर माह की भांति इस बार भी अग्रोहा धाम, श्री सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, मुख्य सेवक विकास गर्ग व अन्य सदस्यों द्वारा विधि-विधान से नारियल फोड़कर बस यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। जय श्री श्याम, हारे के सहारे की जय जयघोष के साथ बस यात्रा रवाना हुई। इस अवसर पर प्रमोद मंगला ने कहा कि जो भी व्यक्ति बाबा श्याम के दर्शन करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस कलयुग में श्याम बाबा अपने भक्तों के लिए सहारा बन रहे है। हमें अपने बुजुर्गों व बच्चों को धार्मिक यात्राएं करवानी चाहिए। धार्मिक यात्रा से मन को शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। धार्मिक स्थलों की यात्रा अच्छे संस्कार और विचारों में परिवर्तन लाने में मदद करती है। यात्रा के दौरान, आप विभिन्न धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं को जान सकते हैं, जो आपके दृष्टिकोण और मूल्यों को आकार दे सकते हैं। वहीं मुख्य सेवक विकास गर्ग ने कहा कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति पिछले कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवा रहे है। इस बार अग्रोहा धाम, श्री सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई है। समिति की तरफ से श्रद्धालुओं के खान-पान व रहने के लिए उचित व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रमोद मंगला, मुख्य सेवक विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेंद्र शर्मा, ममता रानी व आशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# माउंट आबू के लिए गेंहू के ट्रक को दी हरी झंडी



**निसिंग, 31 मई ( जोगिंद्र सिंह ) :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय करनाल सेक्टर -9 ओर निसिंग सेंटर की ओर से गेहूं से भरा ट्रक माउंट आबू भेजा गया। ट्रक को हरी झंडी उर्मिला व निर्मल बहन ने दी। जो भोजन की व्यवस्था में सहयोग के मद्देनजर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हमे अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा पुण्य में लगाना चाहिए। जो खुद के अलावा दूसरो के काम आए। खुद के लिए जीना ही जीवन नही है, बल्कि दूसरो के लिए जीना ही सार्थक जीवन माना गया है। जो शिव परमात्मा ने हमे दिया है, उसी का कुछ भाग बाबा को अर्पित किया है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र द्वारा चित्रों की प्रदर्शिनी के माध्यम से लोगों को परमपिता परमात्मा शिव का परिचय देते हैं। ब्रह्माकुमारी उर्मिला बहन ने शरीर और आत्मा का सत्य परिचय देते हुए बताया कि आत्मा की तीन सूक्ष्म शक्तियां होती हैं, जिस प्रकार शरीर की आवश्यकता की पूर्ति पांच तत्वों के माध्यम से होती है उसी प्रकार आत्मा अपने सात गुणों ( आनन्द, ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति ) का अनुभव तीन शक्तियों के माध्यम से करती हैं। मन, बुद्धि और संस्कार। मन आत्मा की पहली शक्ति विचार करने की क्षमता हैं, इच्छा शक्ति हैं, कल्पना करने की शक्ति हैं, महसूस करने की क्षमता हैं। मन को चंचल घोड़ा हैं, तो बुद्धि मन की लगाम हैं। आत्मा की दूसरी सूक्ष्म शक्ति है बुद्धि। मन और बुद्धि का एक दूसरे के साथ गहरा संबंध हैं। मन सोचने की शक्ति है तो बुद्धि समझने की शक्ति है। आत्मा की तीसरी शक्ति है संस्कार। मनुष्य अपने मन के विचारों को बुद्धि की विवेक शक्ति से समझकर जब स्वतंत्र इच्छा से कर्म करने लगता है तब वह कर्म आत्मा पर अपना प्रभाव डालता है वहीं संस्कार है।

## किशोरी की हत्या करके शव सड़क पर फेंकने में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 31 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** किशोरी की हत्या करके शव सड़क पर फेंकने के मामले में सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह तथा एसएचओ गुहला एसआई विजेंद्र सिंह की टीम द्वारा कैथल से आरोपी गांव हंसूमाजरा निवासी मिथुन उर्फ मिट्ठू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला यमुनानगर के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी उसकी 15 वर्षीय बेटी को कुरुक्षेत्र सत्संग में ले जाने की बात कहकर 19 मई को घर से गई थी। अगले दिन जब उसने पत्नी को फोन किया तो उसने कहा कि हम अभी सत्संग में ही है और कल आएगें। लेकिन अगले दिन दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी पत्नी दौड़ते हुए आई और कहा कि उसकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया है, जिससे बेटी की मृत्यु हो गई है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और एक्सीडेंट की बात सही मानते हुए उन्होंने अपनी बेटी का संस्कार कर दिया। लेकिन पत्नी लगातार एक्सीडेंट की बात बदल बदल कर बता रही थी। रविवार को उसकी बेटी की रस्म क्रिया थी। इस दौरान उसकी पत्नी ने रोते हुए उसे बताया कि उसकी बेटी का एक्सीडेंट नहीं हुआ था। उसने बताया कि गांव बकाना निवासी रेखा उसके साथ फैक्टरी में काम करती है। रेखा ने उसकी दोस्ती कैथल के हंसूमाजरा निवासी लाडी के साथ करवाई। इस दौरान एक दिन जब वह रेखा के साथ लाडी से मिलने के लिए गई तो लाडी और उसके बीच शारीरिक संबंध बन गए। उसके बाद भी वह 2-3 बार लाडी से मिलने के लिए गई। एक दिन लाडी ने उसे अपने बेटी को भी लाने के लिए कहा। जब उसने मना किया तो उसने कहा कि अगर उसने ऐसा नहीं किया तो वह मेरे व उसके संबंधों के बारे उसके परिवार व अन्य लोगों को बता देगा। यह बात मैंने रेखा को बताई तो उसने भी मुझे यही कहा कि वह अपनी बेटी को उसके पास ले जाए, नहीं तो वह यह बात सभी को बता देगा। रेखा की बातों में आकर 19 मई को वह सत्संग में जाने की बात कहकर अपनी बेटी को लेकर लाडी के पास चली गई। रेखा भी साथ थी। हंसूमाजरा पहुंचने पर लाडी ने मुझे पुड़िया दी। वह पुड़िया मैंने बेटी को खिला दी। इसके बाद लाडी ने मुझसे संबंध बनाए। फिर वह बेटी के कमरे में चला गया।

## श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 300 बच्चों को पिलाया स्वर्णप्राशन



**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 बच्चों को स्वर्णप्राशन की अमृत बूंदें पिलाई गई। अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन की बूंदें पिलाने पहुंचने अभिभावकों की सुबह से ही ओपीडी के बाहर लंबी कतार लगी हुई थी। दरअसल, स्वर्णप्राशन संस्कार का उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि, स्मरण शक्ति एवं संपूर्ण विकास को बढ़ाना है। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अस्पताल परिसर में कैंप लगाया जाता है, जिसमें कौमारभृत्य विभाग के वैद्य स्वर्णप्राशन संस्कार करते हैं। बता दें कि स्वर्णप्राशन एक आयुर्वेदिक विधि है, जिसमें शुद्ध स्वर्ण भस्म, घृत (घी), मधु और कुछ औषधियों के मिश्रण को विशेष विधि से तैयार कर बच्चों को दिया जाता है। यह परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में कारगर मानी जाती है।

**28 जून को लगेगा कैंप : वैद्य कटारिया**

कौमारभृत्य विभाग के प्रो. वैद्य अमित कटारिया ने बताया कि आगामी पुष्य नक्षत्र 28 जून को स्वर्णप्राशन संस्कार आयोजित किया जाएगा। हर पुष्य नक्षत्र के दिन यह संस्कार बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। स्वर्णप्राशन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। स्मरण शक्ति व बुद्धि विकास में सहायता करता है। यही नहीं, बार-बार बीमार पड़ने वाले बच्चों को स्वास्थ्य लाभ देता है।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 02, 09, 16 और 23 जून को की होगी

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। कुरुक्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 02, 09, 16 और 23 जून को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के 2, 9, 16 और 23 जून को यूएचबीवीएन के मुख्यालय, विद्युत सदन, इंडस्ट्रियल प्लाट-3 और 4, सेक्टर-14, पंचकूला में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होने वाली कार्यवाही में सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## बेसहारा बच्चों का सहारा नालसा का साथी

**यमुनानगर, 31 मई ( दिनेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) व 39 (एफ) की पालना में तथा आधारभूत सिद्धांत न्याय सबके लिए को बेसहारा बच्चों के लिए साकार करने के लिए नालसा में साथी सर्वे फॉर आधार एंड एक्सेस टू ट्रेकिंग एंड होलिस्टिक इंक्लूजन अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत राज्य के लिए, सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को जिला स्तर पर साथी ईकाई गठित करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह अभियान 4 चरणों में विभाजित किया गया है। इस अभियान के तहत पहले निराश्रित बच्चों की पहचान की जाएगी तथा उसके उपरांत उनके लिए आधार पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी अभियान के तहत जिला यमुनानगर में माननीय आरसी डिमरी जिला एवं सत्र न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने साथी ईकाई का गठन किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आरसी डिमरी के मार्गदर्शन में साथी ईकाई के सदस्यों के लिए अनुस्थापन सत्र का आयोजन एडीआर सैंटर यमुनानगर में किया गया। यहां पर साथी ईकाई के सदस्यों को नालसा के साथी अभियान के उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली से अवगत करवाया गया। मौजूद सदस्यों के साथ साथी अभियान को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

### विधायक भगवानदास कबीरपंथी नीलोखेड़ी हल्के के विकास पुरुष : चौ.कर्म सिंह जाम्बा



**नीलोखेड़ी, 31 मई ( दर्शन शर्मा ) :** बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला चेयरमैन एवम् पूर्व सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने पत्रकार वार्ता में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हल्का नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी हल्के के विकास पुरुष सिद्ध हो रहे है। आज पूरा हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी का कायल है। उनकी कार्य करने की शैली बहुत ही उत्तेजित करने वाली व प्रेरणा देने वाली है। उन्होंने कहा कि उसी क्रम में शीर्ष नेतृत्व के आशीर्वाद से विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी पूरे हल्के में विकास के क्षेत्र में चार चांद लगा रहे है। अगर सड़कों की बात करे तो नीलोखेड़ी में लगभग 46 करोड़ 31 लाख से सड़कों का नवीनीकरण होगा। जो कि नीलोखेड़ी हल्का में ये बहुत बड़ी सौगात है। किसानों की फसल खराब न हो इसके लिए भी तरावड़ी में 2 करोड़ 24 लाख से बने एक शेड का भी उद्घाटन किया गया। यह भी किसानों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। ऐसी बहुत सी सौगातें लगातार नीलोखेड़ी हल्के को मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली को देखते आज प्रत्येक व्यक्ति भाजपा से खुश है। चाहे बिना खर्ची पर्ची की बात हो या प्रत्येक क्षेत्र में विकास की बात हो। इसके साथ साथ खेल क्षेत्र में भी हरियाणा सरकार की नीतियों से खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहे है।

## आयुष विभाग ने जिला जेल में लगवाया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने कहा कि आयुष हरियाणा पंचकूला व जिला प्रशासन के तत्वाधान में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा राज्य स्तर पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला जेल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, नियमित रूप से योग का अभ्यास कर हम स्वस्थ रह सकते है। उन्होंने कहा कि जिला योग कोर्डिनेटर, आयुष विभाग के अनुभवी योग विशेषज्ञ एवं योग सहायकों द्वारा जिले के सभी ब्लाकों में योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के स्कूलों में छात्र-छात्राओं को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया जा चुका है। इसके उपरांत आयुष विभाग के अनुभवी योग सहायकों भीम सिंह, सुरेन्द्र, सविता देवी, पूजा देवी द्वारा जिला जेल में 20 महिला बंदियों और 300 पुरुष बन्दियों को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही श्री शिवेन्द्र पाल उप-अधीक्षक जेल, राजेश कुमार सहायक, पाला राम उप-सहायक व लाईन अधिकारी एवं 21 हेड वार्डर/महिला हेड वार्डर/वार्डर ने भी योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास किया।

उन्होंने कहा कि योग सहायकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, उष्टासन आदि का अभ्यास करवाया गया जोकि स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। इससे मेरुदण्ड की अस्थि में लचीलापन बढ़ाता है। मधुमेह के प्रबंधन में सहायता प्रदान करते है, पीठ व गले के दर्द में आराम दिलाते है और पाचन क्रिया के लिए काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग करना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने सामान्य जन से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। इस मौके पर जिला अधीक्षक धर्मवीर सिंह उपस्थित थे।

### ग्रीन वैली शोरूम फिरोती मामलें में तीन बदमाश गिरफ्तार, दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** स्पेशल स्टाफ व थाना सदर पुलिस टीम ने ग्रीन वैली शोरूम में फिरोती मामलें में आरोपी वरुण उर्फ गोलु पुत्र संजय निवासी भीम नगर, दीपक पुत्र सीताराम निवासी अम्बेडकर कॉलोनी व दिवांक उर्फ दिवान्शु पुत्र अशोक निवासी सैनीपुरा काठ मंडी दादरी हाल हनुमान कॉलोनी हांसी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों ने 29 मई को सायं करीब ग्रीन वैली के स्थित टीक्यूएस कपड़े के शोरुम पर पर्ची फेंक कर 50 लाख रुपए की मांग की थी। आरोपियों ने प्रारम्भिक पुछताछ में बतलाया कि हम पहले सारा दिन शराब पी रहे थे फिर नशे की हालात में ग्रीन वैली में स्थित टीक्यूएस कपड़ें के शोरुम पर्ची डालकर 50 लाख रुपए की फिरोती की मांग की थी। स्पेशल स्टाफ व थाना सदर हांसी पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र, 31 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने शनिवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते हुए, सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार तमाम व्यवस्थाओं को देखा।

इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की अधिकारी एडवोकेट शैलजा सैनी से फीडबैक ली। वहां पर उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को देखा, विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना, सेंटर की साफ सफाई का जायजा लिया और रजिस्टर भी चैक किए।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हिसार, 31 मई ( ब्यूरो ) :** जिला नागरिक अस्पताल हिसार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर वॉलंटियर एवं सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष 31 मई को यह दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने



बताया कि वर्तमान समय में हुक्का सेवन की प्रवृत्ति ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो युवाओं के लिए विशेष रूप से हानिकारक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी घर में हुक्का का सेवन हो रहा है, तो बच्चों पर उसका प्रतिकूल असर होता है और वे भी इसकी लत में पड़ सकते हैं। सोशल वर्कर राजेश ने बताया कि इस वर्ष की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। उन्होंने कहा कि यह समाज के भविष्य की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। मनोवैज्ञानिक डॉ शालू, मनोचिकित्सक डॉ. पूनम दहिया व डॉ. सुखबीर वर्मा ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी जैसे गंभीर रोग हो सकते हैं। यह न केवल स्वास्थ्य, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन पर भी नकारात्मक असर डालता है। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले अन्य नुकसानों का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे कम उम्र में सफेद मोतियाबिंद, दांतों की सड़न, मुंह का कैंसर, फेफड़े और दिल की बीमारियां, पेट के छाले जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में नशा समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं की जड़ है। इस दौरान डॉ. विकास चहल ने उपस्थित लोगों को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई और कहा कि हम सभी को मिलकर एक तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और परिवार के भविष्य की रक्षा के लिए तंबाकू का त्याग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. उत्कर्षा, रोमी सिंगला, अरविंद, साहिल, राजन कुमार, डॉ. प्रियंका, अनीता सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी और आमजन उपस्थित रहे।

# प्यास से व्याकुल को पानी पिलाना सबसे पुनीत कार्य : डा. घुम्मन




**शाहाबाद मारकंडा, 31 मई ( रूबी ) :** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को गुरु अर्जुनदेव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा और सेवा-भाव के साथ छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। स्कूल के प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने गुरु जी महाराज के शहादत के बारे में अपने विचार सांझा किए और बताया कि गुरु अर्जुन देव जी ने अपार यातनाओं के बावजूद अपना धर्म नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार गर्मी के मौसम में पानी पिलाने की व्यवस्था करना एक पुनीत और धार्मिक कार्य है। प्यास से व्याकुल व्यक्ति जिस क्षेत्र से होकर गुजरता है उस क्षेत्र का पुण्य क्षीण हो जाता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने घरों की छतों पर पक्षियों के पीने के लिए पानी के बर्तन रखें। गर्मियों में पानी पिलाना बहुत पुण्य का काम होता है और यदि संभव हो तो घरों के बाहर गलियों में जानवरों के लिए पानी का प्रबन्ध करें। इस अवसर पर माता-पिता शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर उपप्राचार्य सतबीर सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, सज्जन सिंह, राहुल, विपिन गुप्ता, मोहसिन खान, बलजीत सिंह, अरुण रानी, चांद रानी, इशु भाटिया, मीना रानी, दलजीत सिंह सहित स्टाफ उपस्थित था।

# कृषि मंत्री ने जनता की समस्याओं को सुनकर किया समाधान

**यमुनानगर, 31 मई ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष छछरौली अनाज मंडी के आढ़तियों कपिल मनीष गर्ग, गौरव गोयल, कल्याण सिंह, विशाल गोयल, रणबीर सिंह ने छछरौली अनाज मंडी में पेश आ रही दिक्कतों से अवगत कराया व छछरौली अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कवर्ड शैड, पक्का फड, दुकानों के पीछे सड़क, अतिरिक्त शौचालय आदि बनाने की मांग रखी। पावर हाउस के नजदीक लोगों ने सडक़ बनाने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग, नगर निगम व अन्य विभागों से संबंधित बहुत सी समस्याएं कृषि मंत्री के समक्ष रखी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर समस्याएं सुनने का मुख्य उद्देश्य है भाजपा पार्टी, जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान होने से नागरिकों



को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह वर्तमान भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिकतम फसलें खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में उन किसानों को 8,000 प्रति एकड़ की अनुदान राशि देने का प्रावधान किया है, जो धान की खेती छोडक़र दूसरी फसलें उगाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि भाजपा कार्यालय यमुना कमल में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्यायों को सुनकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने समाधान किया इसके लिए वह हरियाणा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा का धन्यवाद करते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, अमरजीत सिंह लाड्डी, जिला आईटी प्रमुख शुभम दत्ता, विशाल, अनुज सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा में व्यक्ति को सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने की शक्ति : विधायक विनोद भयाना

**हांसी, 31 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि शिक्षा में व्यक्ति को सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने की शक्ति है। इसलिए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर इसे प्राप्त करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। विनोद भयाना शनिवार को देव केमिस्ट्री शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा सफलता का आधार ही नहीं बल्कि यह सामाजिक बुराइयों को भी खत्म करती है। हर व्यक्ति को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाकर देश का जिम्मेदार नागरिक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। शिक्षा, चिकित्सा, खेल, अनुसंधान तथा मनोरंजन इत्यादि क्षेत्रों में हमारे युवाओं ने देश तथा प्रदेश का नाम



रोशन करने का काम किया है। शहर के एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में विधायक ने 230 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इनमें वे विद्यार्थी शामिल रहे जिन्होंने 12वीं कक्षा के परिणाम में 80त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विधायक ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक भयाना ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि लगातार दूसरी बार संस्था के कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। इससे काफी खुशी महसूस हो रही है। संस्थान के निदेशक दिव्यांशु ने द्वारा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को एक प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा ताकि छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत और लगन के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित किया जा सके। समारोह में देव केमिस्ट्री शिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल रणधीर सिंह, अंकित कंडोला, विनय, मुस्कान, मोनिका, सरपंच सुरजीत गुर्जर, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा एवं अन्य मौजूद रहे।

# डीआईपीआरओ कार्यालय में 22 साल बेहतरीन सेवाएं देने उपरांत हुए एमबीपी धर्मपाल हुए सेवानिवृत्त

**सोनीपत, 31 मई ( विनोद ) :** 22 साल से अधिक वर्षों तक समर्पित सेवाएं देने के पश्चात् जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सदस्य भजन पार्टी (एमबीपी) धर्मपाल 30 मई को सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक नरेन्द्र दहिया तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने सेवनिवृत एमबीपी को बेहतरीन जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी



विदाई दी। इस दौरान अधीक्षक नरेन्द्र दहिया ने धर्मपाल को सेवानिवृति पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार अपने सेवाकाल में पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है वो अपने आप में काबिले तारीफ है। उन्होंने सेवानिवृत एमबीपी को सम्मानित करते हुए भगवान से उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि धर्मपाल अपनी ड्यूटी के प्रति हमेशा सजग रहे है और सरकारी की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में हमेशा अहम भूमिका निभाते हुए कार्य किया है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारी को शुभकामनाओं के साथ भरोसा दिया कि भविष्य में भी वे इस परिवार के सदस्य ही रहेंगे। भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग उनके द्वारा दिया जाएगा। इस मौके पर लेखाकार सोनू कुहाड़, आईसीए रविंद्र ढोचक, लिपिक पवन कुमार व नितिन शर्मा, टीएम एंड एस पवन कुमार, चालक देवेन्द्र कुमार, बीपीडब्ल्यू विकास व कुलदीप, कृष्ण जुंआ, मुनीराम, मनोज कुमार, कृष्ण भावड़, बीपीडब्ल्यू तथा राममेहर, सुनील, ब्रह्मानंद शर्मा, राजेश व भूपेन्द्र चौकीदार आदि कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिजन भी मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को किया उजागर




**तरावड़ी, 31 मई ( छाया शर्मा ) :** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में तम्बाकू दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। जिसमें छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को उजागर किया। कार्यक्रम में छात्रों ने तंबाकू सेवन से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, लत, और सामाजिक परिणामों को दर्शाया। छात्रों के प्रदर्शन ने दर्शकों को आकर्षित किया और उन्हें तंबाकू के सेवन से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया। प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी की निर्देशिका पिथी चौधरी ने छात्रों की पहल की सराहना की और उन्हें परिवर्तन के दूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने इस आयोजन के माध्यम से छात्रों मे तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाई। नो टोबैको डे के अवसर पर आयोजित इस आयोजन ने लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 31 मई को नो टोबैको डे के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करना है।

# खाटू श्याम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर होगी मीटिंग

**तरावड़ी, 31 मई ( छाया शर्मा ) :** श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट की एक आम बैठक जीवी राइस यूनिट में हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का नेतृत्व लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक विनित बंसल एवं अशोक बंसल ने किया। बैठक के दौरान तरावड़ी शहर के नत्था सिंह नगर रेलवे स्टेशन के पास बने खाटू श्याम मंदिर में 27 अगस्त से आयोजित होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। जानकारी देते हुए विनित बंसल व अशोक बंसल ने बताया कि तैयारियों को लेकर खाटू श्याम मन्दिर में 4 जून को शाम 4 बजे शहर के गणमान्य लोगों, मन्दिर से जुड़े ट्रस्टी के अलावा शहर भर की 40 से ज्यादा संस्थाओं के प्रधानों की मीटिंग होगी। जिसमे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारी की जाएगी। इस महोत्सव में शहर भर के लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक विनित बंसल एवं अशोक बंसल ने बताया कि



शहरवासियों, उद्योगपत्तियों, श्याम प्रेमियों एवं आमजन के सहयोग से तरावड़ी में बनाए जा रहे खाटू श्याम मंदिर का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब मंदिर में हारे के सहारे भगवान श्री खाटू श्याम जी विराजेंगे। मंदिर में 27 अगस्त से 30 अगस्त तक विशेष पूजा अर्चना होगा। 31 अगस्त को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इसके बाद 1 सितंबर को बाबा खाटू श्याम जी का भव्य संकीर्तन होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल बाबा खाटू श्याम जी के भजनों से रिझाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्री खाटू श्याम जी का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाऐगा। खाटू श्याम जी के मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाऐगा। उन्होंने बताया कि 4 जून को शाम 4 बजे आयोजित होने वाली बैठक में कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार की जाऐगी। बैठक में विनित बंसल, अशोक बसंल, नितेश मंगल, शिवांश मित्तल, अंकित गर्ग समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शामगढ़ में हुआ कृषक जागरुकता शिविर का आयोजन

**करनाल, 31 मई ( संदीप रोहिला ) :** विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र, करनाल के संयुक्त तत्वाधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम शामगढ़ में एक दिवसीय कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों को खेती से जुड़ी जानकारियां, तकनीक, एवं सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया। विस्तार शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. सत्यकाम मलिक ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा मिलकर 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कृषि विशेषज्ञों ने किसानों



को जागरूक किया। इस दौरान किसानों को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा कृषि क्षेत्र में चलाए जा रहे नवीनतम अभियानों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज के कुशल नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को टिकाऊ बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. जसविंदर कौर ने भी किसानों को संबोधित करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों, जल प्रबंधन, और मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि करें। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के प्रधान विज्ञानिक डा. बी. एस. मीना ने किसानों को सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया इसके साथ-साथ पशुओं में आने वाली बिमारियों की देखभाल के बारे में भी प्रकाश डाला। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के विज्ञानिक डा. अमित शर्मा ने किसानों को संस्थान के द्वारा विकसित उन्नत गेंहू एवं जौं किस्मों के बारे में जागरूक किया। कृषि विज्ञान केंद्र करनाल के विज्ञानिक डा. विजय कौशिक ने कहा कि किसान भाई मूल्य संवर्धन करके अधिक लाभार्जन कर सकते हैं इसलिए किसानों को कृषि के साथ-साथ मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। इस दौरान किसानों से आह्वान किया गया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-आंदोलन बनाकर भारत को एक बार फिर 'विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाएं। शिविर के अंत में किसानों ने विशेषज्ञों से अपने प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किए। यह आयोजन किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि करने हेतु प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# गणित विषय को रोचक, सरल के लिए जिला शिक्षा विभाग ने तैयार की पजल बुकलेट

**कैथल, 31 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** जिला शिक्षा विभाग ने पजल बुकलेट तैयार की है , जिसमें गणित विषय को रोचक, सरल और गतिविधि-आधारित रूप में प्रस्तुत करने का एक अभिनव प्रयास है। इसमें सुडोकू, कश्मीरी अमृत पजल्स, हरबंस पजल्स, गणितीय तर्क, और इंटीग्रेशन, डेरिवेटिव, फंक्शन्स जैसे जटिल विषयों को पजल्स के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी राम दिया गागट ने अपनी सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान किया। इस बुकलेट को जिला गणित विशेषज्ञ श्री छत्रपाल के नेतृत्व में राजकीय विद्यालयों के गणित शिक्षकों के सहयोग से तैयार किया गया है। इस पुस्तक को पांच भागों में विभाजित किया गया है। जिसके भाग एक में बालवाटिका से कक्षा दो तक, भाग दो में कक्षा तीन से पांच तक, भाग तीन में कक्षा छह से आठ तक, भाग चार मे कक्षा 9 व 10 के लिए तथा भाग पांच में कक्षा 11 व 12 के लिए जटिल गणितीय अवधारणाओं दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम दिया गागट ने कहा कि यह पुस्तक बच्चों में गणित के प्रति जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा, जिला गणित विशेषज्ञ



छत्रपाल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ अनिल तंवर, एईओ रमेश, प्रवक्ता राम मेहर, बीआरपी संदीप, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी स्टाफ उपस्थित रहे। जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल ने बताया कि पुस्तक में दिए गए उदाहरणों के आधार पर शिक्षक नई पजल्स तैयार कर विद्यार्थियों को गृहकार्य के रूप में देंगे। इससे विद्यार्थियों में समस्या समाधान क्षमता, तार्किक सोच और गणितीय अभिरुचि का विकास होगा।यह बुकलेट अब ऑनलाइन सभी के लिए उपलब्ध कर दी जाएगी और प्रत्येक वर्ष इसके नए संस्करण और अंक जारी किए जाएंगे। विद्यार्थी स्वयं भी नई पजल्स बनाना सीखेंगे।

# पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है-रश्मिका



मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। वहीं एक्ट्रेस ने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया। रश्मिका ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है।

रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था। इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...! वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही कुबेरा, पुष्पा 3, द गर्लफ्रेंड और रेनबो भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था।

**डॉ. कलाम की बायोपिक बनाएंगे ओम राउत,**

हाल ही में फिल्म निर्माता ओम राउत बताया कि वे अगली फिल्म 'कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' बना रहे हैं और इसमें भी वे एक साउथ अभिनेता को ही कास्ट करने वाले हैं। वो कोई और नहीं बल्कि अभिनेता धनुष हैं जिन्हें उन्होंने अपनी नई फिल्म में अप्रोच किया है। ओम राउत की अगली फिल्म भारत के 11वें राष्ट्रपति और एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की बायोपिक है। उन्होंने 78वें कान्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के दौरान फिल्म के पोस्टर का अनावरण किया। राउत ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और एयरोस्पेस वैज्ञानिक की बायोपिक के लिए अपना विजन साझा किया और धनुष को मुख्य भूमिका में लेने के पीछे का कारण भी बताया।

राउत ने बायोपिक करने के लिए धनुष को धन्यवाद दिया। एक बयान में, उन्होंने 'रांझणा' अभिनेता की अभिनय क्षमता की सराहना की और एक कलाकार के रूप में वो क्या लेकर आते हैं, इस बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का किरदार निभाते समय, न केवल उनकी उपलब्धियों को, बल्कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा और शिक्षाओं को भी दर्शाना जरूरी है। यह इस तरह की बायोपिक का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। और मुझे नहीं लगता कि इस आध्यात्मिक और बौद्धिक गहराई को स्क्रीन पर जीवंत करने के लिए धनुष से बेहतर कोई विकल्प हो सकता था। वो इसके लिए बिल्कुल सही हैं और अपनी पूरी टीम की ओर से, मैं उन्हें इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देता हूं।' यह बयान फिल्म निर्माता की टीम द्वारा साझा किया गया। राउत ने डॉ. कलाम के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की और कहा, 'डॉ. कलाम की शिक्षाएं हर युवा में समाहित हैं। मैंने कॉलेज में रहते हुए उनकी किताब 'विंग्स ऑफ़ फायर' पढ़ी थी और मैं कह सकता हूं कि आज मैं जो कुछ भी कर रहा हूं और जो कुछ भी बनना चाहता हूं, वो उस किताब की शिक्षाओं से प्रेरित है। इसने जीवन के प्रति मेरे नजरिए को बदल दिया और यही वजह है कि मैं आज यहां खड़ा हूं।'उन्होंने डॉ. कलाम द्वारा अपनाए गए मूल्यों और सीखों के महत्व को रेखांकित किया। राउत ने बताया कि दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति ने अपने काम में 'भारत पहले' के विचार को प्रोत्साहित किया।

निर्देशक ने कहा, 'मैं हमेशा डॉ. कलाम की यात्रा से गहराई से प्रेरित रहा हूं। मैंने जो देखा है, उसके अनुसार उनका जीवन तीन प्रमुख पहलुओं पर आधारित था। पहला है शिक्षा. वे एक महान शिक्षक थे, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बहुत महत्व दिया। दूसरा है नवाचार, विशेष रूप से स्वदेशी नवाचार। उन्होंने हमें अपने देश के भीतर विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया। और तीसरा है लचीलापन, अपने उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की इच्छाशक्ति। मैं हमेशा इन सिद्धांतों पर आधारित फिल्म बनाना चाहता था।'राउत की 'कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' का निर्माण अभिषेक अग्रवाल ने किया है, जिन्होंने इससे पहले 'परमाणु- द स्टोरी ऑफ पोखरण' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था। बायोपिक की स्क्रिप्ट 'नीरजा' और 'मैदान' फेम साईविन क्वाड्रास द्वारा लिखी जा रही है। कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' भारत रत्न डॉ. कलाम के जीवन को रामेश्वरम में उनकी साधारण शुरुआत से लेकर राष्ट्रपति भवन तक, एक प्रसिद्ध एयरोस्पेस वैज्ञानिक, दूरदर्शी, शिक्षक और भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में पेश करेगी।

बायोपिक उनके नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण और अखंडता को दर्शाती है क्योंकि उन्हें 'भारत के मिसाइल मैन' के रूप में जाना जाता था। धनुष, जो नायक की भूमिका निभा रहे हैं, अगली बार 'कुबेर' (2025) और 'इडली कड़ाई' (2025) में नजर आएंगे। 'कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ़ इंडिया' के बाकी कलाकारों की घोषणा अभी बाकी है।

# माइंडसेट पर काबू रखें तो नतीजों पर भी काबू होगा-रकुलप्रीत सिंह

हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा।



आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह आखिरी बार फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर भी अहम किरदार में थे।


**सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं मानुषी छिल्लर**

बालीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं। उनकी दो ताजा तस्वीरें तो यही बयां करती हैं। एक्ट्रेस मानुषी ने इंस्टाग्राम पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उन्होंने योगा मैट पर बैठकर मिरर सेल्फी ली है, उनके बगल में डंबल और रेजिस्टेंस बैंड रखे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उनके प्रभावशाली कोर स्ट्रेंथ को दिखाया गया है, जिसमें उनके मिड-प्लैंक को परफेक्ट फॉर्म में दिखाया गया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुंदर छोटे बच्चे को मसल्स बनाना पसंद... आप कितनी देर तक प्लैंक कर सकते हैं? अभिनेत्री ने 19 मई को अपने असाधारण जन्मदिन समारोह की एक झलक साझा की, जो विभिन्न समय क्षेत्रों में 33 घंटे से अधिक समय तक चला। उन्होंने बताया कि जेट लैग ने उन्हें पीछे छोड़ दिया क्योंकि उन्होंने लगातार केक काटने का काम किया, जिसमें एक विशेष बकलवा और करीबी दोस्तों का सरप्राइज शामिल था। मानुषी ने लिखा, एक जन्मदिन जो 33 घंटे और 30 मिनट तक चला!

# जल्द रिलीज होगी कमल हसन की ठग लाइफ

बालीवुड एक्टर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म थग लाइफ को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया में इसको लेकर चर्चाएं बढ़ गयी हैं। थग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, और ट्रेलर के चलते यह फिल्म पहले ही सुर्खियों में आ चुकी है। मणि रत्नम के निर्देशन में बनी इस गैंगस्टर ड्रामा फिल्म में कमल हासन को एक बार फिर दमदार अंदाज में देखा गया, जिससे फैंस में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कमल और मणि की जोड़ी 1987 की नायकन के बाद एक बार फिर साथ आ रही है, जिससे दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। फिल्म में सिलंबरासन, त्रिशा कृष्णन, सान्या मल्होत्रा, अभिरामी, पंकज त्रिपाठी और अली फज़ल जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं। हालांकि, ट्रेलर में कुछ रोमांटिक और किसिंग सीन ऐसे रहे जिन्होंने दर्शकों का ध्यान खींचा और विवाद खड़ा कर दिया। खासतौर पर कमल हासन और त्रिशा कृष्णन तथा अभिरामी के साथ उनके रोमांटिक सीक्वेंस को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाएं शुरू हो गईं। एक रेडिट यूज़र ने कमल और त्रिशा के सीन का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा, नो गॉड प्लीज नो, और इसके बाद उम्र के फासले को लेकर बहस छिड़ गई। कमल हासन जहां 70 साल के हैं, वहीं त्रिशा की उम्र 42 वर्ष है। एक यूज़र ने लिखा, एक बुजुर्ग व्यक्ति अगर युवती के साथ रोमांस कर रहा है, तो कहानी के अनुसार चल सकता है, लेकिन जब वह खुद को युवा दिखाने की कोशिश करता है, तब यह अजीब लगता है। वहीं अभिरामी के साथ किसिंग सीन पर प्रतिक्रिया देते हुए एक अन्य ने इसे बहुत अजीब बताया। कुछ यूज़र्स ने मणि रत्नम की आलोचना करते हुए कहा कि वह अपनी विरासत बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि, कुछ दर्शकों ने फिल्म और कमल हासन का बचाव भी किया। एक यूज़र ने लिखा, प्लॉट एक उम्रदराज गैंगस्टर और यंग महिला के रिश्ते को दिखा रहा है, इसलिए यह स्वाभाविक है। लेकिन, हां, 30 साल का अंतर लिप-लॉक में अजीब लगता है। वहीं किसी ने सुझाव दिया कि पत्नी के किरदार में उम्रदराज एक्ट्रेस को लेना बेहतर होता।



# महिला का उपयोग केवल सैक्स अपील के लिए नहीं-दीपिका

हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने मातृत्व मुद्दे और फिल्मों में महिलाओं के कैरेक्टर को लेकर खुलकर बात की हैं। बातचीत में दीपिका पादुकोण ने शेयर किया कि फिल्मों में महिलाओं के किरदार विकसित हुए हैं और अब उनका उपयोग केवल डेकोरेशन के लिए या फिल्मों में उनकी सेक्स अपील के लिए नहीं किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि महिला कैरेक्टर डेवलप हुए है और जिस तरह आज उन्हें लिखा जा रहा है, जब तब मैंने शुरुआत की थी उससे काफी अलग हैं। मुझे लगता है कि उस बदलाव ने मुझे मेरे द्वारा निभाए जाने वाले अलग-अलग कैरेक्टर में विभिन्न पहलू लाने के लिए प्रेरित किया है। दीपिका ने आगे कहा कि यह कोई मिस्ट्री नहीं है कि ज्यादातर पार्ट के लिए महिलाएं सिर्फ सजावट या थोड़ी सी कॉमेडी या सेक्स अपील के लिए होती हैं। मुझे लगता है कि आज महिला कैरेक्टर में वास्तव में एक आवाज होने, बदलाव लाने के लिए है, मैंने उस डेवलपमेंट को देखा है। दीपिका का मानना है कि ये फिल्में और किरदार आज समाज में बदलाव लाने में सक्षम हैं। वहीं दीपिका पादुकोण ने खुलकर कहा कि चाहे वह यह हो कि मैं कौन सी फिल्में करना चाहती हूं, मैं अपना जीवन कैसे जीना चाहती हूं या वे चीजें जो मुझे वाकई पसंद हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई और क्या सोचता है। मैं ऐसी इंसान हूं जो हमेशा अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनती है। वहीं दीपिका पादुकोण के इस बयान के बाद अब सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। दीपिका की सेक्स अपील वाले कमेंट के बाद एक यूजर ने लिखा कि आपने फिर भी पठान फिल्म की। वहीं एक यूजर ने लिखा कि आपने शांतिप्रिया (ओम शांति ओम) से शुरुआत की और अब आप रुबाई हैं। एक यूजर ने लिखा जिनके अपने घर शीशों के होते हैं ना वो। यूजर्स दीपिका को उनके ही किए किरदार याद दिलाकर ये बताना चाह रहे हैं कि वो खुद फिल्मों में वही किरदार कर रही हैं जिन्हें अहमियत न देने की वो बात कर रही हैं। बता दें कि बॉलीवुड की मस्तानी दीपिका पादुकोण उन एक्ट्रेस में से हैं, जिनकी एक खास ग्लोबल पहचान हैं। अपनी सुपरहिट फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर राज करने के साथ ही वो एक ग्लोबल आइकन भी हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी के हर पहलू को बेहतरीन तरीके से संभाला है। इसके अलावा वो महिलाओं को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए इंस्पायर करती रही हैं।



**किंग में राघव जुयाल और सौरभ शुक्ला की भी एंट्री**

मुंबई (ईएमएस)। एक्शन से भरपूर फिल्म किंग में बालीवुड एक्टर शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद एक बार फिर साथ आ रहे हैं। प्रोड्यूसर्स ने इस फिल्म में बड़े-बड़े कलाकारों को शामिल किया है। इस फिल्म में राघव जुयाल और सौरभ शुक्ला की भी एंट्री हो गई हैं। गौरतलब है कि राघव जुयाल को फिल्मों और रियलिटी शोज में डांस और कॉमेडी के लिए काफी पसंद किया जाता है। लेकिन उन्होंने फिल्म किल में जो विलेन का रोल निभाया, वह फैंस के दिलों में घर कर गया है। सूत्रों ने बताया कि राघव जुयाल किंग में अहम रोल निभाने के लिए शामिल हुए हैं। बता दें कि राघव जुयाल शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म - द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक राघव जुयाल के अलावा दिग्गज एक्टर सौरभ शुक्ला भी किंग की कास्ट में शामिल हो गए हैं।

सूत्रों की मानें तो सौरभ शुक्ला ने शाहरुख और सुहाना के साथ मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में सुहाना के जन्मदिन पर सौरभ शुक्ला ने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की थी। जिसमें लिखा था शाहरुख खान के साथ बहुत साल के बाद और छोटी प्रिंसेस के साथ पहली बार काम कर रहा हूं। पठान, जवान और डंकी के बाद शाहरुख खान के फैंस को अब फिल्म किंग का काफी बेसब्री से इंतजार है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद ही डायरेक्ट करेंगे। शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म पठान में भी साथ काम किया था।

फिल्म इक्कीस में बहादुर इंडियन आर्मी लेफ्टिनेंट की सच्ची कहानी

मुंबई (ईएमएस)। नवोदित एक्टर्स अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया स्टारर फिल्म इक्कीस एक बहादुर इंडियन आर्मी लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी पर बेस्ड है।

# हेराफेरी 3 को लेकर परेश रावल व अक्षय में तनातनी बढ़ी

फिल्म 'हेरा फेरी 3' में काम करने के बाद अचानक इसे अधूरा छोड़ने को लेकर एक्टर परेश रावल विवादों के घेरे में आ गए हैं। खबरें हैं कि इस फैसले से नाराज अक्षय कुमार ने परेश रावल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है और उन्हें 25 करोड़ रुपये के हर्जाने का लीगल नोटिस भी भेजा है। इस नोटिस के बाद चर्चा तेज हो गई कि दोनों के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। अब इस पूरे विवाद पर परेश रावल की पत्नी और एक्ट्रेस स्वरूप संपत ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। स्वरूप ने इस मामले को लेकर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि यह मामला उनके परिवार के लिए बेहद परेशान करने वाला है।

उन्होंने अपील की है कि इस विवाद को सार्वजनिक स्तर पर खींचने से पहले सभी पक्ष शांति से मामले को सुलझाएं। परेश रावल और अक्षय कुमार दोनों के बीच इस विवाद ने फिल्म इंडस्ट्री में भी हलचल मचा दी है और सभी इस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि यह विवाद कैसे समाप्त होगा।

**लाफ्टर शेफ्स सीजन-2 में फिर घायल हो गई रीम शेख, अब पैर में लगी चोट**-टेलीविजन की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक हैं रीम शेख। इन दिनों वह भारती सिंह होस्टेड टीवी शो लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रही हैं। कुकिंग के साथ एंटरटेनमेंट का डोज देने वाले लाफ्टर शेफ्स 2 ने छोटे पर्दे पर धमाल मचा दिया है। 22 साल की रीम शेख भी इस शो का हिस्सा हैं। हाल ही में रीम शेख फिर लाफ्टर शेफ्स 2 के सेट पर घायल हो गईं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शो के सेट से अपनी एक फोटो शेयर की है जिसमें वह मिरर सेल्फी लेते हुए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में उन्होंने अपने पैर में लगी चोट को दिखाया है जिस पर पट्टी बंधी है। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाफ्टर शेफ शूट करने के बाद बस नॉर्मल चीज। बता दें रीम शेख लाफ्टर शेफ्स सीजन-1 का भी हिस्सा थीं। पिछले सीजन में जब वह शो में खाना बना रही थीं, तभी गर्म चीनी के छींटे उनके चेहरे पर पड़ गए थे और उनका चेहरा बुरी तरह जल गया था। इसके बाद वह घबरा गई थीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस घटना को लेकर कहा था कि जब ऐसा हुआ तो मैं बुरी तरह डर गई थी। वह शुगर था, लेकिन ऐसा लग रहा था कि कांच के टुकड़े हैं। किसी ने मेरे ऊपर पानी फेंका क्योंकि चीनी चिपकनी नहीं चाहिए लेकिन आपको जले हुए जगह पर पानी नहीं फेंकना चाहिए। रीम ने आगे कहा कि वह यही सोच रही थीं कि आखिर उनके साथ ही ऐसा क्यों हुआ। वह अब ठीक हैं। उन्होंने कहा था कि उस वक्त उनके परिवार या जन्नत जुबैर ने उन्हें अकेला नहीं छोड़ा था, वे उनके साथ खड़े रहे। मालूम हो कि रीम शेख टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। वह तुझसे है राबता, तेरे इश्क में घायल, फना और अशोक सम्राट जैसे सीरियल्स में काम कर चुकी हैं।





**जयम रवि की पर्सनल लाइफ में भूचाल**

तमिल फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार जयम रवि उर्फ रवि मोहन इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते कुछ महीनों से उनकी निजी जिंदगी में उथल-पुथल मची हुई है। एक्टर की पत्नी आरती रवि और उनकी कथित सिंगर गर्लफ्रेंड केनिशा फ्रांसिस के बीच सोशल मीडिया पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, जिससे मामला सार्वजनिक हो गया। 'पति, पत्नी और वो' के इस ड्रामे ने हर किसी का ध्यान खींचा है। अब खबर आ रही है कि जयम रवि की पत्नी आरती ने तलाक की प्रक्रिया में एक बड़ी मांग रखी है। उन्होंने एक्टर से भारी-भरकम मुआवजे की डिमांड की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तलाक की कार्यवाही अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। हालांकि इस पूरे मामले पर जयम रवि की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन सोशल मीडिया पर चल रही हलचल से ये साफ है कि यह निजी विवाद अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया है। फैंस इस घटनाक्रम से हैरान हैं और जानना चाह रहे हैं कि आखिरकार इस रिश्ते का अंत कैसे होता है।

**कियारा आडवाणी के बिकिनी लुक**

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपनी आने वाली फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ, जिसमें कियारा बीच किनारे बिकिनी लुक में बेहद हॉट और ग्लैमरस नजर आईं। इस लुक को देखकर फैंस ने उन्हें खूब प्यार और तारीफ दी, वहीं कुछ लोगों ने उनके इस अवतार का मजाक भी उड़ाया। ऐसे में मशहूर फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने कियारा के इस लुक की जमकर तारीफ की है। अनाइता ने कियारा के कॉन्फिडेंस और स्टाइल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने यह लुक बेहद स्टाइलिश और बिंदास अंदाज में कैरी किया है। उनका मानना है कि कियारा ने खुद को हर तरह के फीडबैक से ऊपर रखकर अपने काम पर फोकस किया है, जो उनके करियर के लिए अच्छा संकेत है। अनाइता की इस बात ने कियारा के फैंस को भी उत्साहित कर दिया है और सोशल मीडिया पर दोनों के बीच यह चर्चा तेजी से चल रही है। कियारा की यह फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है, जिसे लेकर उनके फैंस में जबरदस्त उत्साह है।

**अथिया शेट्टी ने फिल्मों को कहा अलविदा**

बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने इस साल मार्च में क्रिकेटर पति केएल राहुल के साथ अपनी बेटी इवारा का स्वागत किया था। अब वह अपनी बेटी की परवरिश में व्यस्त हैं और इस नए सफर का आनंद ले रही हैं। लेकिन अब एक बड़ी खबर सामने आई है कि अथिया ने फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया है। इस बात का खुलासा उनके पिता और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी ने किया है। उन्होंने बताया कि अथिया अब अपने परिवार और निजी जीवन को प्राथमिकता दे रही हैं और फिलहाल फिल्मों से दूर रहने का फैसला किया है। सुनील शेट्टी ने कहा कि उनकी बेटी ने फिल्मों को छोड़कर अपने नए जीवन का आनंद लेना चुना है। यह कदम उनके फैंस के लिए निश्चित ही चौंकाने वाला है, क्योंकि अथिया ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। अब उनके फैंस उन्हें अपने मातृत्व के इस नए चरण में खुश और स्वस्थ देखना चाहते हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत 65वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल का पद-चालन कार्यक्रम



फाजिल्का, 31 मई (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = एक भारत श्रेष्ठ भारत के अनुक्रम में आज दिनांक 31 मई 2025 के पूर्वाह्न में 65 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट के नेतृत्व में 10 किलो मीटर पद-चालन का आयोजन किया गया। इस पद-चालन में वाहिनी के 7 अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी सहित 87 कार्मिक तथा वाहिनी के परिवार कल्याण की चीफ एग्जीक्यूटिव श्रीमती अनीता यादव के नेतृत्व में बच्चों और महिलाओं सहित कुल 29 बावा परिवार ने भाग लिया। इस पद चालन का उद्देश्य आमजन के बीच आपसी तालमेल और देश को एक जुट होने के प्रति जागरूक करना था।एक भारत श्रेष्ठ भारत एक ऐसा अभियान है जिसे भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों में रहने वाले लोग, उनके द्वारा बोले जाने वाली अलग-अलग भाषाएं, अलग तरह का रहन-सहन, अलग तरह का खानपान और अलग तरह के संस्कारों वाले लोगों के बीच आपस में तालमेल बढ़ाना, सद्भावना बढ़ाना, उनको एकजुट करना और उनके बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों में बढ़ावा देकर देश को शक्तिशाली भारत के तौर पर उत्थान करना था।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान के तहत भारत सरकार के तमाम सरकारी विभाग आपसी तालमेल के साथ बहुत सारी कार्यविधि आयोजित करते हैं जिनसे आम जनता में आपसी तालमेल बढ़े और उनके बीच एक संदेश जाए कि एक भारत श्रेष्ठ भारत शक्तिशाली देश है।

# मले में नया मोड़ मोडल टाउन का ढाबा मालिक, और बेकरी चलाने वाला आया सामने

जालंधर 31 मई (निस) विजीलैंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े गए आप विधायक रमन अरोड़ा के मामले में उस समय नया मोड़ आया जब विधायक के खिलाफ 2 गवाहों ने विजीलैंस के समक्ष आकर अपने बयान दर्ज करवाए हैं। विजीलैंस द्वारा पहले उन्हीं गवाहों को बाद में माननीय अदालत के आगे पेश किया गया, जहां बाद में माननीय जज के सामने भी उनके बयान दर्ज करवाए गए। सूत्रों की मानें तो विजीलैंस विभाग के समक्ष आकर करीब 8 लोगों ने आकर विधायक रमन अरोड़ा के खिलाफ आकर बयान दर्ज करवाए हैं। यह वहीं पीड़ित है जिनको रमन अरोड़ा ने फर्जी नोटिस भेजकर मानसिक तौर पर परेशान किया गया, जिसके बाद उनसे रिश्वत के तौर पर पैसे लिए गए थे। सूत्रों की मानें तो एक पीड़ित जोकि शहर के एक नामी ढाबा मालिक है, जिनका मॉडल टाऊन में एक मशहूर ढाबा है, उनके ढाबे की कंस्ट्रक्शन पहले रुकवाई गई, जिसके बाद उन्हें ए.टी.पी. के पास भेजा गया और बाद में सैंटिंग के लिए किसी व्यक्ति को बीच में डालकर राजीनामे की बात की गई। इस सैटिंग के बदले उनसे 8 लाख रुपए वसूले गए। इस सारी सैटिंग में एक नेता का नाम भी आया है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं दूसरा पीड़ित जोकि बेकरी चलाता है। उसके द्वारा 3 लाख रुपए एक महिला इंस्पैक्टर को दिए गए। बाद में कहा कि यही पैसे विधायक रमन अरोड़ा को दिए जाने है। इसलिए बेकरी मालिक ने नगर निगम जाकर महिला इंस्पैक्टर को पैसे दिए हैं। विजीलैंस अब उक्त महिला इंस्पैक्टर को जांच में शामिल करने और फिर गिरफ्तार करने की तैयारी में है। दूसरी ओर विधायक रमन अरोड़ा को आज अस्पताल से रुटीन चैकअप करवाया गया। सूत्रों की मानें तो विजीलैंस द्वारा विधायक रमन अरोड़ा को वीरवार को कोर्ट में पेश कर और रिमांड मांगा जाएगा।

# प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के समग्र और समान विकास के लिए संकल्पित है : नायब सैनी

**चंडीगढ़ से दिल्ली जाते समय मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के पेट्रोल पंप पर रुके, विभिन्न वर्गों के लोगों से की मुलाकात**



**सोनीपत, 31 मई ( विनोद ) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को चंडीगढ़ से दिल्ली जाते समय कुछ समय के लिए सोनीपत में रुके। इस दौरान उन्होंने भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पेट्रोल पंप पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुलाकात की और यहां उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनसाधारण से सीधे संवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के समग्र और समान विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनका हाल-चाल पूछा तथा जनसमस्याओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हरियाणा को आत्मनिर्भर, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए हर क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया और बाद में दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी मौजूद रहे।

# ज्योति बी.एड कालेज फाजिल्का में विश्व तंबाकू रोधी दिवस मनाया गया



फाजिल्का, 31 मई (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = स्थानक ज्याति बीएण्ड कॉलेज रामपुरा फाजिल्का की कमेटी के चेयरमैन श्री सुरिंदर कुमार ठकराल, श्री रोशन लाल ठक्कर, रिटायर प्रो. सतपाल गुप्ता, श्री सुभाष अरोडा और कॉलेज प्रिंसिपल श्रीमती अनीता अरोडा जी की योग गवाही के अंतरगत आज विश्व तम्बाकु रहित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डी. एल. एड सत्र 2023-25 (साल दूसरा) के विद्यार्थीयो में कलाकृतियों में भाग लिया। इसमे कविता गायन में, रिफा, गगन ने भाग लिया, चारट मेकिंग में अनमोल, वंशिका, परिंका, वनीता और लेख रचना में संदीप, सुमित, गुरजीत, अनुराधा ने भाग लिया। कॉलेज प्रिसिंपल डॉ. अनीता अरोडा की ओर से विद्यार्थीयो नशा का सेवन करने के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इसके इलावा रेड रिबन क्लब के इंचार्ज श्री पंकज कुमार और श्री गुरसेवक सिंह की ओर से उचित तौर पर नशे की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

# शर्मनाक पंजाब! धार्मिक स्थल के पास लड़की को सुंघाया नशीला पदार्थ और फिर...

लुधियाना 31 मई (निस) महानगर से शर्मनाक कांड सामने जहां एक युवती को नशीला पदार्थ सुंघा कर रेप किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शादी का झांसा देकर आरोपी ने युवती से दोस्ती की थी। जिसके बाद आरोपी युवती शारीरिक संबंध बनाता रहा। गत दिवस आरोपी ने युवती को एक धार्मिक स्थल के निकट बुलाया जहां उसे नशीला पदार्थ सुंघा कर कमरे में ले गया। इस दौरान आरोपी युवक ने युवती के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार की। पीड़िता ने थाना डिवीजन नंबर 3 की पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती दीपक से हुई। 25 मई को आरोपी दीपक ने उसे हरगोबिंद नगर के निकट बुलाया। वह चौंक में पहुंची तो मौका देख दीपक ने उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद दीपक उसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर एक कमरे में ले गया। कुछ देर बाद जब युवती को होश आया तो दीपक ने उससे उसका मोबाइल भी छीन लिया। आरोपी दीपक उसे शादी का झांसा देकर रेप करता रहा है। इस संबधी जांच अधिकारी परमजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित युवती के बयान पर दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता का सिवल अस्पताल में मेडीकल करवाया गया है। पुलिस आरोपी दीपक की तलाश में छापामारी कर रही है। जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

# हत्या प्रयास मामलें में दुसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी,31 मई ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में अपराधो पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने हत्या प्रयास मामलें में दुसरे आरोपी लक्ष्य उर्फ चिन्नू पुत्र यशपाल निवासी बिरोली जिला जीन्द को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24.04.2025 को सन्दीप पुत्र औमप्रकाश निवासी बीबीपुर जिला जीन्द निवासी जो भिवानी से अपने घर बीबीपुर जिला जीन्द जा रहा था आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर खांडा गांव से करीब 1 किलोमीटर दुर उसकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मारकर उसकी हत्या करने की नियत से गोली चला दी थी। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस अभियोग में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# जिला प्रशासन की ओर से ऑपरेशन शील्ड के तहत तीन स्थानों पर हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास

**नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण रहा उद्देश्य**





**सोनीपत, 31 मई ( विनोद ):** जिला प्रशासन द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत शनिवार को 'ऑपरेशन शील्ड' के अंतर्गत जिला के तीन स्थानों पर व्यापक नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। यह अभ्यास गांव जाजी स्थित बिजली निगम के 220 केवी सब-स्टेशन, गांव नाहरा स्थित एचपीसीएल के सीटी गेट कम मदर स्टेशन, और गांव रेवली स्थित ब्रेक पार्ट्स इंडिया कंपनी में किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया की कार्यक्षमता को परखना एवं सुदृढ़ करना था। उन्होंने स्वयं घटनास्थलों पर पहुंचकर हर गतिविधि का निरीक्षण किया और बताया कि ऐसे अभ्यासों से यह सीखने में मदद मिलती है कि किस स्थिति में किस प्रकार से लोगों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू करना है। सांय 5:00 बजे सायरन बजने के साथ तीनों स्थानों पर अभ्यास आरंभ हुआ। सभी चिह्नित संस्थानों में मौजूद लोग तुरंत प्रभाव से बाहर आकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को फायर ब्रिगेड कर्मियों, रेडक्रॉस के आपदा मित्रों तथा 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कैडेट्स द्वारा सुरक्षित रूप से नीचे लाकर उपचार हेतु निकटवर्ती अस्पतालों में भेजा गया। आगजनी की स्थिति का भी सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया। गांव जाजी स्थित बिजली घर और नाहरा स्थित एचपीसीएल में मॉक आगजनी की स्थिति उत्पन्न की गई, जिसमें रेस्क्यू टीमों ने तत्परता से कार्रवाई कर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और आग पर शीघ्र नियंत्रण पाया। अभ्यास के माध्यम से आमजन को यह जागरूक किया गया कि आपातकाल की स्थिति में सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें, फॅमिली ड्रिल्स का अभ्यास करें और ब्लैकआउट के दौरान सभी लाइट्स बंद रखें। जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां से पूरे अभ्यास की मॉनिटरिंग की गई। कंट्रोल रूम नंबर 0130-2221590 को आमजन के लिए प्रचारित किया गया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से यह भी बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में क्या करें और क्या न करें। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या स्थानीय प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य न केवल नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार करना है, बल्कि संभावित दहशत को कम करना भी है। उन्होंने कहा कि आज रात 8: 00 से 8:15 बजे तक एयर स्ट्राइक की संभावना के मद्देनजर ब्लैकआउट ड्रिल की जाएगी। एनसीसी 12 हरियाणा बटालियन के कैडेट्स ने निभाई अहम भूमिका

इस अभ्यास में एनसीसी 12 हरियाणा बटालियन, सोनीपत के आपदा मित्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। हवाई हमले के बाद की संभावित आपात स्थिति जैसे भारी क्षति, घायलों की मौजूदगी, आगजनी व संरचनात्मक गिरावट की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें कैडेट्स ने 'घायलों' की भूमिका निभाई। रेस्क्यू टीमों ने स्ट्रेचर के माध्यम से उन्हें त्वरित प्राथमिक उपचार केंद्रों तक पहुंचाया और भावनात्मक संबल भी प्रदान किया। एनसीसी कैडेट्स और होमगार्ड बलों के बीच बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। जहां होमगार्ड बलों ने सुरक्षा घेरा, मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता दी, वहीं एनसीसी कैडेट्स ने नेतृत्व, अनुशासन और साहस के साथ राहत कार्यों को अंजाम दिया।12 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी करनाल अनूप रावत के मार्गदर्शन में यह अभ्यास संपन्न हुआ। मेजर संजय श्योराण और हवलदार मनीष के नेतृत्व में गांव नाहरा, हवलदार नीरज व हवलदार सोमवीर के नेतृत्व में गांव जाजी तथा सूबेदार संजय कुमार के नेतृत्व में गांव रेवली में एनसीसी कैडेट्स ने अभ्यास में भाग लिया। गांव जाजी में एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, गांव नाहरा में एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर तथा गांव रेवली में एमडी शुगर मिल सोनीपत अमित कुमार के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब सरकार का एक और बड़ा फैसला, तुरंत प्रभाव से जारी किए नए आदेश

चंडीगढ़ 31 मई (निस) पंजाब सरकार के परिवार कल्याण विभाग ने राज्य के सभी डॉक्टरों को निर्देश दिया है कि वे अब मरीजों के लिए दवा की पर्ची और बीमारी की पहचान बड़े या मोटे अक्षरों में लिखें। यह आदेश पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा 26 मई, 2025 को दिए गए ताजा निर्देशों के बाद जारी किए गए हैं। विभाग के निदेशक (परिवार कल्याण) द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पर्ची पर लिखी जानकारी स्पष्ट और पढ़ने में आसान हो। इससे दवाओं के गलत वितरण या समझने में होने वाली मुश्किलों को कम किया जा सकेगा। यह निर्देश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे तथा सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों पर लागू होंगे। यहां यह भी बता दें कि पहले कम्प्यूटरीकृत पर्चियां लिखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नए आदेशों के अनुसार अब हाथ से लिखी पर्चियां भी बड़े मोटे अक्षरों में होनी चाहिए। विभाग ने सभी सिविल सर्जनों और संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी डॉक्टर इन निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

## मोटरसाइकिल सवार लोगों ने गोलियां चलाकर दो को घायल किया

मोगा 31 मई (निस) मोगा ज़िले के ऐतिहासिक गांव बिलासपुर में दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर दो व्यक्तियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, आम आदमी पार्टी की ओर से सरपंची का चुनाव लड़ चुके स्पोर्ट्स क्लब प्रधान गुरमीत सिंह उर्फ गीता और उसका साथी अमनदीप सिंह अमना गांव बिलासपुर के बस स्टैंड पर खड़े थे, तभी दो हथियारबंद मोटरसाइकिल सवार आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग में घायल गुरमीत सिंह गीता को मोगा के मैडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अमनदीप सिंह अमना को हालत गंभीर होने के चलते डीएमसी लुधियाना रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मोगा ज़िले के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पंचायती चुनावों को लेकर बिलासपुर गांव में दो गुटों के बीच पहले से ही तनातनी चल रही थी और दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट की जा रही थीं।

## डिलीवरी ब्वाय को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कर रहा था ये घिनौना काम

लुधियाना 31 मई (निस) शहर के अधिकतर हिस्सों में घरेलू गैस सिलैंडर का खुलेआम दुरुपयोग और कालाबाजारी जोरो शोरों पर हो रही है। इसी बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाजायज तरीके से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, थाना जोधेवाल की पुलिस ने नाजायज तरीके से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की पहचान राजकुमार वासी मेहरबान के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की जाच शुरू कर दी गई है।

# खरड़ मास्टर प्लान में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, अफसरों की तनख्वाह अटैच करने के आदेश

खरड़ 31 मई (निस) खरड़ शहर के लिए संशोधित मास्टर प्लान तैयार करने में लगातार हो रही लापरवाही और अत्यधिक देरी को गंभीरता से लेते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पिछले कुछ दिनों से सख्त रुख अपनाया है। ऐसा लगता है कि अदालत अब इस मामले में कोई नरमी बरतने के मूड में नहीं है। गत 19 तारीख को जज हरकेश मनुजा ने मामले की सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि जब तक खरड़ का मास्टर प्लान संशोधित नहीं हो जाता और इसकी अधिसूचना जारी नहीं हो जाती, तब तक खरड़ में किसी भी प्रकार के निर्माण की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस मामले की सुनवाई 27 मई को थी। इस पर भी कोर्ट ने अपने पुराने फैसले को बरकरार रखते हुए किसी भी तरह के निर्माण को वर्जित रखा है। इतना ही नहीं, कोर्ट ने इस मामले में पंजाब सरकार के तीन अधिकारियों का वेतन भी कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं और मामले की अगली सुनवाई अब 23 सितंबर 2025 तय की गई है। आपको बता दें कि खरड़ का आखिरी मास्टर प्लान 25 मई 2010 को नोटिफाई किया गया था, जबकि पंजाब क्षेत्रीय नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत हर 10 साल बाद इसकी समीक्षा और संशोधन करना अनिवार्य है। लेकिन 15 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी इसे गंभीरता से लेने की बजाय खरड़ में सभी कानूनों का उल्लंघन करते हुए अवैध, बेतरतीब निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण न केवल शहर की सूरत पर बुरा असर पड़ा है, बल्कि आम लोग बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित नजर आ रहे हैं। इससे इसके पीछे बड़े पैमाने पर लापरवाही उजागर हुई है। इसके मद्देनजर ओमेगा इंफ्रा एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिनांक 25/10/24 को डबल बेंच के आदेश का पालन न करने तथा न्यायालय के आदेशों के उल्लंघन के संबंध में अपील दायर की गई, जिसमें कहा गया कि अधिकारी जानबूझकर न्यायालय के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। इस केस की अब तक की कार्यवाही पर नजर डालें तो इसी वर्ष 31 जनवरी को नगर कौंसिल खरड़ से एम.ई. विनय महाजन द्वारा अदालत में पेश होकर आवश्यक दस्तावेज अगली 5 फरवरी तक डी.टी.पी, को सौंपे डाने का भरोसा दिया गया था जबकि गत 11 फरवरी को नगर परिषद ने जी.आई.एस. आधारित भूमि उपयोग योजना एवं संपत्ति सर्वेक्षण के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन इसी माह की 2 मई को अपने तबादले और पहले कार्य साधक अधिकारी रवि कुमार जिंदल ने एक शपथ पत्र में बताया था कि प्रथम टेंडर प्रक्रिया सफल नहीं रही थी।

# पंजाब पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता


फिरोजपुर 31 मई (निस) जिला फिरोजपुर पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाई नशों के खिलाफ जंग मुहिम तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न मामलों में तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करोड़ों रुपए की कीमत की 2 किलो 166 ग्राम हेरोइन एवं 1 लाख 30 हजार रुपए की ड्रग मन्नी बरामद करने में सफलता हासिल की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ थाना सदर फिरोजपुर, थाना सिटी फिरोजपुर और थाना घल्लखुर्द में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। इस संबंध में जानकारी देते हुए फिरोजपुर के एसएसपी भूपिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है और उक्त टीमों के नेतृत्व में थाना घल्लखुर्द के एएसआई रेशम सिंह ने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचने के अधार पर छापेमारी करके नशा तस्कर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र सुच्चा सिंह वासी निहाला किलचा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 किलो 62 ग्राम हेरोइन एवं 1 लाख 30 हजार रुपए की नगदी बरामद की है।

एक अन्य मामले में थाना सीआईए स्टाफ फिरोजपुर के इंस्पैक्टर मोहित धवन को पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना थी कि राजविन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह वासी गांव किलचे पाकिस्तन के समगलरों से फोन पर बात करके ड्रोन के जरिए हैरोईन मंगवाता है और उसने आज भी हेरोइन की डिलवरी ली है, जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके राजविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 102 ग्राम हैरोईन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा तीसरे मामले में थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई सुखचैन सिंह ने पुलसि पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान किले वाला चौंक के नजदीक से नशा तस्कर अनमोल उर्फ ककड़ी पुत्र स्व.सोनू वासी बस्ती सुनवा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एसएसपी फिरोजपुर ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है और इस मामलें में अह्म सुराग हाथ लगने की संभावना है।

# पंजाब में खौफनाक वारदात! गोलियां की आवाज से दहला इलाका, लोगों में दहशत

होशियारपुर 31 मई (निस) पंजाब में एक बार गोलियां चलने की वारदात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, चब्बेवाल थाने के गांव बोहन में उस समय दहशत का माहौल बन गया जब एक युवक ने अपने ही चाचा पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस दौरान चाचा ने भाग कर अपनी जान बचाई। मौके से मिली जानकारी के अनुसार सुखवंत सिंह पुत्र साधु सिंह निवासी बोहन, थाना चब्बेवाल ने थाना चब्बेवाल की पुलिस को बताया कि कल सुबह वह अपनी कार नंबर (पी.बी. 07 ए.एम. 6515) में सड़क किनारे किसी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसका भतीजा गुरप्रीत सिंह पुत्र बाबा सिंह अपने साले अविनाश निवासी ड्रोली खुर्द के साथ पहले से ही वहां मौजूद था। गुरप्रीत सिंह ने अपनी रिवॉल्वर से उस पर गोली चला दी। गोलियां चलते ही सुखवंत सिंह अपनी कार छोड़कर जान बचाने के लिए भागा। हमलावर गुरप्रीत सिंह ने भी अपने चाचा पीछे फिर गोलियां चलाईं, लेकिन वह बच गया। मौके पर पहुंची चब्बेवाल थाने की पुलिस ने मौके से चार-पांच खाली खोल भी बरामद किए हैं।

# महाविद्यालय में 42 विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



**लाडवा, 31 मई ( रामगोपाल ) :** इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आज कॉलेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए संयोजिका सुनीता रानी और डॉ. प्रियंका ने विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल जी उपस्थित रहे। उन्होंनें सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में आज नशे के प्रति पुरुषों और महिलाओं का रुझान दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार देश के 25 प्रतिशत लोग शराब के सेवन के आदि हो चुके है। धूम्रपान के साथ-साथ इस प्रकार के अनेक खतरनाक रासायनिक नशे बाजार में आ चुके है, जो हमारे युवाओं के जीवन को नष्ट कर रहें है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस बुराई से दूर रहने के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सुनीता रानी ने भी सभी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि नशे से हमारा शरीर तो नष्ट होता ही है, साथ ही उस परिवार का सामाजिक व आर्थिक पतन भी हो जाता है। इस शपथ कार्यक्रम में 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. हरनीत कौर, डॉ. नीतू भी उपस्थित रहे।

# श्रद्धाभाव से मनाया श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी समागम, गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब व बादशाही बाग में हुए समागम

**निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 500 मरीजों ने उठाया लाभ**

**बच्चों ने शबद कीर्तन के साथ गुरमत प्रतियोगिता में दिखाए प्रतिभा के जौहर**



**अंबाला, 31 मई ( कवलजीत सिंह ):** गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर एवं गुरुद्वारा बादशाही बाग में शहीदों के सरताज धन-धन श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। शहीदी दिवस पर दोनों गुरुद्वारा साहिबान में कीर्तन समागम करवाया गया, जिसमें रागी जत्थों ने शबद कीर्तन संगत को भाव विभोर किया। गुरुद्वारा मंजी साहिब में ज्ञानी जसवंत सिंह बडाना के ढाडी जत्थे ने अपनी ढाडी वारों से गुरु इतिहास सांझा किया, जबकि भाई दविंदर सिंह गुरुद्वारा अंबाला वालो, हरसिमरन सिंह, हैड ग्रंथी सतनाम सिंह और सुखदेव सिंह व सतनाम सिंह अंबाला छावनी वालो ने भी संगत के दर्शन किए। इसके साथ ही अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने जहां शबद कीर्तन किया, वहीं गुरमत प्रतियोगिता में भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। गुरुद्वारा बादशाही बाग में श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा सोसायटी की मैंबर बीबी कुलविंदर कौर ने शबद कीर्तन किया, जबकि कुलवंत सिंह ने शबद किया। इसके साथ ही सुखप्रीत सिंह निर्वाण और भाई गुरिंदरदीप सिंह और साहिब सिंह ने श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के जीवन प्रसंग पर कथा विचार किया।पूर्व कार्यकारिणी समिति मैंबर तरविंदरपाल सिंह ने बताया कि समागम में स्वास्थ्य विभाग, नागपाल अस्पताल एवं मेहंदीरत्ता अस्पताल की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसका 500 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर की प्रभारी बीबी कुलविंदर कौर रही। टीपी सिंह ने बताया कि कैंप में स्वास्थ्य विभाग के 5, नागपाल अस्पताल के 2 तथा मेहंदीरत्ता अस्पताल के 2 डाकटरों ने अपनी सेवा दी। शिविर में खूनजांच, एकस-रे तथा जरुरतमंद मरीजों को दवाईयां भी निशुल्क दी गई। कैंप में जनरल डा.संतोष एवं डा.पियूश एवं डा.मोनिका, हड्डियों के डॉक्टर विजय बंसल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.रजनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. निशी गहलावत अपना सहयोग दिया। इसके अलावा शिविर में 40 मरीजों के फुल बोडी टैस्ट किए गए, जबकि 22 मरीजों के एकस-रे किए गए। इसके साथ ही कुछ मरीजों के दांतों की जांच भी की गई।समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर गुरतेज सिंह, पूर्व कार्यकारिणी समिति मैंबर तरविंदरपाल सिंह, भूपिंदर सिंह चढ्डा, जेपी सिंह, कवलजीत सिंह नरूला, जगजीत सिंह, महिंदरपाल सिंह, इंदरपाल सिंह, कवलजीत सिंह, बीबी कुलविंदर कौर, मैनेजर प्रितपाल सिंह, सुरजीत सिंह, सतिंदरपाल सिंह, प्रीतम सिंह, साहब सिंह, हरभजन सिंह, मनप्रीत सिंह अलग-अलग सभा सोसायटियों के पदाधिकारी एवं संगत मौजूद रही।

# त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है गुरु अर्जन देव जी का जीवन : जगदीश सिंह झींडा

**हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने टॉपर विद्यार्थी एवं कमेटी सदस्यों को किया स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित**



तरावड़ी, 31 मई (छाया शर्मा): हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने अत्याचार के विरुद्ध सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है। धर्म की रक्षा और सामाजिक सौहार्द के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों तक समस्त मानव जाति को सच्चाई, साहस और करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान जगदीश सिंह झींडा तरावड़ी शहर के ऐतिहासिक शीशगंज गुरूद्वारे में आयोजित पंचमी पर्व के अवसर पर सिख संगत को संबोधित कर रहे थे। पंचमी पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हिस्सा लिया। यहां हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर व सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। पंचमी पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक शीशगंज गुरूद्वारे में रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। गुरू का सुंदर दरबार सजाया गया। हजारों की संख्या में पहुंची संगत ने लंगर ग्रहण किया। गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने सबसे पहले गुरू के सजे दरबार में मत्था टेककर अरदास की। इसके बाद उन्होंने कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैथल जिले के अर्पणदीप सिंह को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। झींडा ने कहा कि ये होनहार विद्यार्थी पूरे हरियाणा के लिए गौरव का विषय हैं और युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाले आदर्श बनकर उभरा हैं। उन्होंने गुरुओं के आदर्शों को अपनाने और मानवता की सेवा में समर्पित रहने का भी संदेश दिया। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी शिक्षा को भी समर्पित है। शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा दिए जाने को लेकर ठोस कदम उठाऐ जाऐंगे। यही नही गुरूद्वारों की सेवा व रख-रखाव संभाल के लिए भी कमेटी अच्छे इंतजाम करेगी। इस अवसर पर मैनेजमैंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर सौंकड़ा, करनैल सिंह निमरबाद, गुरनाम सिंह लाडी, गुलाब सिंह मुणक, बलविंद्र सिंह भिंडर, बलदेव सिंह हाबड़ी के अलावा नच्छतर सिंह सौंकड़ा, सुरेंद्र सिंह सोनू रंबा, मैनेजर प्रीतम सिंह, गुरप्रताप सिंह विर्क, सर्बजीत सिंह संधू, इकबाल सिंह व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्यासे को गर्मी में पानी पिलाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : सुभाष गुप्ता

***नगरपालिका के पूर्व पार्षद सेठी पांचाल ने सौंकड़ा-नड़ाना रोड पर लगाया मीठे जल की छबील***

**तरावड़ी, 31 मई ( छाया शर्मा ):** सिखो के पांचवे गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर नगरपालिका के पूर्व पार्षद सेठी पांचाल



की ओर से सौकड़ा-नड़ाना रोड पर ठंडे व मीठे जल की छबील लगाई गई। जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों एवं आटो में जाने वाली सवारियों को तपती गर्मी के मौसम में ठंडे व मीठा जल पिलाया गया। इस अवसर पर मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने भी काफी देर तक जल सेवा की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी को देखते हुए तपती धूप में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। सौंकड़ा रोड पर ठंडे व मीठे जल की छबील लगाकर लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया। युवाओं ने मार्ग से गुजरने वाले हर वाहन को रोक रोक कर मीठा पानी पिलाया। नगरपालिका के पूर्व पार्षद सेठी पांचाल ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। उन्होने कहा कि हमें समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। इस तरह के कार्य से पुण्य का फल भी मिलता है। इस अवसर पर काफी संख्या में गणमान्य लोगों के साथ-साथ दुकानदार मौजूद रहे।

# प्रशासन की ओर से जिला लघु सचिवालय में हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास

## ऑपरेशन शील्ड की मॉक ड्रिल में सांय 5 बजे सायरन बजने से सभी हो गए सचेत एवं सतर्क

**एसडीएम अनुभव मेहता ने मॉक ड्रिल की हर गतिविधि पर रखी पैनी नजर**








**करनाल, 31 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** नागरिक सुरक्षा अभ्यास-2 के तहत शनिवार शाम 5 बजे जिला लघु सचिवालय में ऑपरेशन शील्ड को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला में योजनाबद्ध तरीके से नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया गया, जिसमें आपदा की स्थिति में हुई जान माल की रक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार व हरियाणा द्वारा आयोजित नागरिक सुरक्षा अभ्यास-2 के तहत करनाल जिला में नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया का परीक्षण और सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में सायं 5 बजे साइरन के साथ लघु सचिवालय में ऑपरेशन शील्ड का अभ्यास शुरू हुआ और जिन भवनों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल पर लोग मौजूद थे। वे तुरंत प्रभाव से भू तल पर आ गए और सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। जहां कहीं भी आपदा की स्थिति के दौरान लोग ऊपरी तलों पर फंस गए थे, उन्हें सुरक्षित तरीके से फायर बिग्रेड कर्मियों, एसडीआरएफ, एनसीसी, वाईआरसी, पुलिस व आपदा मित्रों द्वारा नीचे उतारा गया और इलाज के लिए निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाया गया।

**आमजन को जागरूक करने के लिए की गई मॉक ड्रिल, अफवाहों पर न दे ध्यान : एसडीएम**

एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि शाम 5 बजे सायरन बजाकर सरकारी विभागों और स्वयंसेवकों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि ऐसी स्थिति आने पर आश्रय के रूप में एक सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। फॅमिली ड्रिल्स का अभ्यास करें, लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं की अनुपालना करें।

**क्षेत्र की गतिविधियों की रिपोर्ट तत्काल पुलिस को दें**

एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति में क्या करें और क्या न करें और क्या-क्या सावधानियां बरतने के उद्देश्य से करवाई गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को दें। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य राज्य में इमरजेंसी तैयारियों को देखना और युद्ध या हवाई जहाज व ड्रान हमले की सूरत में जवाब देने की क्षमता को बढ़ाना है। इसके अलावा संकट के समय जल्द और सही मदद हो सके, आम लोगों, सुरक्षा बलों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना है। साथ ही नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना तथा विकट स्थिति के दौरान बड़े पैमाने पर दहशत की संभावना को कम करना है।

**ब्लैक आउट की अपील** - मॉक ड्रिल के मद्देनजर एसडीएम अनुभव मेहता ने प्राधिकरण के सभी सदस्यों सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि के साथ बैठक भी की और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों की समीक्षा की। करनाल जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार की शाम 8ः00 से 8ः15 बजे तक मॉक ड्रिल में ब्लैक आउट करने की अपील भी की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपने घर की लाइट उक्त अवधि में बंद रखें और इंडोर व आउटडोर की लाइट जिसमें इन्वर्टर से भी बिजली आपूर्ति चालू न रखें। इस दौरान डीएसपी नायब सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक, जिला सैनिक बोर्ड के प्रतिनिधि अनिल कथुरिया, शिक्षण संस्था के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल आयोजित

***सरकारी एजेंसियों की तैयारी का मूल्यांकन करना मुख्य उद्देश्य : एसडीएम सत्यवान सिंह मान***

**सफीदों, 31 मई ( एस.के. मित्तल ) :** जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को लघु सचिवालय परिसर में द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ऑपरेशन शील्ड के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस





अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में सरकारी एजेंसियों की तत्परता और प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन करना था। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान सायरन की कार्यप्रणाली की जांच की गई और विभिन्न बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से सभी एजेंसियों को वास्तविक आपातकालीन स्थिति में बेहतर समन्वय और कार्रवाई की दिशा में मदद मिलती है। एसडीएम मान ने यह भी बताया कि ऐसी किसी स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शीघ्र अस्पताल पहुंचाना प्राथमिकता होती है। इस मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, होमगार्ड, एनसीसी, स्वास्थ्य विभाग और फायर बिग्रेड सहित अन्य अहम विभागों ने भाग लिया और अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए विभागीय समन्वय और संसाधनों की उपलब्धता बेहद आवश्यक होती है। इसके लिए सभी विभाग किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अधिकारी व कर्मचारी अपने विभाग से संबंधित सभी प्रबंध पूरे रखें और ऐसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए सदैव सतर्क रहें। इसके साथ ही आम जनता की सकारात्मक भूमिका भी आपदा के प्रभाव को कम करने में सहायक होती है। इस अवसर पर डीएसपी जितेन्द्र कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिर्चपुर व गैबी नगर के गणमान्य लोगों से नशा, ट्रैफिक व साईबर क्राइम पर की चर्चा : डीएसपी राज सिंह



**हांसी,31 मई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक अमित यशावर्धन भा.पु.से. के निर्देशानुसार ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत पुलिस उप अधीक्षक नारनौंद राज सिंह ने गांव मिर्चपुर व गैबी नगर का दौरा कर ग्राम वासियों को नशे, साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक किया। गांव पहुंचने पर सरपंच और मोजीज व्यक्तियों ने उप पुलिस अधीक्षक महोदय का स्वागत किया। पुलिस उप अधीक्षक ने ग्राम वासियों से मुलाकात कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया । उन्होंने ने आमजन से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो अपराधो पर नियत्रंण पाया जा सकता है और अपराधो में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि गांव में आपसी भाईचारा वा सौहार्द बना कर रखें । उप पुलिस अधीक्षक ने थाना नारनौंद के गांव मिर्चपुर व गैबी नगर का भ्रमण कर आमजन की शिकायतें सुनी तथा शिकायतों को संबन्धित थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए । उप पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमे ट्रैफिक नियमों की पालना भी करनी होगी। वाहन चलाते समय नियमो का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने ने साइबर क्राइम के बारे में जागरुक करते हुए कहा कि साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे है। पुलिस समय समय पर साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं को लेकर नागरिको को सतर्क करती रहती है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। आप सब भी सचेत रहे। पुलिस नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका इलाज भी करवा रही है। गांव में किसी भी नागरिक को नशा तस्करी के बारे ने सूचना मिले तो तुरंत पुलिस कंट्रोल में सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO.1945
Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
sling
dish CH. NO. 748-008
amazon fire TV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba
STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI
EKOM FLIX
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com